वर्ष-32, अंक- 03, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
16 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### पूर्व सदर सीओ शैलेश कुमार गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

**रांची/हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को हजारीबाग जिले में सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की। एसीबी ने तत्कालीन सदर सीओ शैलेश कुमार को रांची से गिरफ्तार कर लिया और उन्हें हजारीबाग कोर्ट में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने कोर्ट में बताया कि उन्हें बीपी की शिकायत है और इलाज चल रहा है। लेकिन, कोर्ट ने जेल में इलाज कराने की सलाह के साथ उन्हें जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि यह पूरा मामला हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त विनय कुमार चौबे से जुड़ा हुआ है। उनके कार्यकाल के दौरान का यह मामला है। इस प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण वाद संख्या 11/2025 के तहत कुल 73 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इनमें से 68 नामजद हैं। मामला 25 सितंबर 2025 को दर्ज किया गया था।

### त्योहारों में डिजिटल भुगतान करते समय रहें सावधान : एनपीसीआई

**रांची।** त्योहारों के मौसम में बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी के बीच साइबर ठगी के मामले भी बढ़ रहे हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एनपीसीआई ने कहा कि खरीदारी केवल आधिकारिक ऐप या वेबसाइट से करें और किसी भी अनजान लिंक या फर्जी प्रस्ताव पर क्लिक न करें।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




# रांची के कटहल मोड़ में कारोबारी पर अंधाधुंध फायरिंग, हालत गंभीर

- बाइक सवार हमलावर फरार, पुलिस कर रही मामले की जांच
- फायरिंग से कटहल मोड़ इलाके में अफरातफरी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राजधानी रांची के कटहल मोड़ में बुधवार की दोपहर बाइक सवार अपराधियों ने सीमेंट कारोबारी राधेश्याम साहू पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस फायरिंग में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल पल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ज्ञात हो कि 45 वर्षीय राधेश्याम साहू कटहल मोड़ मार्केट एरिया में शांभवी इंटरप्राइजेज नाम की छड़-सीमेंट की दुकान चलाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राधेश्याम साहू अपनी दुकान के बाहर कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और बिना किसी बातचीत या विवाद के दोनों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। फायरिंग से कटहल मोड़ इलाके में अफरातफरी मच गई। राधेश्याम साहू पर गोली चलाने के बाद हमलावर फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से राधेश्याम साहू को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें पांच से छह गोलियां लगी हैं।

इधर, सूचना मिलते ही रांची के ग्रामीण एसपी, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी और पुंदाग ओपी प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, घटनास्थल से कई खाली खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल पर जांच करवाई गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को कुछ सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे हैं, जिसमें अपराधी नजर आ रहे हैं। रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के अनुसार, अज्ञात अपराधियों द्वारा कारोबारी को गोली मारी गई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। राधेश्याम के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, गोलीबारी करने वाले अपराधियों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं। आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर उनकी तलाश शुरू की गई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और गोलीबारी में इस्तेमाल किए गए हथियारों के प्रकार का भी पता लगाया जा रहा है। साथ ही, इस बात की जांच की जा रही है कि राधेश्याम की किसी से व्यावसायिक या निजी रंजिश तो नहीं थी। परिवार के लोगों से भी इस संबंध में जानकारी ली जा रही है। कटहल मोड़ व्यस्त व्यावसायिक इलाका है। वारदात के बाद स्थानीय व्यापारियों में दहशत व्याप्त है। व्यावसायिक संगठनों ने पुलिस से हमलावरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है।




### अपराध नियंत्रण के लिए लागू हो योगी मॉडल : संजय सेठ



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के कटहल मोड में अपराधियों द्वारा एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर की गई गोलीबारी पर राज्य की शासन व्यवस्था को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने पूरे सिस्टम पर कई सवाल खड़े किए हैं। इसके साथ ही रक्षा राज्य मंत्री ने झारखंड में अपराध नियंत्रण के लिए योगी मॉडल लागू करने की वकालत की है। संजय सेठ ने कहा कि अपराधियों की गोलीबारी से एक बार फिर राजधानी रांची थर्राई है। अपराधियों का तांडव बेरोक-टोक जारी है। पूरा सिस्टम मूकदर्शक बना हुआ है। यह अब समझ से परे हो चुका है कि आखिर राजधानी में लोग जैसे अपना व्यवसाय करेंगे? आखिर कैसे इस शहर में लोग सुरक्षित रहेंगे? आज कटहल मोड पर व्यवसायी राधेश्याम साहू को अपराधियों ने गोली मारी है। उन्होंने कहा कि यह शासन प्रशासन को खुली चुनौती है। रांची में हर वर्ग अपराधियों के लगातार निशाने पर है। चेन छिनतई तो रांची के लिए रूटीन घटना हो चुकी है। राजधानी की जनता दहशत में है, सुदूरवर्ती क्षेत्र की स्थिति का अंदाज हम सहज रूप से लगा सकते हैं। आखिर रांची के जनता को सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? ऐसा लग रहा है जैसे बिहार वाला जंगल राज, अब झारखंड में शिफ्ट हो चुका है और रांची अपराधियों की राजधानी बन चुकी है। प्रशासन अपराधियों पर ठोस कार्रवाई और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संजय सेठ ने कहा कि राजधानी सहित पूरे राज्य में अपराध नियंत्रण के लिए एक ही इलाज है कि यहां योगी मॉडल लागू किया जाए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने फेसबुक पर इस वारदात का जिक्र किया है।

### रांची में व्यापारी के साथ गोलीकांड, की घटना चिंतनीय : झारखंड चैंबर

**रांची।** कटहल मोड़ के पास बुधवार को सीमेंट कारोबारी के साथ हुई गोलीकांड की घटना की जानकारी मिलने पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल और कोऑर्डिनेशन विद एफिलिएटेड के चेयरमैन साहित्य पवन ने तत्काल पल्स अस्पताल पहुंचकर घायल कारोबारी के परिजनों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मौके पर ही ग्रामीण एसपी एवं रातू थाना प्रभारी से भी बात कर घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। उन्होंने राजधानी के भीड़-भाड़ वाले इलाके में खुलेआम गोलीकांड की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक बताया और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह जानकारी देते हुए एफजेसीसीआई के महासचिव रोहित अग्रवाल ने बताया कि राजधानी रांची में घटित घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए आज चैंबर भवन में भी बैठक हुई। यह कहा गया कि ऐसी घटनाओं से लोगों विशेषकर व्यापारियों में भय का माहौल बनता है।

### खजूरी नौडीहा में पारा शिक्षक को गोली मारी

## घर लौटते समय बाइक सवार अपराधियों ने चलायी गोली, हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के खजूरी नौडीहा में बुधवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने पारा शिक्षक निजामुद्दीन अंसारी को गोली मार दी। उनके शरीर में तीन गोलियां लगी हैं। गंभीर रूप से घायल अंसारी को स्थानीय लोगों ने छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।घटना के बारे में बताया गया कि निजामुद्दीन अंसारी स्कूल के बाद अपने गांव में किराना दुकान भी चलाते थे। बुधवार शाम दुकान बंद कर जब वे घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगने के बाद अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई इलाकों में छापेमारी की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल में जुट गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बेहाल है।

## 'महाभारत' के 'कर्ण' पंकज धीर का निधन

- मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार
- सलमान खान सहित फिल्म व टीवी इंडस्ट्री के कई लोग पहुंचे



**मुंबई (आईएएनएस)।** मशहूर अभिनेता पंकज धीर का 68 साल की उम्र में कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद बुधवार को निधन हो गया। उन्हें बीआर चोपड़ा के आइकॉनिक टीवी सीरियल 'महाभारत' में कर्ण का किरदार निभाने के लिए दुनियाभर में पहचान मिली। उनकी मौत की खबर की पुष्टि उनके सह-कलाकार और 'महाभारत' में अर्जुन बने फिरोज खान ने अपने सोशल मीडिया पर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, एक सज्जन व्यक्ति ने दुनिया को अलविदा कह दिया। आपकी बहुत याद आएगी दोस्त पंकज धीर।

अभिनेता पंकज धीर का अंतिम संस्कार बुधवार को ही मुंबई के विले पार्ले (पश्चिम) के पवन हंस श्मशान घाट में हुआ, जहां फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के कई लोग अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे। हाई सिक्योरिटी के बीच सलमान खान पंकज धीर की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वह पंकज और उनके बेटे निकितिन धीर के साथ करीबी रिश्ता रखते हैं। इस दौरान सलमान खान ने भावुक निकितिन को सांत्वना दी और उन्हें गले लगाया।

पंकज धीर के बेटे निकितिन धीर भी पिता की तरह एक अभिनेता है। उन्हें 'जोधा अकबर' और 'चेन्नई एक्सप्रेस' जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। पंकज धीर ने सलमान खान के साथ 'सनम बेवफा' और 'तुमको ना भूल पाएंगे' में काम किया था। दिवंगत अभिनेता के बेटे निकितिन धीर ने भी सलमान के साथ 'रेडी' और 'दबंग 2' जैसी फिल्मों में काम किया है।

### असफलता, सफलता की पहली सीढ़ी है

## थॉमस 1400 बार असफल हुए फिर भी बल्व बना दिया : चौहान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बुधवार सीएम एक्सीलेंस बालिका प्लस टू उवि बरियातू में 548 वां व हाई स्कूल बोडिया में 549 वां खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास में बच्चों का उत्साह चरम पे रहा। सीएम एक्सीलेंस में कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन प्रिंसिपल दीपक सिंह ने किया। बोडिया हाई स्कुल में प्रिंसिपल आनंद मिंज ने किया। सीएम एक्सीलेंस बालिका प्लस टू में 700 से अधिक छात्राओं ने जिस तरह हाथ उठाकर खुशी क्लास को अपना अभिभावक मान गर्मजोशी से स्वागत किया, दिल गदगद हो गया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन, हाईपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति को समाज से खदेड़ ही देनी है। सकारात्मक माहौल में घर के आंगन और स्वयं दिल में खुशी के दीप को जलाए रखना है। जिंदगी हमें जिंदादिली से जीने को मिली है। इसे हम तनाव-डिप्रेशन के हवाले तो कदापि नहीं करेंगे। सकारात्मकता आपके आत्मबल और हौसले को जबरदस्त रूप से बढ़ाता है। खुशी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि हमेशा हंसते ही रहें। खुशी आपके आत्मशक्ति में छुपी है। किसी भी तरह के दर्द-पीड़ा, झंझवत का मुकाबला सकारात्मक भाव से करें। तनाव-निराशा खुद पर हावी न होने दें। खुशियों का स्वागत दिल खोल कर करें और मुश्किलों का सामना सकारात्मक भाव से करें। सही मायने में यही खुशी है।

शेष पेज 11 पर...

# घाटशिला उपचुनाव का सज गया रण सोमेश व बाबूलाल आमने-सामने

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** घाटशिला विधानसभा सीट के उपचुनाव का रण सज चुका है। इस उपचुनाव में दोनों योद्धा आमने-सामने आ चुके हैं। बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जहां राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। अब यह मुकाबला प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। झामुमो द्वारा सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाने में रणनीति स्पष्ट है कि पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की मृत्यु से उपजी सहानुभूति के सहारे आदिवासी वोट प्राप्त कर अपने गढ़ को सुरक्षित रखना चाहती है। वहीं, भाजपा की रणनीति इस उपचुनाव में मुकाबले को 'सोरेन बनाम सोरेन' शेष पेज 11 पर...

### झामुमो ने दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के बेटे सोमेश को बनाया उम्मीदवार

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने सोमेश सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। वे राज्य में शिक्षा मंत्री रहे इस सीट के दिवंगत विधायक रामदास सोरेन के पुत्र हैं। झामुमो के अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक में सोमेश सोरेन को उम्मीदवार बनाए जाने का फैसला लिया गया। घाटशिला सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। वर्ष 2024 के चुनाव में यहां जीत दर्ज करने वाले रामदास सोरेन के निधन के चलते यह सीट रिक्त हुई। घाटशिला उपचुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच होने की उम्मीद है।

### भाजपा ने चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल को बनाया प्रत्याशी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में बाबूलाल सोरेन को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से बुधवार को जारी पत्र में इसकी घोषणा की गई है। बाबूलाल सोरेन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र हैं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा शेष पेज 11 पर...

### घाटशिला विस क्षेत्र में पुरुषों से अधिक महिला वोटरों की संख्या

रांची। घाटशिला विस उपचुनाव में कुल 2,55,823 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इनमें 1,24,899 पुरुष और 1,30,921 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार, इस विधानसभा सीट पर महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। विशेष पुनरीक्षण के दौरान पुरुष मतदाताओं में 1,585 और महिला मतदाताओं में 2,871 की वृद्धि दर्ज की गई। विधानसभा क्षेत्र में 218 लोकेशन पर कुल 300 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 12 नए मतदान केंद्र जोड़े गए हैं। वहीं, तीन पुराने मतदान केंद्रों का अन्य केंद्रों के साथ विलय किया गया है। घाटशिला विधानसभा सीट पूर्वी सिंहभूम जिले शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# नए दोस्त कट्टरपंथी तालिबान से पुराने दुश्मन पाक को साधने की नीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारतीय राजनीति के प्रमुख रणनीतिकार चाणक्य ने कहा है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है और वैश्विक स्तर पर अपनी लचीली विदेश नीति से विश्व पर धाक जमा चुके भारत ने इस नीति का पालन कर सबको चौंकाया भी और आलोचना भी सुनी । भारत कट्टरपंथी अफगानिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसके रिश्ते पाकिस्तान से तनावपूर्ण बने हुए हैं और सीमा पर संघर्ष छिड़ा हुआ है। भारत 1999 में कश्मीरी उग्रवादियों द्वारा अपने विमान के अपहरण की अपमानजनक घटना से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है, जिसका अंत कंधार में हुआ था। भारत यह नहीं भूला है कि जब वह अफगानिस्तान में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहा था, तो उसके कर्मचारियों एवं कार्यालयों पर हमला किया गया था। अभी सत्ताधारी तालिबानी लगभग पहले दो दशकों तक पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे थे जो अब पाकिस्तान के कट्टर दुश्मन हैं । बुद्ध की मूर्ति तोड़ने से लेकर इनका महिलाओं व जातीय अल्पसंख्यकों के साथ कठोर व्यवहार के बावजूद भारत तालिबान के साथ फिर से बातचीत कर रहा है। इसे रणनीतिक जरूरत के रूप में देखा जा रहा है, पर यह जोखिमों और विडंबनाओं से भरा है। तालिबानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की नई दिल्ली यात्रा के दौरान, भारत सरकार ने अफगानी दूतावास में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जिससे कथित तौर पर महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया।विपक्ष की आलोचना और सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद, मुत्ताकी ने आगरा के ताजमहल का दौरा रद्द कर दिया और मीडिया के साथ एक और बैठक की, जिसमें महिलाओं को आगे बैठाया गया और उनके प्रवेश पर रोक को एक 'तकनीकी गड़बड़ी' बताया। उन्होंने अफगान महिलाओं के साथ व्यवहार के बारे में मीडिया के कठिन सवालों के जवाब तो दिए, लेकिन इस आयोजन का इस्तेमाल अपनी उस सोच को आगे बढ़ाने के लिए किया, जो दुनिया की समझ के बिल्कुल विपरीत है। 40 अन्य देशों के साथ भारत ने धीरे-धीरे काबुल के साथ अपने संबंधों को विकसित किया है। वह पूर्व की तरह अफगानिस्तान के विकास में सावधानीपूर्वक और क्रमिक रूप से मदद करना चाहता है।2002-2021 में भारत ने विकास कार्यों पर लगभग तीन अरब डॉलर का निवेश किया था । अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान, मुत्ताकी ने हेरात प्रांत में सलमा बांध का जिक्र किया, जिसे भारत ने भारी धन और जान-माल की कीमत पर बनवाया था। मुत्ताकी ने जम्मू-कश्मीर पर भारत की 'संप्रभुता' की घोषणा की, जिससे इस्लामाबाद का नाराज होना स्वाभाविक है।अफगानिस्तान और पाकिस्तान का संबंध जटिल और स्वाभाविक रूप से प्रतिकूल हैं, लेकिन यह भी सच है कि अफगानिस्तान चारों ओर से स्थल-रुद्ध है और समुद्र तक पहुंच तथा दैनिक आपूर्ति के लिए पाकिस्तान पर निर्भर है। भारत ने काबुल स्थित अपने दूतावास में अपने 'तकनीकी मिशन' को उन्नत किया है और वीजा प्रक्रियाओं को आसान बनाया है। तालिबान सरकार और उसके नेता वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के अधीन हैं। ट्रंप प्रशासन पश्चिम और दक्षिण एशिया के लिए अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है। तालिबानी चतुर सौदेबाज हैं और अब तक अमेरिकी प्रस्तावों को ठुकराते रहे हैं। ट्रंप पाकिस्तान की मदद से फिर से अपनी पकड़ बनाना चाहते हैं, वे सेना प्रमुख मुनीर का स्वागत कर रहे हैं। तालिबान के शासन में चार साल से भी अधिक समय से अफगानिस्तान एक अस्थिर मुल्क है, जिसका मानव विकास सूचकांक दुनिया के सबसे निचले स्तर पर है। उनके कठोर शासन ने किसी भी घरेलू बहस या विरोध को जगह नहीं दी है। भारत को सोच-समझकर कदम उठाने होंगे, क्योंकि अमेरिका अफगानिस्तान में वापसी की कोशिश कर रहा है, जहां चीन भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।




## बीआईटी मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह में 1400 से अधिक छात्रों को मिली डिग्री

- ज्ञान का सदुपयोग कर जीवन में बदलाव लाएं : इसरो चीफ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिरला प्रोद्यौगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा में 35वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। सामारोह में 1400 से अधिक छात्रों को डिग्री दी गई। मौके पर इसरो के चेयरमैन डॉ वी नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक उत्सुकता, निरंतर लर्निंग एवं देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

डॉ वी नारायणन ने कहा कि आप अपनी पेशेवर यात्रा की शुरूआत करने जा रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि आप सहानुभूति, आपसी सहयोग एवं प्रयोजन के सिद्धान्तों को याद रखें। यह सिद्धान्त जीवन में सफलता पाने के लिए बेहद ज़रूरी हैं। आपने इस प्रतिष्ठित संस्थान में जो ज्ञान एवं मूल्य हासिल किए हैं, उनका सदुपयोग कर जीवन में बदलाव लाएं और दुनिया की मुश्किल चुनौतियों को हल करने का प्रयास करें। आप सभी को बधाई, अनंत अवसरों से युक्त उज्जवल भविष्य आपके सामने है। संस्थान के वाईस चांसलर और प्रोफेसर इंद्रानिल मन्ना ने सालाना गतिविधि रिपोर्ट पेश की तथा अनुसंधान, इनोवेशन एवं विश्वस्तरीय साझेदारियों में बीआईटी मेसरा की प्रमुख उपलब्धियों पर रोशनी डाली।

बीआईटी मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में 1000 अंडरग्रेजुएट्स, 320 पोस्ट ग्रेजुएट्स और 75 पीएच स्कॉलर्स, 65 डिप्लोमा होल्डर्स को डिग्री दी गई। इसके अलावा सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गोल्ड मैडल से भी सम्मानित किया गया।

### हैदरनगर में निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी पर प्रशासन की छापेमारी

# हाई स्कूल रोड स्थित पैथोलॉजी रहमान क्लिनिक किया गया सील

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर बुधवार को हैदरनगर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों व पैथोलॉजी केंद्रों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, अंचल अधिकारी सह दंडाधिकारी संतोष कुमार और थाना प्रभारी अफजल अंसारी शामिल थे। टीम ने हाई स्कूल रोड स्थित एक पैथोलॉजी को संचालक की अनुपस्थिति और आवश्यक कागजात नहीं मिलने पर सील किया। इसके बाद पेट्रोल पंप के पास रहमान क्लिनिक को भी कागजात के अभाव व फर्जी चिकित्सक के संचालन के आरोप में बंद किया गया। वहीं खुशबू हॉस्पिटल पर भी टीम ने दोबारा छापा मारा, लेकिन संचालक विवेक कुमार मौके से फरार पाया गया। दंडाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिन क्लिनिकों को सील किया गया वहां फर्जी चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन की सुरक्षा के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और दोषियों से पूछताछ की जाएगी।

## मुखिया ने फुटबॉल टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** मध्य विद्यालय लेस्लीगंज की अंडर-14 फुटबॉल टीम जिसने प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की, उसे मंगलवार को मुखिया रेखा देवी ने जिला स्तरीय टूर्नामेंट के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुखिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें मंच देने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद राम, समाजसेवी छोटेलाल सोनी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष जाफर खान, शिक्षक संत तिवारी, संगीता कुमारी, प्रियदर्शिनी, कलावती कुमारी, मनीष सोनी, पुरुषोत्तम गौतम समेत कई उपस्थित रहे। टीम में कुणाल सोनी, जीतू कुमार, कमल कुमार, हर्षित, अमित, आयुष, प्रविण, आरव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## ऊंटारी रोड थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त



**ऊंटारी रोड।** थाना प्रभारी संतोष गिरी के नेतृत्व में पुलिस ने कुलही गांव ईंट भट्ठा के निकट अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। टीम ने वहां से भारी मात्रा में तैयार शराब, ड्रम, पिपिया और भट्ठी उपकरण जब्त कर नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान से सामाजिक वातावरण सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया है।

### मिशन आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मोहम्मदगंज में विलेज ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

## चयनित ग्रामों में जनजातीय विकास योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में बुधवार को मिशन आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विलेज ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कादलकुर्मी पंचायत के चयनित जनजातीय ग्रामों में विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करना था। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने बताया कि जिला कल्याण पदाधिकारी के निर्देश पर बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार के आदेशानुसार विभिन्न कर्मियों और एनजीओ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्य योजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कार्यक्रम में एनजीओ ग्रामीण सामाजिक कल्याण विकास मंच के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, पंचायत सचिव राजकुमार दास, रोजगार सेवक जनेश्वर राम, पीआरपी मीना कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका सुमति खलखो, सहिया रीना देवी, पंचायत सहायक सज्जन पासवान और कई ग्रामीण उपस्थित रहे। बताया गया कि कादलकुर्मी पंचायत के परहिया और कोरामी टोली को आदिम जनजाति क्षेत्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## धरहरा में टूटा बिजली पोल, मोहल्ले वालों में दहशत, विभाग उदासीन

**हुसैनाबाद।** शहर के जपला धरहरा स्थित हरिजन मध्य विद्यालय के पास 11 हजार वोल्ट लाइन का सीमेंट का बिजली पोल टूट गया है जिससे निवासियों में भय का माहौल है। तार जमीन से मात्र दस फीट ऊपर झुका हुआ है, जो किसी हादसे को आमंत्रित कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को कई बार मौखिक और लिखित रूप में सूचना दी गई, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। एक वर्ष से टूटा पोल लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। मोहल्ले वाले रोज इसी रास्ते से गुजरते हैं और अब करंट लगने का डर सताता है। लोग विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## हुसैनाबाद के बरवाडीह के समीप सड़क जाम मामले में 14 नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- **टक्कर में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने टायर जलाकर दो घंटे किया था प्रदर्शन**

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के जपला-दंगवार मुख्य सड़क पर बरवाडीह गांव के पास 12 अक्टूबर को पिकअप और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत के बाद सड़क जाम करने के मामले में पुलिस ने 14 नामजद और 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले के अनुसार हादसे में बाइक सवार बिहार के डेहरी ऑन सोन थाना क्षेत्र के मोहन बीघा निवासी आलोक खरवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी सूरज रजवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, पर ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक जपला-बारुण मार्ग पर यातायात ठप रहा। ग्रामीण मृतक के परिजनों के आने की मांग पर अड़े रहे। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल भेजकर स्थिति पर काबू पाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने सुमित कुमार, मंजू देवी, विशाल कुमार, कविता देवी, अक्षय पासवान, अमरकांत पासवान, चंद्रदेव पासवान, गुलशन पासवान, शाहिल कुमार, भोला यादव, गोलू पासवान, निखिल कुमार, अंगद पासवान समेत लगभग 40 अज्ञात के खिलाफ सड़क जाम करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया है।

## अफीम की खेती व नशे पर रोक के लिए ऊंटारी रोड पुलिस की पहल




**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** करकटा गांव में बुधवार को पुलिस ने नशामुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, सीओ बासुदेव राय सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों को बताया गया कि अफीम और गांजा की खेती पूरी तरह अवैध है। इसकी जगह धान, गेहूं, सूरजमुखी, मूंग, काजू, राजमा जैसी वैकल्पिक खेती से बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि वे नशे की खेती छोड़कर वैकल्पिक रोजगार अपनाएंगे।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाई गई

- **हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में बच्चों ने उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में बुधवार को भारत के मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 94वीं जयंती उत्साहपूर्वक विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाई गई। प्रार्थना सत्र के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन संघर्ष, समर्पण और ज्ञान का प्रतीक है। तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्मे कलाम पेपर बेचते हुए भी पढ़ाई जारी रख देश के 11वें राष्ट्रपति बने। बच्चों के बीच उनकी जीवनी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर वैश्विक हाथ धुलाई दिवस की भी जानकारी दी गई और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्यतः एचएम कन्हैया प्रसाद, राजेश गुप्ता, मो. जुबैर अंसारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, राजेश सिन्हा, रश्मि प्रकाश व कंप्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता उपस्थित रहे।

## भीमबराज से उपरी नहर निर्माण अधूरा किसान अब भी सिंचाई सुविधा से वंचित

- **1972 में प्रस्तावित योजना राजनीतिक कारणों से नहीं हुई पूरी, आज भी अधूरा सपना**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** भीमबराज से निकाली गई नहर आज भी किसानों के लिए अधूरी उम्मीद बनी हुई है। 1972 में उत्तर कोयल परियोजना के तहत कुटकू बांध और भीमबराज बराज से उपरी नहर निकालने की योजना बनाई गई थी ताकि पहाड़ों की तलहटी और मैदानी क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिल सके। राजनीतिक कारणों से यह योजना साकार नहीं हो सकी। पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह और पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह ने इसे आगे बढ़ाने की कोशिश की, पर सरकार के बदलने से प्रक्रिया रुक गई। विशेषज्ञों का मानना है कि नहर बन जाने से इस इलाके को पंजाब-हरियाणा जैसी कृषि उन्नति मिलती, पलायन रुकता और किसान आत्मनिर्भर बनते। किसानों का कहना है कि उपरी नहर का निर्माण आज भी जरूरी है ताकि हरियाली और खुशहाली का सपना पूरा हो सके।

## पथ निर्माण में अधिग्रहित भूमि प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु शिविर का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** भजनियां-मोहम्मदगंज-हैदरनगर (दंगवार) मार्ग वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरा और रानीदेवा पथ निर्माण योजना के तहत अधिग्रहित भूमि के प्रमाणपत्र एवं वंशावली निर्गत करने के लिए बुधवार को कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत सचिवालय में शिविर आयोजित किया गया। अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने बताया कि भूमि स्वामियों को आवेदन पत्र के साथ नोटिस (धारा-37) की छाया प्रति, लगान रसीद, खतियान, विक्रय पत्र, बंटवरानामा, पंजी-2 और मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली प्रस्तुत करनी होगी। नियत कार्यक्रम के अनुसार कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत सचिवालय में 15-16 अक्टूबर, पंसा पंचायत में 17-18 अक्टूबर और भजनियां पंचायत सचिवालय में 24-25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 से 3 बजे तक शिविर चलेंगे। प्रभारी अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्र एवं संबंधित राजस्व उप निरीक्षक और अमीनों को कार्य निष्पादन हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है।

## पशुधन विकास योजना में छह प्रजातियों के पालन हेतु आवेदन चयनित

- **सबसे अधिक बत्तख पालन के 41 लाभुक चयनित**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2025-26 के तहत बुधवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में छह प्रजातियों के पशुपालन के लिए आवेदन चयनित किए गए। बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने बताया कि सामान्य, ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों से कुल 20 बकरा पालन, 7 सुकर पालन, 10 कुक्कुट, 9 चूजा, 41 बत्तख और 25 गौ पालन के आवेदन अंतिम रूप से चयनित किए गए हैं। इस अवसर पर उपप्रमुख नगीना सिंह, अंचल निरीक्षक अरविंद मिश्र, कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. पंचू रजवार और पशु चिकित्सक धर्मेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे। चयनित सभी प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति के लिए जिला पशुपालन पदाधिकारी को भेजा जाएगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में अंग्रेजी शिक्षक कमलेश्वर सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मंगलवार को अंग्रेजी शिक्षक कमलेश्वर सिंह के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन भावनात्मक माहौल में किया गया। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय उनका अपना परिवार है और इसके शिक्षक उनके जीवन की नींव हैं। उन्होंने कहा कि कमलेश्वर सिंह जैसे समर्पित शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर विद्यालय भूमिदाता स्वर्गीय चंद्रेश्वर प्रसाद की प्रतिमा स्थापना हेतु शिला पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, कामख्या नारायण सिंह, सतीश सिंह, अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने श्री सिंह के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके सुखद जीवन की शुभकामना की।

## अफीम व गांजा की खेती रोकने को पुलिस का जागरूकता अभियान




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना क्षेत्र के पोरसम, पुंडरू, जांजो और ठेकही गांवों में बुधवार को अफीम, पोस्ता और गांजा की अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में ग्रामीणों को बताया गया कि इस खेती में लिप्त पाए जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। लोगों को वैकल्पिक फसलों जैसे चावल, गेहूं, मूंगफली, सरसों और ज्वार की खेती के लिए प्रेरित किया गया। सभी ग्रामीणों ने नशे से मुक्त समाज के संकल्प के साथ शपथ ली।

**आस्था**

### लंगरकोट मुरली पहाड़ी परिसर में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा विराट महायज्ञ की तैयारी शुरू

## धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर शिव धाम मुरली पहाड़ी परिसर में आगामी शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा विराट महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री श्री 108 राघवेंद्र आचार्य फलहारी बाबा महाराज जी ने की। कार्यक्रमानुसार 18 फरवरी 2026 को जल यात्रा, 19 फरवरी को पूजा-अर्चना, 20 फरवरी को शिवलिंग स्थापना और 26 फरवरी को यज्ञ का समापन होगा। बैठक में महंत विनय कुमार सिंह, सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, दिनेश्वर चौधरी, अरविंद शर्मा, राजा सिंह, राहुल ठाकुर और अन्य उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों ने सामूहिक सहयोग का आश्वासन दिया। मुरली पहाड़ी क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

## पांकी पुलिस ने अभियुक्त के घर ढोल बजाकर चिपकाया इश्तेहार

**पांकी।** थाना पुलिस ने करार पंचायत के चकटांड़ टोले में ढोल पीटकर प्राथमिकी अभियुक्त गिरेन्द्र कुमार के घर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की गई। अभियुक्त पांकी थाना कांड संख्या 101/25, धारा 64 (1)/3(5) बीएनएस 2023 से संबंधित है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की उपस्थिति में विधिवत इश्तेहार चस्पा कर दिया।

# एलकेजी छात्र की मौत मामले में परिजनों ने प्रबंधन व चालक पर कराई एफआईआर

- चैनपुर थाना ने बस जब्त की, ड्राइवर की पहचान में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्रेटर एसएलए पब्लिक स्कूल की मिनी बस से दर्दनाक हादसा होने के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे स्कूल बस की चपेट में आने से एलकेजी के छात्र विनीत यादव की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।परिजनों के अनुसार, स्कूल बस के चालक ने बच्चे को उतारने के बाद सावधानी नहीं बरती और जल्दी में बस आगे बढ़ा दी। इसी दौरान विनीत बस की चपेट में आ गया और कुछ मीटर तक घसीटता चला गया। घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। बताया गया कि बस में खलासी मौजूद नहीं था, जिसके कारण छात्र को सुरक्षित तरीके से नहीं उतारा जा सका। वहीं, स्कूल प्रबंधक पर वाहन को घटना के बाद छिपाने का आरोप भी लगा है।चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज में ड्राइवर की लापरवाही स्पष्ट दिख रही है। उन्होंने कहा कि ड्राइवर की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।इस हादसे ने अभिभावकों के बीच भारी चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिले भर के सभी स्कूलों में सुरक्षा मानकों की सख्त जांच की जाए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं दोबारा न हों।

# जिला स्कूल के प्राचार्य आवास में शिक्षक का अवैध कब्जा, नियमों की अनदेखी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल (सीएम एक्सीलेंस) में अनुशासनहीनता और सरकारी नियमों की अनदेखी का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य रामदयाल कुशवाहा तब से जिला स्कूल प्राचार्य के लिए आवंटित सरकारी आवास में रह रहे हैं, जब से वे प्राचार्य पद से हट चुके हैं।

हालांकि, उनके बाद तीन अलग-अलग शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य का जिम्मा दिया जा चुका है, लेकिन रामदयाल कुशवाहा ने अब तक आवास खाली नहीं किया है और लगातार वहीं रह रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन इस स्थिति को सरकारी नियमों का स्पष्ट उल्लंघन मानता है। सरकारी नियमों के अनुसार प्राचार्य आवास केवल वर्तमान प्राचार्य या प्रभारी प्राचार्य के लिए निर्धारित होता है। यदि कोई अन्य शिक्षक इसमें रहता है, तो इसे अवैध और अनधिकृत कब्जा माना जाता है। विद्यालय के कई शिक्षकों ने, अपनी पहचान छिपाए रखते हुए, कहा कि इस तरह की अनियमितता विभागीय लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी का नतीजा है। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई न होना शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल पैदा करता है।

## प्राचार्य का गंभीर आरोप, विभागीय जांच की मांग

# जिला स्कूल से दो एसी व चालीस कुर्सी गायब

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल में अनियमितता और लापरवाही का नया मामला सामने आया है। केनरा बैंक की ओर से मिले चार एसी और पचास कुर्सियों में से दो एसी और करीब चालीस कुर्सी विद्यालय परिसर से गायब हो गई हैं।

प्रभारी प्राचार्य करुणा शंकर तिवारी ने इस मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह चोरी विद्यालय के ही कुछ शिक्षकों या कर्मचारियों की मिलीभगत से हुई है। उन्होंने कहा कि सामान आने के बाद उसकी देखरेख सही ढंग से नहीं हुई, जिससे यह घटना संभव हो सकी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का सीसीटीवी कैमरा बंद करके कतिपय लोग टेंपो से ले एयर कंडीशन और कुर्सी ले गए हैं। इस बात का उल्लेख मुझसे प्रभार लेने के बाद विद्यालय के गार्ड ने भी किया है। जिसके बाद उन्होंने पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी को मौखिक रूप से सूचित कर दिए हैं। प्राचार्य ने कहा है कि वे इस मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को लिखित रूप से देंगे और विभागीय जांच की मांग करेंगे ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। वहीं, विद्यालय के कुछ शिक्षक आरोपों को निराधार बताते हुए प्राचार्य पर अपने कर्तव्यों से बचने का आरोप लगा रहे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा है कि जिला शिक्षा विभाग इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करता है और गायब हुए एसी व कुर्सियों की स्थिति का पता लगता है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति कार्यालय सभागार में बुधवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। बैठक में आयोग से प्राप्त मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए गए। प्रीति किस्कू ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची 2003 के आधार पर सभी मतदाताओं को कैटेगरी ए,बी,सी,डी, ई में विभेदित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर किसी मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए।उन्होंने सभी बीएलओ एवं उनके पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे हाउस टू हाउस सर्वे कर समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही सभी निबंधन पदाधिकारियों को अपने स्तर से पंचायत सचिव, ऑपरेटर एवं वीएलई को आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा गया।

## तीर-धनुष और पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी समाज का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

# कुर्मी जाति को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बुधवार को आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से शांतिपूर्ण जुलूस निकालते हुए कचहरी परिसर पहुंचे। इस जुलूस में करीब 300 ग्रामीण शामिल थे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भागीदारी रही। सभी ने अपनी पारंपरिक पोशाकों में हिस्सा लेते हुए सामाजिक एकता और आदिवासी अस्मिता की भावना का प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारी अपने साथ तीर-धनुष, नगाड़ा और पारंपरिक झंडे लेकर निकले थे। उनके हाथों में बैनर और तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था 'आदिवासी अधिकार हमारी पहचान है' और 'हमारी संस्कृति हमारी शक्ति है।' जुलूस का मुख्य उद्देश्य उन आवाज़ों का विरोध जताना था, जो कुर्मी जाति को एसटी-एससी श्रेणी में शामिल करने की मांग कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह मांग आदिवासी समाज की ऐतिहासिक और संवैधानिक पहचान से छेड़छाड़ है।कचहरी परिसर पहुंचकर प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि इस तरह की मांगों को मान्यता दी गई, तो इससे वास्तविक आदिवासी समुदायों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान और कानून के दायरे में रहते हुए संघर्ष जारी रखेगा।इस दौरान नारेबाजी शांतिपूर्वक रही। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किए गए थे, जिससे रैली का पूरा क्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी वर्ग का विरोध नहीं, बल्कि अपनी परंपरा, संस्कृति और आरक्षण संरचना की रक्षा करना है।आदिवासी समाज ने संयुक्त रूप से कहा कि वे अपने पूर्वजों के संघर्ष और संविधान प्रदत्त हक की रक्षा के लिए एक होकर रहेंगे और सरकार से स्पष्ट नीति की मांग करते हैं ताकि भविष्य में ऐसी भ्रम उत्पन्न करने वाली परिस्थितियाँ ना बनें।

झारखंडी आदिवासी बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में हुई जन आक्रोश रैली में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने कुर्मी/कुड़मी समाज को आदिवासी दर्जा देने की मांग का विरोध किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, सलाहकार भरदूल कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी हृदया सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, जिला संयोजक कामेश सिंह चेरो, जिला अध्यक्ष उपाध्या सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी प्रमाणन की संरचना के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# डीसी समीरा एस ने सुनी जनता की समस्याएं, 15 दिनों में निपटारे का निर्देश



- जनता दरबार में विधवा महिला समेत कई लाभुकों ने शिकायतें दर्ज कराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में मनातू प्रखंड की विधवा सरिता देवी ने बताया कि उनके पति की हिमाचल प्रदेश में मृत्यु के बाद उन्होंने गांव के लोगों से कर्ज लेकर अंतिम संस्कार किया। उन्होंने डीसी से श्रम प्रावधानों के तहत मुआवजा देने का अनुरोध किया।

इसी तरह, राहुल प्रसाद ने 'अबुआ आवास' की राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेजे जाने की शिकायत की। चैनपुर निवासी गौरव कुमार पांडेय ने पीएम कुसुम योजना के तहत दिए गए सोलर पंप के अब तक नहीं लगने की शिकायत दर्ज कराई।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रखंडों की महिलाओं ने मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना की राशियां नहीं मिलने की समस्या उठाई। डीसी ने सभी मामलों को संबंधित विभागों को जांचोपारांत शीघ्र कार्रवाई के लिए भेजने का निर्देश दिया।

# पुलिस-सीआरआई की संयुक्त कार्रवाई, लाखों रुपये का डुप्लीकेट तार व मोटर स्टार्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस और सीआरआई कंपनी की संयुक्त कार्रवाई में नकली समरसेबल मोटर स्टार्टर और केबल तार का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है। यह छापेमारी कन्नी राम चौक स्थित भारत मशीनरी दुकान और बेलवाटिका चौक के मॉडर्न लाइफ स्टाइल दुकान के गोदाम में की गई।सीआरआई कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि बाजार में लंबे समय से कंपनी के नाम पर नकली तार और मोटर स्टार्टर बिक रहे थे, जिसकी शिकायत कई ग्राहकों ने की थी। शिकायतों के बाद कंपनी ने मेदिनीनगर में तीन महीने तक गुप्त जांच कराई। जांच पूरी होने के बाद कंपनी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इस छापेमारी को अंजाम दिया।पुलिस ने छापेमारी के दौरान लगभग 27 बंडल नकली सीआरआई केबल तार जब्त किए, जिनमें प्रत्येक बंडल में लगभग 500 मीटर तार था। इसके अतिरिक्त करीब 95 डुप्लीकेट समरसेबल पंप स्टार्टर भी बरामद हुए। इन माल की कुल अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नकली उत्पाद न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी हैं। इस तरह के नकली उपकरणों के कारण शॉर्ट सर्किट और आगजनी जैसी घटनाएं हो सकती हैं, जो जनजीवन के लिए जोखिम हैं।शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि कंपनी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच-छानबीन की जा रही है।यह घटना इस बात का संकेत है कि नकली इलेक्ट्रॉनिक और हार्डवेयर सामग्री का अवैध कारोबार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनता को नुकसान के साथ-साथ कंपनियों की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। पुलिस और कंपनी की इस कड़ी कार्रवाई ने क्षेत्र के व्यापारिक पर्यावरण में हड़कंप मचा दिया है।

## कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान तेज

# लोकतंत्र की रक्षा का आंदोलन : बिमला कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस भवन में बुधवार को "वोट चोर गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिमला कुमारी ने की, जिसमें जिले के सभी प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही जनसंपर्क रणनीति और प्रत्येक पंचायत में हस्ताक्षर शिविर आयोजन की तिथियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी प्रखंड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया। बिमला कुमारी ने कहा कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने जनता के वोट पर डाका डाला है, उन्हें अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि जनता अपने अधिकारों की लड़ाई खुद लड़ेगी। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में प्रहरी की भूमिका निभाएगा और वोट चोरी जैसी साजिशों को सफल नहीं होने देगा।बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले सप्ताहों में क्रमवार प्रत्येक प्रखंड में पदाधिकारी बैठकें आयोजित होंगी और बूथ स्तर तक हस्ताक्षर शिविर लगाए जाएंगे, जिससे हर मतदाता इस जनआंदोलन में शामिल हो सके।बैठक में सत्या दुबे, कामेश्वर तिवारी, विनोद तिवारी, मिथिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश चौरसिया, शैलेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह, गुप्तेश्वर पाण्डेय, रविन्द्र शुक्ला, मीर खुर्शीद, सच्चिदानंद शुक्ला, जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह, मुन्ना खान, जितेंद्र कमलापुरी, लवकेश सिंह, अमिताभ शर्मा, तुलसी पासवान, सुभाष यादव और गुलाम नबी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेलहाता में बंद मकान से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद, करंट लगने की आशंका

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता स्थित सेठी कॉम्प्लेक्स के सामने एक बंद कच्चे मकान से 55 वर्षीय अखौरी राजेश कुमार श्रीवास्तव का शव बरामद हुआ है। शव कमरे में बिजली के तार के पास पाया गया और बदबू आ रही थी। शव लगभग सड़ा-गला हुआ था। जांच में मौत की वजह करंट लगना बताई जा रही है। राजेश अविवाहित थे और अकेले रहते थे। परिवार के सदस्य बाहर गए होने के कारण शव मिलने में देरी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आरओ खराब, छात्रों को नहीं मिल रहा शुद्ध पानी

**मेदिनीनगर।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (जिला स्कूल) में लंबे समय से आरओ मशीन खराब पड़ी है, जिससे छात्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बच्चे दावा करते हैं कि मशीन कभी चालू नहीं हुई। प्रभारी प्राचार्य करुणा शंकर तिवारी ने इसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को दे दी है, लेकिन अभी तक समस्या बनी हुई है। इससे छात्रों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की चिंता जताई जा रही है।

# हाथ धोने की आदत नहीं पड़ी तो बीमारियां हाथ धोकर पीछे पड़ जायेंगी : एचएम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में बुधवार को 'विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में छात्रों और शिक्षकों ने सामूहिक शपथ ली कि वे नियमित रूप से हाथ धोने की आदत बनाए रखेंगे।कार्यक्रम के दौरान हैंडवाश लिक्विड से सामूहिक हाथ धुलाई से पहले विद्यार्थियों को सही तरीके से हाथ धोने का अभ्यास कराया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी तथा लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा उपस्थित थे।प्रधानाध्यापक तिवारी ने कहा कि खाने से पहले, शौचालय के बाद और अन्य जरूरत के समय हाथ धोना हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर हम हाथ धुलाई के पीछे नहीं पड़े रहेंगे, तो बीमारियां हाथ धोकर हमारे पीछे पड़ जाएंगी।'

# अवैध बालू लदे ट्रक जब्त, चालक हिरासत में

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टीओपी-3 पुलिस ने मंगलवार रात कार्रवाई करते हुए हाउसिंग कॉलोनी में अवैध रूप से बालू उतारते एक 18 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने ट्रक चालक को मौके से हिरासत में लेकर खनन एवं परिवहन विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया है। शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार को सूचना मिली थी कि हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र में अवैध बालू उतारा जा रहा है। निर्देश पर टीओपी-3 प्रभारी अजय कुमार गुप्ता दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रक समेत चालक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए चालक की पहचान छतरपुर चौखड़ा निवासी उदय यादव के रूप में हुई है। ट्रक का मालिक सरसोत सुल्तानी (छतरपुर थाना क्षेत्र) का रहने वाला है। पूछताछ में चालक ने बताया कि ट्रक पर लदा बालू बिहार के दाउदनगर से लाया गया था, जिसे विश्रामपुर स्थित एक निजी कॉलेज में उतारना था।

## महिला कांग्रेस ने बैठक कर चलाया 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान

# महिला शक्ति से संगठन होगा और मजबूत : रेखा सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में आज पलामू जिला महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने की। बैठक में संगठन विस्तार बूथ स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान को हर घर तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रेखा सिंह ने कहा कि महिला कांग्रेस पूरी निष्ठा से इस अभियान को सफल बनाएगी। उन्होंने कहा कि जनादेश का अपमान कांग्रेस कार्यकर्ता कभी सहन नहीं करेंगे। महिला कांग्रेस का हर सदस्य हस्ताक्षर अभियान को जिले के हर बूथ हर वार्ड और हर गली में लेकर जाएगा।रेखा सिंह ने कहा कि अब समय है संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का ताकि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और जनता की आवाज को और सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से टीम भावना के साथ काम करने और अभियान की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में उपस्थित महिलाओं ने अभियान को तेजी देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुनीता देवी सीमा देवी पूजा देवी पिंकी देवी रेखा देवी और बबीता देवी सहित कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए कहा कि जनता की आवाज कांग्रेस का राज और वोट चोर गद्दी छोड़। बैठक के अंत में रेखा सिंह ने कहा कि महिला कांग्रेस जनता की शक्ति पर भरोसा करती है और सच्चाई तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।


सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

**अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (AISSEE-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए देश भर के सैनिक स्कूल/नए सैनिक स्कूलों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल सोसाइटी (रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत) की ओर से AISSEE-2026 परीक्षा आयोजित करने जा रही है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि | 10.10.2025 to 30.10.2025 |
| परीक्षा की तिथि | माह जनवरी 2026 में |
| परीक्षा की पद्धति | पेन और पेपर के माध्यम से (OMR) |
| प्रश्नो के प्रकार | वस्तुनिष्ठ प्रकार (MCQs) |

परीक्षा के लिए पंजीकरण के संबंध में अन्य सभी आवश्यक विवरणों के साथ सूचना विज्ञप्ति राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in & https://exams.nta.nic.in/sainik-school-society/ पर उपलब्ध है।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि या इससे पहले आवेदन कर सकते हैं और नवीनतम अपडेट हेतु नियमित रूप से उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइटों पर जाए।

यदि किसी उम्मीदवार को AISSEE 2026 के लिए आवेदन करने में कठिनाई होती है, तो वह 011-40759000 / 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है या aissee@nta.ac.in पर ई-मेल कर सकता है।

हस्ताक्षर/-
(निदेशक)

cbc21354/12/0004/2526

## अबूआ आवास के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, बीडीओ से कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कोनमंडरा गांव में अबूआ आवास योजना के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। गांव की दो महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उनसे जबरन पैसे लिए गए ।कोनमंडरा निवासी सुशीला देवी, पति अरविंद उरांव, और अमिया देवी, पति सत्येंद्र उरांव ने गांव के ही हीरा उरांव, पिता पचू उरांव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों पीड़ित महिलाओं ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को आवेदन देते हुए बताया कि हीरा उरांव ने अबूआ आवास दिलाने के एवज में उनसे नकद राशि की ली गई। सुशीला देवी ने बताया कि अबूआ लेने के लिए बीडीओ साहब को पैसा देना पड़ेगा, उनसे एक हजार रुपए लिए गए हैं, जबकि अमिया देवी ने कहा कि उनके साथ भी धोखाधड़ी करते हुए आठ सौ रुपए वसूले गए। दोनों महिलाओं ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि गरीब परिवारों के साथ योजना के नाम पर ठगी न हो सके। इस संबंध में जब बीडीओ नंदजी राम से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि लाभुकों से अवैध रूप से पैसे लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अंचल कार्यालय में जनता दरबार में चार मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के अंचल कार्यालय भवनाथपुर में बुधवार को अंचलाधिकारी शंभू राम और थाना प्रभारी रजनी रंजन की मौजूदगी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। कुल 6 आवेदन आए, जिनमें से 4 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष 2 मामलों में आवेदकों के दोनों पक्षों को आवश्यक कागजात के साथ अगली तिथि को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाए।अंचलाधिकारी शंभू राम ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्रत्येक माह के 15 तारीख को जनता दरबार लगाया जाएगा ताकि लोगों को न्याय के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने भी लोगों को भरोसा दिलाया कि सभी विवादों को निष्पक्ष तरीके से सुलझाया जाएगा। इस मौके पर सीआई इंतखाब आलम, कर्मचारी मानस कुमार, अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## छठ पर्व को लेकर कमेटी का गठन श्रीकांत सिंह बने अध्यक्ष

**मेराल।** लातदाग गांव में छठ महापर्व को लेकर बुधवार को श्री श्री बजरंग दल युवा कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्रीकांत सिंह को अध्यक्ष चुना गया। जबकि विकास कुमार द्विवेदी को संरक्षक बनाया गया है। इस संबंध में कमिटी के संरक्षक विकास कुमार द्विवेदी ने बताया कि श्री श्री बजरंग दल युवा कमिटी का गठन का मुख्य उद्देश्य हिंदू सनातन संस्कृति के पर्व त्यौहार धार्मिक आयोजन का प्रचार प्रसार एवं एक दूसरे को सहयोग कर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। उन्होंने बताया कि गांव में बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से श्रीकांत सिंह को अध्यक्ष सचिव प्रताप सिंह, महासचिव सनी कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार पासवान, और मुखदेव यादव को उपाध्यक्ष विकास गुप्ता बनाया गया। समिति में मंत्री रोहित पासवान महामंत्री रोहित कुमार मीडिया प्रभारी, सोनू पासवान, बूटी सिंह, गौतम सिंह, सोहराय सिंह, अजय कुमार सिंह, कुलदीप कुमार सिंह, विनय कुमार आदि लोगों को सदस्य बनाया गया। बैठक में सभी लोगों ने छठ महापर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया और छठ घाट के साफ सफाई करने की बात कही। इस अवसर पर मुखदेव यादव, अभय कुमार, राकेश कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, रंजीत कुमार पासवान, रितेश कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## केतार बाजार से पंडा नदी पीसीसी पथ तक अतिक्रमण मुक्त करने की मांग

**केतार।** केतार पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने अंचल दिवस पर अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाई है ।आवेदन में उल्लेख किया कि केतार बाजार से पंडा नदी पीसीसी पथ तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त रास्ता वर्षों से सार्वजनिक रूप से दुर्गा पूजा, छठ पूजा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग में आता रहा है। यह रास्ता सार्वजनिक सुविधा से जुड़ा हुआ है, लेकिन हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा इस पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूजा-अर्चना के समय लोगों की आवाजाही बाधित हो रही है और सामाजिक समरसता पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से आग्रह किया है कि सार्वजनिक रास्ते पर हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और रास्ते को पूर्ववत रूप में बहाल किया जाए। आवेदन देने वालो में महादेव प्रसाद जयसवाल,धीरज कमलापुरी,पंकज कुमार,राजेन्द्र जयसवाल,अनुज कुमार,गौतम पाल, सुनीता देवी,विन्दा देवी, सीताराम गुप्ता,प्रीतम कुमार,नीरज कुमार,कमलेश चौधरी सहित दर्जनो ग्रामिणो का नाम शामिल है।

## डिस्लेक्सिया जागरूकता हेतु निकाली मौन पदयात्रा




**भवनाथपुर।** "वॉक फॉर डिस्लेक्सिया" कार्यक्रम के तहत राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, भवनाथपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा मौन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षक रोहित कुमार सिंह ने बताया कि डिस्लेक्सिया एक ऐसी अवस्था है जो बच्चों की पढ़ने, लिखने और शब्दों को समझने की क्षमता को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की समय पर पहचान और उचित उपचार से बच्चे सामान्य रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। रैली में छात्र-छात्राएं विद्यालय से निकलकर खरौंधी मोड़ तक पहुंचे और वहां से पुनः विद्यालय लौटे। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने डिस्लेक्सिया के प्रति मौन प्रदर्शन किया। विद्यालय पहुंचने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि डिस्लेक्सिया पढ़ने की क्षमता को प्रभावित करता है और यदि समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को सहयोग, प्रोत्साहन और विशेष शिक्षण पद्धति की आवश्यकता होती है। इस जागरूकता अभियान में शिक्षक मोहम्मद मोकारिम, सुशील कुमार, टेरेसा बखला, अनिल कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सिंह, उदित नारायण चौबे, विकास कुमार, अनामिका हैरेंज, अरविंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, दीपक तिवारी, रंजीत बरनवाल, प्रशांत कुमार तिवारी, डॉ. आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार ने गांव में चलाया जागरूकता अभियान

# नशा व बाल विवाह रोक के खिलाफ दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिगसिगाकला में थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को सामाजिक बुराइयों, नशे की लत, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह और साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अफीम और गांजा जैसी नशीली फसलों की खेती न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इसका असर परिवार, बच्चों और पूरे समाज पर अत्यंत हानिकारक पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी खेती से दूर रहना ही समाज और आने वाली पीढ़ियों के हित में है। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट या लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि कम उम्र में बच्चों की शादी करने से उनका मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास प्रभावित होता है। बच्चों को परिपक्वता की आयु प्राप्त होने के बाद ही विवाह किया जाना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। साथ ही साइबर सुरक्षा पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी सोशल मीडिया और फोन कॉल के माध्यम से भोले-भाले लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी अनजान कॉल, लिंक या ऐप पर भरोसा न करें, किसी को भी अपने बैंक खाता नंबर, ओटीपी या आधार विवरण साझा न करें। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और ऐसे अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से गांव-गांव में सामाजिक परिवर्तन की राह खुलेगी। इस अवसर पर असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर सुखराव उरांव, पुलिस बल के जवानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

## वित्त रहित कॉलेज कर्मियों का धरना, बंद रहा पठान कार्य

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सोनभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय के वित्त रहित कॉलेज कर्मी, वित्त रहित संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को एक दिवसीय धरना दिए। कॉलेज के प्रिंसिपल अनुज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी तीन सूत्री मांगों के समर्थन में कॉलेज गेट में तालाबंदी करने के बाद एक दिवसीय धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि 12 प्रतिशत अनुदान की बकाया राशि भुगतान करने, 75 प्रतिशत अनुदान बढ़ोतरी के संबंध में और वित्त रहित संस्थानों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग के समर्थन में वित्त रहित कॉलेज कर्मियों ने धरना दिया। जिस कारण कॉलेज में पठन पाठन बंद रहा। धरना देने वालों में अनुज कुमार श्रीवास्तव, प्रो.आशुतोष कुमार मिश्र, बबन पांडे, इसरार आलम पंकज पाण्डेय सहित कॉलेज के सभी कर्मी शामिल थे।

## संविधान बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में जनाक्रोश रैली

**श्री बंशीधर नगर।** संविधान बचाव संघर्ष समिति के तत्वावधान में जन आक्रोश रैली निकाली गई। रैली के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी.आर. गवई पर वकील द्वारा जूता फेंकने की घटना की कड़ी निंदा की गई। समिति ने इस घटना को लोकतंत्र और न्यायपालिका की गरिमा पर सीधा हमला बताया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि यह घटना न केवल एक न्यायमूर्ति के प्रति अपमान है, बल्कि भारतीय संविधान की मूल भावना पर भी गहरी चोट है। बैठक के उपरांत समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा को एक ज्ञापन सौंपा।

# थाना दिवस पर आधा दर्जन से अधिक मामलों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव अंचल कार्यालय में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर नपं क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाके के लोग अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित फरियाद लेकर पहुंचे हुए थे। इस अवसर पर विशेष कर जमीन विवादित कुल नौ मामले सूचीबद्ध किया गया। जहां पर अंचला प्रमोद कुमार के द्वारा आधा दर्जन मामले को ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। आयोजित थाना दिवस के मौके पर नपं क्षेत्र के बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरहे, सोनपुरवा सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण फरियाद लेकर पहुंचे हुए थे। जिसमें विशेष कर जमीन विवाद, पुरहे पंचायत के दवनकारा गांव स्थित नाहर पर अतिक्रमण किया जाना, पारिवारिक झगड़े, मारपीट और भू स्वामियों का जमीन पर दबंगों के द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास से जुड़े मामले आए। इधर अंचला के द्वारा जटिल भूमि विवादों को कागजात जांच हेतु अंचल कार्यालय भेजा गया। मौके पर थाना से आए एएसआई सलीब कुजूर उपस्थित थे। थाना दिवस में सोनपुरवा पंचायत के इम्तियाज अहमद खां, राहुल चंद्रवंशी, राम जीत रजवार, प्रदीप रजवार आदि लोग मौजूद थे। इस दौरान अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि छोटी-मोटी समस्या को आपस में ही मिल बैठकर सुलझाना ही सबसे बड़ा बड़प्पन है। उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी समस्या को लेकर आपस में लड़ना, झगड़ना, मारपीट करना कानूनी प्रक्रिया के तहत कानून को हाथ में लेना सबसे बड़ा मूर्खता है। कहा की सरकार इसी पल को लेकर थाना दिवस का आयोजन किया है। ताकि छोटी-मोटी समस्याओं का निष्पादन की मिल बैठकर आपस में ही कर लें।

## मझिआंव : मुख्य बाजार में हर बुधवार जाम से जनजीवन ठप



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मुख्य बाजार में लगने वाले हाट-बाजार के दिन बुधवार को जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। सुबह से ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। लोगों को पैदल चलना तक दूभर हो जाता है। जाम की मुख्य वजह सड़क के दोनों ओर फैला अतिक्रमण और फुटपाथ की दुकानों का विस्तार है। सड़क किनारे ठेला-खोमचा और दुकान लगाने वालों के कारण छोटी-बड़ी गाड़ियाँ निकल नहीं पातीं, जिससे कई-कई घंटे तक बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किए जा रहे मरीजों की एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती हैं। हालांकि, गनीमत यह रही कि अब तक किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है, लेकिन खतरा हर वक्त बना रहता है। अंचल प्रशासन द्वारा कई बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है, फिर भी वे नोटिस की अनदेखी कर रहे हैं। प्रशासन अतिक्रमण मुक्त सड़क अभियान चलाने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन लोगों की उदासीनता के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। सड़क के दोनों किनारों पर दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क पर ही सामान रख देना और लोगों द्वारा मनमाने तरीके से दुपहिया वाहन खड़ा कर देना, जाम की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है।

# विद्या मंदिर में छमाही परीक्षाफल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के वन्दना सभा में मुख्य अतिथि विद्यालय समिति कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने मां शारदे,ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर छमाही परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद द्वारा कक्षा सह प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को प्रगति पुस्तिका (रिपोर्ट कार्ड) प्रदान किया गया। श्री प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु कड़ी परिश्रम की आवश्यकता होती है। भैया-बहन अत्यधिक मेहनत कर प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करते हैं । वहीं प्रभारी प्रधानाचार्य सह परीक्षा प्रमुख श्री नीरज सिंह ने कहा कि यह परीक्षाफल नवीन उतार-चढ़ाव और प्रतिस्पर्धा से भरा हुआ है। सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।अभी यदि चाहे तो आप वार्षिक परीक्षा में अपने को और आगे ला सकते हैं। कक्षा अरुण से प्रथम स्थान आश्रय सिंह , द्वितीय स्थान हिमांशु कुमार, तृतीय स्थान वैदिका प्रिया। कक्षा उदय से प्रथम स्थान माहिर हसन, द्वितीय स्थान श्रेयस श्रीवास्तव, तृतीय स्थान शिवानी कुमारी। कक्षा प्रभात से प्रथम स्थान अर्पणा कुमारी, द्वितीय स्थान श्रेया कुमारी, तृतीय स्थान सुगंधा कुमारी। कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान आदित्य कुमार गुप्ता, द्वितीय स्थान अतुल मेहता व आरोही पांडेय ,तृतीय स्थान आलिया सिंह राजपूत। कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान हर्षित कुमार यादव, द्वितीय स्थान रिपांशु कुमार, तृतीय स्थान आशीर्वाद सिंह। कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान अलीना रानी, द्वितीय स्थान जयश प्रखर, तृतीय स्थान निदा फातिमा। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान अक्षय कुमार, द्वितीय स्थान आदर्श कुमार, तृतीय स्थान फरहीन फातिमा। कक्षा पंचम अ में प्रथम स्थान आयुष कुमार, द्वितीय स्थान एकांश आर्य, तृतीय स्थान पुण्य प्रभात। कक्षा पंचम ब में प्रथम स्थान सनाया परवीन, द्वितीय स्थान निशि कुमारी, तृतीय स्थान परिधि कुमारी। कक्षा षष्ठ अ में प्रथम स्थान वैभव चौबे, द्वितीय स्थान आर्यन कुमार, तृतीय स्थान मयंक कुमार।

# ऑटो व बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मोटरसाइकिल और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में रमना पंचायत के चटनीया निवासी 43 वर्षीय शिवप्रसाद बैठा की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक का साला तेनार निवासी 38 वर्षीय अनुज बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करचा में किया गया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। शिवप्रसाद बैठा अपने साला के संग सोनेहारा अपने रिश्तेदार के घर से वापस रमना अपने घर आ रहा था। इसी क्रम में चुंदी ग्राम के पारसनाथ राम के घर के पास रमना से सोनेहरा जा रही ऑटो से आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भयंकर थी की शिवप्रसाद बैठा का घटना स्थल पर ही मौत हो गयी एवं सवार अनुज बैठा सड़क किनारे झाड़ियों में फेका गया। घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं पुलिस बल को शव उठाने से ग्रामीणों ने रोका साथ ही पुलिस जीप को घेर कर जाने से रोका गया और उलटने का भी प्रयास किया।


## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

**(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 23 रा0 (वि0) दिनांक 06.10.2025 (मत्स्य विपणन योजना) के आलोक में योजना हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य (संख्यां) | | | मछली बिक्री किट की ईकाई लागत (रू0) में | अनुदान की राशि प्रति ईकाई/एकड़ (रू0) में | लाभुक का अंशदान (रू0) में | अहर्त्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 101 | 789 | कुल | | | | |
| 1 | मत्स्य विपणन योजना | 15 | 05 | 20 | 15000/– | 14,250/– | 750/– | वैसे आवेदक जो मछली के विपणन का कार्य करता हो, अंशदान लगाने हेतु सक्षम हो, दिव्यांगता की स्थिति में दिव्यांगता प्रमाण पत्र आवश्यक है। मत्स्य निदेशालय द्वारा निर्धारित उपकरण तथा स्पेशिफिकेशन ही मान्य होंगे। |

उपर्युक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31.10.2025 है एवं इससे संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.364198 Fish(25-26):D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, चतरा

**एक दिवसीय भर्त्ती–कैम्प, दिनांक– 17.10.2025**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 17.10.2025 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Maett Skills | Block Coordinators | 12 | Graduate | 22-40 | 1 yrs any Field Work | For Chatra District | 20,000-40,000/- + inc (targate Based Work) | For All Blocks |
| | | Panchayat Coordinators/ \Mobiliser | 50 | 12th | 20-40 | Fresher/ experience | For Chatra District | 20,000/- + inc ( Target Based Work) | For All Blocks |
| | | Trainees for Sampling Tailor | 120 | 5-8th | 18-25 | Fresher | Ranchi/Bokaro/ Hazaribagh | 12,000/- After 3 Months Training | N/A |
| | | Trainees For Electrician | 120 | 10th | 18-25 | Fresher | Ranchi/Bokaro/ Hazaribagh | 15,000/- After 3 Months Training | N/A |
| | | Trainees For Multi Skill Thechnician | 120 | 10th | 18-25 | Fresher | Ranchi/Bokaro/ Hazaribagh | 12,000/- After 3 Months Training | N/A |
| | | Trainees For GDA (Nurshing) | 120 | 10th | 18-25 | Fresher | Ranchi/Bokaro/ Hazaribagh | 12,000/- After 6 Months Training | N/A |
| | | Trainees For Computer | 120 | 10th | 18-25 | Fresher | Ranchi/Bokaro/ Hazaribagh | 12,000/- After 3 Months Training | N/A |
| 02 | Acme education Solution Pvt.Ltd | General Duty Assustant Trainer | 02 | GNM/ANM/B.sc Nursing | 18-35 | B.sc. ( Nursing) With 4 Yrs Of Experience GNM/ ANM With 3 Yrs of Experience | Dhanbad/ Chatra/ Ranchi/ Gumla/ Godda | 12,000 To 15,000 | For M/F |
| | | Cook | 02 | Matric | 18-35 | 2 Yrs Of Cooking Experience | Chatra/ Ranchi/ Itkhori | 9,000-11,000 | Only For Male |
| | | Guard | 02 | Matric/Inter | 18-40 | 1 Year Experience | Ranchi | 9,000-10,000 | Only For Male |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 364181 Labour Employment and Traning(25-26).D

### नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार की बैठक

# पर्यटन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय

● नेतरहाट पर्यटन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** अरुणोदय गेस्ट हाउस, नेतरहाट में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव सह अध्यक्ष नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार, मनोज कुमार की अध्यक्षता मे नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेतरहाट को राज्य का प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक बुनियादी ढांचा, सुरक्षा, स्वच्छता, राजस्व, संचालन एवं आतिथ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**बैठक में निम्नांकित प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया :** हेलिपेड से जंगल वारफेयर स्कूल तक सड़क मरम्मती एवं चौड़ीकरणकरने, दुर्गा मंदिर से सनसेट पॉइंट एवं बंदूआ टोली तक की तक सड़क मरम्मति कार्य, बंडुआ टोली में पार्किंग सुविधा हेतु सड़क सिंगल होने से जुड़ा निर्णय, कोयल व्यू पॉइंट एवं अन्य पर्यटन स्थलों के पास पार्किंग की व्यवस्था, पठार बाजार एटीएम एसबीआई के बगल में दाहिने पार्किंग की व्यवस्था, नेतरहाट पर्यटन प्राधिकरण कार्यालय एवं सभागार कक्ष का सौंदर्गीकरण , सग्रहालय का अधिष्ठापन, नेतरहाट में मार्केट कॉम्पलेक्स का विकास, जैव विविधता पार्क एवं तितली पार्क का निर्माण, पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट लाइटिंग अधिष्ठापन, भवन निमार्ण का नियमितीकरण, अंचल अधिकारी, महुआडांड़ पंचायत नेतरहाट हेतु एक लैंड बैंक तैयार करना, पर्यटन सीजन के दौरान होमगार्ड की अतिरिक्त तैनाती, पर्यटन स्थलों पर पुलिस पोस्ट की आवश्यकता पर चर्चा, सड़क सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रतिबंध सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नेतरहाट पर्यटन को डिजिटल माध्यमों से और अधिक सशक्त एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में विजिट, नेतरहाटआधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का शुभारंभ बुधवार को सचिव, पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा किया गया।

**आधिकारिक सोशल मीडिया हेडल :** इस अवसर पर सचिव ने कहा कि इस हैंडल के माध्यम से पर्यटकों को नेतरहाट से संबंधित विश्वसनीय जानकारी, नवीनतम अपडेट, पर्यटन स्थलों का विवरण, आवास, मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि यह प्लेटफॉर्म पर्यटकों को सटीक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नेतरहाट में पर्यटन की संभावनाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे ताकि इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

बैठक में संयुक्त सचिव मोईनउद्दीन खान, उपायुक्त -सह- उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता, उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल कुमार आशीष, उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, दक्षिणी प्रमंडल ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त, लातेहार सैय्यद रियाज अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार, अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महुआडांड़, अंचल अधिकारी, महुआडांड, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, पर्यटन प्राधिकरण के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### नेतरहाट अभियान को लेकर कई विषयों पर मंथन

नेतरहाट में सीजीएल एम की शुरुआत करना, शुल्क निर्धारण एवं जुर्माने का प्रावधान, नेतरहाट महोत्सव एव नक्षत्र महोत्सव का आयोजन पर चर्चा, लिकर लाइसेंस से संबंधित, पर्यटन सूचना केंद्र एवं कोवेल व्यू पॉइंट का संचालन, पर्यटन गाइडों के लिए नामांकन एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू करने, होटल, लॉज, होम स्टे, टेंट आदि का पंजीकरण एवं सीसीटीवी अनिवार्यता, नेतरहाट के होटलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण, सभी टूर ऑपरेटरों का पंजीकरण एवं अनुमति, सोशल मीडिया हैंडल संचालन एवं नेतरहाट में प्रवेश शुल्क निर्धारण, नेतरहाट स्कूल की भूमि संबंधी विषयों पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा का गंभीर आरोप

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के ख़ुटीकेवाल पंचायत में बूथ 62, 63 और 64 में मतदाता सूची में फर्जीवाड़े का गंभीर आरोप कांगेस ने लगाया गया है। हंटरगंज प्रखंड कांग्रेस कमिटी के पांडेपुरा मंडल अध्यक्ष कर्मेंद्र कुमार सिंह ने उपरोक्त मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बूथ 62, 63 और 64 में लगभग 600 बाहरी व्यक्तियों के नाम फर्जी तरीके से जोड़ने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस कमिटी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 का हवाला देते हुए कहा है कि उपरोक्त कार्य धारा 17 और 18 को पूर्ण रूपेण उल्लंघन करती है, धारा 17 के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक से अधिक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा सकता है, वही धारा 18 के तहत निर्वाचन क्षेत्र में एक ही व्यक्ति का दो बार नाम दर्ज करना अवैध है। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति जानबूझ कर यदि दो पहचान पत्र बनाएं तो यह फर्जीवाड़ा एवं अपराध की श्रेणी में आता है। इधर मतदान केंद्र संख्या 63 की बीएलओ रीना देवी ने आरोप को सिरे से खारिज़ करते हुए बताया कि इस मामले में एक महीना पूर्व ही मतदाता गहन पुनरीक्षण में सभी का नाम हटा दिया है। इधर कांग्रेस नेताओं ने उपायुक्त से तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## दीपावली, काली पूजा व छठ को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** महापर्व छठ, दीपावली एवं काली पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा व संचालन बीडीओ चंदन प्रसाद ने किया। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न पूजा समिति के लोगों ने छठ महापर्व के दौरान चंदवा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, बाजार में लगने वाले भारी जाम पर नियंत्रण करने, देवनद दामोदर तट स्थित छठ घाट पर विभिन्न समितियों द्वारा तेज साउंड बजाने पर नियंत्रण लगाने, छठ घाट पर सिर्फ मध्यम साउंड में भक्ति गीत,अर्घ्य का समय, गंगा आरती व वैदिक मंत्रोच्चार ही बजाए जाने,गायत्री मंदिर मार्ग पर जल जमाव व सरोज नगर मार्ग पर बह रहे नाली के गंदे पानी की समस्या से निजात दिलाने, रेलवे फाटक के समीप हो रहे अवैध शराब, हड़िया की बिक्री रोक को लेकर समुचित कदम उठाने की मांग रखी। इस पर अधिकारियों ने समुचित कदम उठाने का भरोसा दिया। सीओ ने कहा कि छठ घाट पर बजने वाले अनावश्यक साउंड नियंत्रण को लेकर सभी समितियां के साथ जल्द ही बैठक कर निर्णय ले लिया जाएगा। महापर्व के दौरान इंदिरा गांधी चौक सुभाष चौक और मुख्य बाजार में ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर विशेष व्यवस्था की जाएगी। मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, सीआई महेश सिंह, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, संगीता लकड़ा, ललिता देवी,पंसस नीलम देवी, समाजसेवी रामयश पाठक,सतेंद्र प्रसाद यादव,महेंद्र साहू,रवि डे,विनोद कुमार गुड्डू,मनु गुप्ता,मंटू केसरी,इंद्रजीत शाह बंटी,बाबर खान,अंकित तिवारी समेत दर्जनों प्रबुद्धजन व विभिन्न समिति के लोग मौजूद थे।

### शपथ पत्र



मैं, सत्येन्द्र कुमार यादव, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता-विलन यादव, ग्राम-मुरपा, पो०-मुरपा, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार, राज्य– झारखण्ड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक निम्न बातों का घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में नाम रंजना रानी (RANJANA RANI) दर्ज है। जबकि मेरी उक्त पुत्री के आधार कार्ड सं0-3900 5118 7434 में गलती से उसका नाम रंजना कुमारी (RANJANA KUMARI) दर्ज हो गया है। मैं अपनी उक्त पुत्री के उसके उक्त आधार कार्ड में उसका नाम रंजना कुमारी (RANJANA KUMARI) के जगह पर रंजना रानी (RANJANA RANI) सुधार किया जाए।

**शपथ पत्र संख्या : 39057, दिनांक : 14/10/2025**

# न्यूज बॉक्स

### डैम में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के गुडगुडटोली गांव के अरजित लकड़ा पिता एतेवार लकड़ा की नकटी नदी डैम में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर तीन बजे की है। घटना के संबंध में साथ में गए दो अन्य युवकों ने बताया की नहाने के दौरान डैम के करीब सात फीट नीचे पानी में शव पेड़ के टहनी में फंस गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद युवक को डैम से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल लाया। जहां इलाज कर रहे प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने मृत घोषित किया। वहीं पुलिस द्वारा शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

### महुआडांड़ में बंदी का असर, लंबी दूरी नहीं चली वाहन

**महुआडांड़।** प्रखंड में बुधवार को माओवादी बंदी का मिलाजुला असर दिखाई दिया। मुख्य बाजार में अधिकांश दुकान खुली रही। वहीं जिला परिषद बस स्टैंड में गुमला, लोहरदगा, रांची, पलामू, समेत पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ जाने वाली सभी यात्री बसे खड़ी रही। गांव से बाजार आने वाले ग्रामीण भी नज़र नही आये। बंदी के मद्देनजर पुलिस अलर्ट रही। महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुलिस बल की गस्ती टीम पूरे क्षेत्र में मोटरसाइकिल से भ्रमण करती नज़र आई।

### विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के दायित्वों में किया गया बदलाव

**लातेहार।** बजरंग दल की झारखंड प्रांत समिति की दो दिवसीय बैठक हजारीबाग के डेमो टांड में प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें लातेहार जिले में बजरंग दल के जिला संयोजक के रुप में गौरव महलका एवं सह संयोजक लालदेव गंझू , और विशाल विश्वकर्मा के नामों की घोषणा की गई। जानकारी बुधवार को विहिप जिलाध्यक्ष ने दी है। साथ ही लातेहार जिला के पूर्व जिला सह संयोजक नितिश कुमार यादव को बजरंग दल के दायित्व से मुक्त किया गया। संगठन बहुत ही आशा और उम्मीद के साथ इन नामों की घोषणा की है। जो अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करेंगे। इस नवीन घोषणा पर जिला के जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, जिला मंत्री संजय तिवारी, जिला सेवा सह प्रमुख विपिन कुमार सिंह, जिली मिलन टोली प्रमुख उपेन्द्र रंगीला, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता जिला दुर्गा वाहिनी संयोजिका कंचन शौंडिक एवं जिला सह संयोजिका स्वाति गुप्ता,बारियातू प्रखंड अध्यक्ष झुलन भगत, चंदन, समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने तीनों को बधाई दी।

### अंचल अधिकारी ने माइंस व क्रसर का किया निरीक्षण

**बारियातू।** अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी व थाना प्रभारी रंजन पासवान ने संयुक्त रूप से बुधवार को अंचल क्षेत्र अंतर्गत संचालित माईन्स व क्रशर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्व प्रथम चुम्बा ग्राम पहुंचे और अमित कुमार पिता दिनेश प्रसाद का संचालित माईंस का निरीक्षण किया। इसके पश्चात जबरा ग्राम मे दिनेश प्रसाद सिंह का क्रशर, टुणडाहुटू ग्राम मे मां उग्रतारा माईन्स ,पिपराडीह ग्राम मे बलराम स्टोन माईन्स एवं साल्वे मे संजय सिंह का क्रशर का जांच किया गया। अंचाधिकारी कुमारी ने सभी संचालकों से माईन्स एंव क्रेशर संबंधित सभी दस्तावेज,ऑनसाईट नहीं मिलने,सुरक्षा मानको एवं प्रदुषण नियंत्रण मानको का ध्यान नहीं रखे जाने, क्रशर स्थल, माईन्स सुरक्षा की दृष्टि से घेराबंदी नहीं किया गये जाने पर नाराजगी जताई।वहीं सभी संचालकों को निर्देश दिया गया कि अगली जांच में सभी दस्तावेज साईट पर उपलब्ध रखने के साथ साथ सभी कमियों को नियम संगत पूर्व करने का निर्देश दिया। वहीं चेतावनी देते हुए कहा कि उपर्युक्त अनुपालन नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर अंचल अमीन संजय यादव, सहायक लिपिक विद्या सागर के अलावा कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**लातेहार।** दीपावली और छठ महापर्व को लेकर सदर थाना परिसर मे बुधवार को शांति समिति की बैठक की है।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने की। उक्त मौके पर मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा,अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम प्रभारी थानेदार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें तालाब नदी जाने वाले घाट में ब्राईकेटिंग करने, घाट जाने वाले रास्ते और छठ घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, पूजा समिति द्वारा अधिक से अधिक वॉलेंटियर रखने,आपात स्थित मे त्वरित पुलिस को सूचना देने के अलावा पिछले दो वर्षों से बिना सूचना के छठ व्रत्तियों को लौटने और अहले सुबह पुनः घाट जाने समय बिजली काटे जाना शामिल था।सभी मुद्दों को संज्ञान में लेते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लेकर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया गया। समस्या से संबंधित लोगों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर सरयू प्रसाद सिंह असीम कुमार बाग, पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह,0ललित पांडेय ,अशोक तिवारी, सुरेंद्र प्रसाद सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 6 अवैध आरा मिल को किया ध्वस्त

**चतरा।** उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा के निर्देशानुसार, प्रतापपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड-बिहार की सीमा पर संचालित 6 अवैध आरा मिलों को ध्वस्त कर दिया। अभियान प्रतापपुर, कुन्दा, हंटरगंज, राजपुर प्रक्षेत्र के साथ बिहार के इमामगंज और शेरघाटी वन प्रक्षेत्र अधिकारियों द्वारा यह संयुक्त रुप से चला गया। टीम ने पकड़ी, सलाईया और केवलडीह सहित कई स्थानों पर छापेमारी की। झारखंड के पेड़ो की कटाई का कार्य में बिहार के तस्कर काफी सक्रिय हैं। इस दौरान जेसीबी मशीनों और आधुनिक उपकरणों की मदद से अवैध मिलों को नष्ट किया गया गया। कार्रवाई में कई प्रजातियों की बहुमूल्य कुल 9 ट्रैक्टर लकड़ी जब्त कर इमामगंज वन क्षेत्र कार्यालय भेजी गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया।

## बिजली, सड़क समेत मूलभूत सुविधाओं को लेकर उपायुक्त को मुखिया ने सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के कोलकोले पंचायत के मुखिया राजेश कुमार साव ने मड़वा व भुसाड़ गांव में बिजली, सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर उपायुक्त से मिलकर आवेदन सौंपा है। जिसमें मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग उपायुक्त से की गई है। इस दौरान मुखिया के साथ कई ग्रामीण भी शामिल थे। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि आज़ादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी दोनों गांवों में सड़क, बिजली, नेटवर्क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंची हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने इसी मुद्दे को लेकर मतदान का बहिष्कार भी किया था। जिसके बाद जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने लिखित आश्वासन दिया था कि जल्द ही सड़क और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। साथ ही मुखिया ने उपायुक्त को बताया कि मैने कई बार अपने निजी खर्च से गांव की सड़कों की मरम्मत कराई ताकि लोगों को आवाजाही में दिक्कत न हो। बावजूद इसके सड़कें अब फिर से जर्जर हो चुकी हैं। आगे मुखिया ने कहा है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। आवेदन सौंपे जाने के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि अब वे केवल आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई चाहते हैं।

### मतादाता सूची सुधार को लेकर बीएलओ की बैठक

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड कार्याल्य स्थित सभागार में मतदाता सूची में सुधार को लेकर सभी बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। जिसमें विभाग के पदाधिकारी द्वारा बीएलओ को सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन के तहत पंचायत सचिव की सहयता से पहचाना पात्र सुधार करने से संबंधित जानकारी के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** आगामी छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने चतरा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कठौतिया घाट, छठ तालाब दीभा, हरलाल तालाब सहित अन्य प्रमुख घाटों पर सुरक्षा एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद विनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, अंचल अधिकारी अनिल कुमार तथा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार भी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं भीड़-नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नगर परिषद एवं संबंधित विभागों को घाटों पर समुचित सफाई अभियान चलाने, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा पर्याप्त जनशक्ति की तैनाती के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से घाटों के आसपास प्रभावी पुलिस बल की तैनाती, गश्त एवं निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

### 50 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में, जिले के प्रतापपुर थाना अंतर्गत गजवा पिकेट क्षेत्र में पुलिस टीम को सफलता मिली। मिली जानकारी के अनुसार गजवा चेक पोस्ट पर गश्त के दौरान पुलिस ने बिहार की ओर अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि तस्कर चेक नाका देखकर बगल की कच्ची सड़क से भागने के फिराक में था, जिसे पुलिस टीम ने खदेड़कर पकड़ा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान जितेंद्र यादव पिता रामकेशर यादव, निवासी जगनडीह के रूप में हुई है। वह बिहार-झारखंड बॉर्डर का फायदा उठाकर बिहार में शराब की तस्करी करता था। पुलिस ने उसके पास से 50 लीटर अवैध महुआ शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक भी बरामद की है।

### वन समिति सृजन के तहत तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

## गणेशपुर ने मारंग लोईया को एक गोल से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मारंगलोइया पंचायत के बारा ग्राम में वन समिति सृजन कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मारंग लोईया और गणेशपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें गणेशपुर की टीम एक गोल से विजय हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार प्रवेश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि रेंजर नंदकुमार महतो, जिप सदस्य प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुशवाहा, पंचायत की मुखिया सोनामणि देवी आदि उपस्थित हुए। जिन्हें आयोजन समिति द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ा कर भव्य सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबला खेल का शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विधिवत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं गेंद को किक मारकर शुरुआत की गई। मौके पर डीएफओ अग्रवाल ने कार्यक्रम का संबोधन करते हुए कहा कि यह खेल का आयोजन का मुख्य उद्देश्य वन विभाग से ग्रामीणों का परस्पर संबंध के साथ-साथ वन्य जीव एवं वनों के प्रति जागरूकता लाना है। वन्य जीव वनों की खूबसूरती के साथ-साथ आने वाले पीढ़ी के लिए एक धरोहर हैं। वन है तो जीवन है क्योंकि वन से ही हमें ऑक्सीजन मिलता है साथ ही वातावरण वनों से संतुलन रहता है जिन्हें सुरक्षित और संरक्षित करना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। वहीं विजेता और उपविजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा 11000 का नगद राशि एवं ट्रॉफी और मेडल एवं उप विजेता को द्वितीय पुरस्कार 5100 रु नगर ट्रॉफी और मेडल उपहार स्वरूप दिया गया। इस मुकाबले में क्षेत्रीय कुल 10 टीमों ने भाग लिया।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(अनावद्ध मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/26/2025-26/Gr_1(2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Building of Girls Residential School Mahuadanr District Latehar | 2486900 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.10.2025 से दिनांक 22.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 364161 Rural Development(25-26)#D

fssai | Eat Right India सही भोजन. बेहतर जीवन.

### अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा। (खाद्य सुरक्षा शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

**खाद्य कारोबार कर्त्ता के लिए आम सूचना**

आगामी दिपावली एवं छठ त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारियों (मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं Fast Food विक्रेता इत्यादि) को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत्–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए आवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही Fssai द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 ppm या 100mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसें:–खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में ग्लूकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया जाता है कि मिठाई/नमकीन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ सभी खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे–मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें।
4. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं वैद्य Fssai फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।
5. तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे–समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है।
6- Fast Food विक्रेता अजीनोमोटो एवं अरारोट का उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे।
7. होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेश रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नश्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
8. सड़क/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा माँस एव मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही सभी मीट विक्रेता अपने खाद्य परिसर में ब्लैक (Black) शीशा लगा करके ही कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।
9. सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवे बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
10. सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमाकुल स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र रखना आवश्यक है।
11. पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना Fssai License No., बनने की तिथि, Expiry की तिथि, Batch no, Nutritional सूचना इत्यादि के क्रय–विक्रय करना FSS Act.- 2006 की धारा–52 के तहत् दंडनीय अपराध है।
12. विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरा/होटल/ढ़ाबा में Handgloves, Hairnet (बाल ढ़कने का टोपी) एवं Mask आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
13. अपने–अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में FSSAI License/Registration no. का प्रमाण–पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
14. यदि किसी कारण वश अभी तक FSSAI License/Registration no नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो 7 दिनों के अन्दर www.foscos.Fssai.gov.in पर जाकर Online वार्षिक कारोबार के अनुसार (
15- ज्ञात हो कि बिना Valid Fssai License / Registration के खाद्य कारोबार करने पर FSS Act-2006 की धारा–63 के तहत् अधिकतम 10 (दस) लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।

उपरोक्त सभी दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की सुसंगत धाराओं के तहत् विधि–सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

Note:- साथ ही उपभेक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी, Expiry अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है, तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय एवं Toll Free No-1800112100 तथा Food Safety Connect App पर अवश्य करें।

**इसे अति आवश्यक समझा जाय।**

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा।

अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 364193 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

### कृषि व संबद्ध विभागों की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# रबी फसल बीज वितरण की मॉनिटरिंग तेज करें, समय पे बुआई कराएं

नवीन मेल संवाददाता



● मृदा स्वास्थ्य जांच की सही समय पर किसान को मिले रिपोर्ट : डॉ ताराचंद

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कृषि व संबद्ध विभागों की बैठक की। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जो लैम्प्स और पैक्स रबी फसल बीज का वितरण करने के इच्छुक हैं वे अपना ड्राफ्ट ससमय लगा दें। सभी 66 लैम्प्स को एक्टिव करें। समय-समय पर लैम्प्स पैक्स को आवश्यक जानकारी देते रहें। जिला कृषि पदाधिकारी से जिला में कुल किसान, केसीसी से अच्छादित किसान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अच्छादित किसान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से अच्छादित किसान आदि की से संबंधित चर्चा की गई। हाई वैल्यू फसल लगानेवाले किसानों को अधिकतम केसीसी ऋण उपलब्ध कराएं। रबी में समय से बीज का वितरण और अच्छादन अधिकतम हो इसके लिए अभी से कार्ययोजना बनाएं। रबी फसल के लिए बीज वितरण की पूरी मॉनिटरिंग हो और बांटे जाने वाले बीज की बुआई सुनिश्चित करें। डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य और मिलेट मिशन से जुड़े किसानों का सत्यापन जल्द पूरा करें। मृदा स्वास्थ्य जांच का कार्य जल्द पूरा करें ताकि किसान को मृदा जांच की रिपोर्ट के अनुसार अपने फसल का चयन करने में आसानी हो। जिला स्थित एग्रीक्लिनिक में भी निर्धारित सभी सेवाएं दी जाएं और उन कार्यों की समीक्षा करें। खाद, उर्वरक व बीज दुकानों की भी जांच ससमय पर की जाए और गड़बड़ी पाये जाने पर कार्रवाई करें। हाट बाजारों में भी हाट-बाजारों में अवैध तरीके से कीटनाशक बेच रहे दुकानदारों की भी जांच करें। नियमित रूप से कृषकों के बीच जाएं और कृषि कार्य में आ रही परेशानियों को दूर करें।

फसलों में होनेवाली बीमारियों की जानकारी समय से किसानों को दें। टपक सिंचाई योजनाएं जल्द स्वीकृत करें और संबंधित योजना प्रारंभ कराएं। जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदन की जानकारी दी गई। जिला में ओल का उत्पादन और पपीता उत्पादन के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को रबी फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अच्छादन अधिकतम किसानों के बीच कराने का निदेश दिया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी को छूटे हुए तालाबों की बंदोबस्ती करा कर मत्स्य पालन कराने हेतु मत्स्य उत्पादन समितियों को प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, जिला गव्य विकास पदाधिकारी वशिष्ठ सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, जिला उद्यान पदाधिकारी सौरभ लोहानी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मोहितोष पाण्डेय, जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रीसेती भार्गवी समेत अन्य उपस्थित थे।

### छठ पर्व को लेकर लोहरदगा पुलिस की सराहनीय पहल

# गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर पूरे जिले में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बनने लगा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार सुबह 8 बजे लोहरदगा पुलिस प्रशासन की ओर से गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब छठ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह पहल पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर की गई, जिसकी निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वयं की। अभियान में पुलिसकर्मियों ने घाट क्षेत्र की सफाई में सक्रिय भूमिका निभाई। तालाब किनारे फैले कचरे, जलकुंभी और गाद को हटाकर घाट को पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक बनाया गया। पुलिस बल के जवानों ने स्वयं झाड़ू लगाई और छठ व्रतियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण तैयार किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर शेरु रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सार्जेंट मेजर शेरु रंजन ने बताया कि "छठ पर्व आस्था और अनुशासन का पर्व है। पुलिस प्रशासन इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तत्पर है।" उन्होंने कहा कि "घाटों की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे श्रद्धापूर्वक पर्व मना सकें।" पुलिस प्रशासन की इस पहल से ठकुराइन तालाब परिसर का रूप पूरी तरह बदल गया है। साफ-सफाई के बाद घाट पहले से कहीं अधिक स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक नजर आने लगा है।

## न्यूज बॉक्स

### कानून के अधिकार को जगाने का काम करेगा हमर अधिकार मंच : शकील अख्तर



**लोहरदगा।** हमर अधिकार मंच का विधिवत रूप से गठन और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जिला अवर निबंधक कार्यालय, रांची में संपन्न हुई, जिसमें राजधानी रांची सहित गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गिरिडीह, धनबाद, इत्यादि झारखंड के 24 जिलों से कुल 25 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, महासचिव उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी और सचिव अंकित अग्रवाल सहित पूर्वी सिंहभूम से अनूप श्रीवास्तव सरायकेला-खरसावां से रश्मि भेंगरा लोहरदगा से शकील अख्तर और प्रदीप राणा, गिरिडीह से चंद्रदेव बरनवाल "चंदू" गढ़वा से पवन कुमार केसरी पलामू से प्रिय ब्रत प्रसाद धनबाद से सूर्य प्रकाश लातेहार से नवल किशोर लाल रांची से मीना कुमारी जूही चौधरी दिलीप कुमार, अरविंद कुमार मिश्रा, दीनबंधु कुमार, मनीष बक्शी, संतोष मृदुला, आशीष जायसवाल, बिरेंद्र नगड़ूवार, ओमप्रकाश उपाध्याय, शाहिद आलम, राजकुमार, दलबीर सिंह इत्यादि सदस्य उपस्थित हुए। हमर अधिकार मंच का गठन का मुख्य उद्देश्य नागरिक अधिकारों पर चर्चा, संवाद और जागरूकता प्रदान करना है यद्यपि नागरिक अधिकारों की सबसे प्राचीन दस्तावेज आज भी मैग्ना कार्टा शिलालेख पर अंकित है। भारत के संदर्भ में हमारा संविधान का भाग-3 हमें मौलिक अधिकार प्रदान करता है, तथा मानव अधिकार के लिए मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 लागू है। पूरे भारतवर्ष से सदस्यों को आमंत्रित कर 51 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन कर शीघ्र ही हमर अधिकार मंच का विस्तार किया जाएगा।

### सड़क हादसा : स्कूटी सवार तीन युवक घायल, दो को रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** मंगलवार की देर रात बरवा टोली चौक में एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कॉलेज रोड की ओर से बरवा टोली चौक पहुंच रहे स्कूटी सवार आर्यन साहू, आकाश अग्रवाल और रूपेश साहू को गुमला रोड की ओर से आ रहा एक एलपी ट्रक अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ने स्कूटी को करीब 25 से 30 फीट तक घसीटा, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी अस्पताल पहुंचकर उपचार में सहयोग किया। घटना में गंभीर रूप से घायल आर्यन साहू एवं आकाश अग्रवाल, जो मधुबन निवासी बताए जा रहे हैं, की स्थिति नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। अजय सोनी ने कहा कि "लोहरदगा में आए दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। दिन तो दिन, रात में भी वाहन मानो हवाई जहाज की तरह सड़कों पर दौड़ते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन को ऐसे लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।" वहीं समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि "यदि प्रशासन ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई करे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।" मौके पर समिति सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने लोकल पर वोकल अपनाने पर दिया जोर



**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा झारखंड लोकल पर भोकल, स्वदेशी अपनाएं एक अभियान चलाया इसके तहत लगभग 85 लोग को एक सुंदर सा बैग में ट्रस्ट की ओर से उपहार स्वरूप दिया भेंट किया गया। एवं लोगों से अपील की गई अधिक से अधिक स्थानीय वस्तुऐ जो बने हुए है राष्ट्रीय हित में इसका उपयोग करें ट्रस्ट ऐसा आग्रह भारतवासी झारखंड में रहने वाले लोग एवं लोहरदगा वासी ट्रस्ट कर रही है इस कड़ी को बढ़ाते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष के नेतृत्व में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उपायुक्त लोहरदगा डॉक्टर कुमार ताराचंद, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, खनन पदाधिकारी राजाराम पंडित, नगर पार्षद लोहरदगा के पदाधिकारी व जिला के सभी राजनीतिक दल के प्रमुख, धार्मिक संगठन के प्रमुख, समाजसेवियों जिले के प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी साथियों को उपहार स्वरूप दिया भेंट किया गया। छठ जैसे महान पर्व में अधिकतर सामान मिट्टी का उपयोग करते यह भी कुम्हार लोग बना रहे पूरे परिवार के लोग लगे हुए रहते और इसका व्यापार करेंगे। इस कड़ी में नगर प्रशासन से ट्रस्ट ने अपील किया है कि जो लोग मिट्टी के समान बाजार में लगाते हैं उससे टैक्स न लिया जाए। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष सरोज प्रजापति, सह सचिव प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, संरक्षक वासुदेव महतो, संरक्षक राधेश्याम प्रजापति, राजू प्रजापति, दिलीप प्रजापति, रियांश प्रजापति, शिव प्रजापति, घनश्याम महतो एवं अन्य लोग शामिल थे। कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के अध्यक्ष ने यह अपील करते हुए कहा कि चीनी वस्तुओं का होलिका दहन करें एवं स्वदेशी वस्तुओं का जो स्थानीय स्तर पर बनी हुई वस्तु एवं कुम्हार के द्वारा निर्मित दिए का उपयोग अधिक से अधिक करें। जिससे कि देश के प्रधानमंत्री मोदी एवं राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना साकार हो सके। देश एवं राज्य आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सके।

### भारत सरकार के राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अपर सचिव व मिशन डायरेक्टर ने की बैठक, बोले केके सोन

# प्रत्येक पीवीटीजी परिवार को मिले 'पीने का साफ पानी'

● मेधावी छात्र-छात्राओं को मिले नीट व आईआईटी जेईई की तैयारी की सुविधा

● विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व अस्पताल तक हो पहुंच पथ की सुविधा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** कमल किशोर सोन, अपर सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, भारत सरकार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में श्री सोन ने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। कोई भी परिवार स्वच्छ पानी की उपलब्धता से वंचित ना रहे। प्रत्येक परिवार को साफ पानी पीने का अधिकार है। आंगनावाड़ी केंद्रों और विद्यालयों को भी इस योजना से आच्छादित किया जा रहा है। पीवीटीजी परिवारों को भी साफ पीने का पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी हम सभी की है। जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईपलाइन में जरिये पीने के पानी को परिवार तक पहुंचाया जाना है। अगर कोई पीवीटीजी परिवार पीने के साफ पानी से वंचित है तो योजना उन तक पहुंचाने के लिए प्रस्ताव बना कर दें।

केंद्र सरकार जल स्त्रोत की पहचान व उसके सुदृढ़िकरण पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत अगले 20-25 वर्षों के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाना है जिसमें भूगर्भ जल, चुआं, नदी इत्यादि का सुदृढ़िकरण किया जाना है ताकि लोगों को उस जलस्त्रोत से अगले 20-25 वर्ष पीने का साफ पानी प्राप्त हो सके। मनरेगा अंतर्गत भी जल से संबंधित योजनाओं पर ही अधिकतर कार्य किये जाने हैं जिसके लिए कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है। अपर सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, भारत सरकार द्वारा बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित इंडीकेटर्स यथा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि व संबद्ध विभाग, आधारभूत संरचनाएं, वित्तीय समावेषण और कौशल विकास की बिंदुवार समीक्षा की गई व निदेश दिये गये। बैठक में उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा जिला में पीवीटीजी परिवारों के लिए पेयजल की योजनाएं, छूटे हुए परिवारों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादन, अवार्ड मनी से किये जान रहे कार्यों आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा अपर सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, भारत सरकार को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय तकनीकी व गैर-तकनीकी पदाधिकारीगण, आकांक्षी प्रखण्ड के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

विद्यालय कनेक्टिविटी अंतर्गत जिन विद्यालयों के लिए पहुंच पथ नहीं है, उसके लिए अनुशंसा कर सूची भेजें। साथ ही उन पथों से अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों को भी आच्छादित किया जाए। एक बार पुनः सत्यापित कर लें कि कितने विद्यालयों में पहुंच पथ नहीं हैं।

बारिश के बाद या दूषित जल से जिला में कितनी तरह की बीमारियां लोगों को हो रही हैं इसकी पहचान करें। प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और पेजयल के अभियंता प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक 15 दिनों पर बैठक करें और इसकी समीक्षा करें। पानी की जांच का डेमोस्ट्रेशन लोगों के बीच किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती और धात्री महिलाओं के साथ-साथ विद्यालयों में छात्रों के बीच भी पानी की जांच का डेमोस्ट्रेशन किया जाए ताकि वे जागरूक हो सकें।

जिला में आयुष्मान कार्ड से आच्छादित योग्य लाभुकों की संख्या काफी कम है जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के लिए गांवों में शिविर लगवा कर आच्छादित करायें। साथ ही, कार्ड का इस्तेमाल कैसे किया जाना है, इसकी भी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अस्पतालों की भी जांच करें कि आयुष्मान कार्ड का गलत इस्तेमाल ना किया जा रहा हो। लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ तरीके से मिले। जिला से बड़ी संख्या में मजदूर पलायन करते हैं। इसमें श्रम अधीक्षक मजदूरों को चिन्हित कर उनका निबंधन करायें। उन्हें राशन कार्ड से आच्छादित करें ताकि उनके लिए खाद्यान्न आवंटित किया जा सके। उन्हें वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत लाभान्वित किया जा सके। मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन ने बताया कि जिला के युवाओं को ग्रामीण स्वराज संस्थान (आरसेटी) के द्वारा मशीन ऑपरेटिंग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित युवा जल जीवन मिशन के कार्यों को ग्रामीण क्षेत्र में सुचारू रूप से लागू करने और योजना का मेंटेनेंस कार्य करेंगे।

#### जिला के मेधावी बच्चों को दें तैयारी की व्यवस्था

श्री सोन ने कहा कि जिला के मेधावी बच्चे जो मेडिकल, इंजीनियरिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या परीक्षा का एक चरण उन्होंने पूरा कर लिया है, वैसे छात्र-छात्राओं को फाइनल सेलेक्शन के लिए तैयारी की व्यवस्था दें। सरकार के आकांक्षा-40 कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों का एक पैनल बना कर उनका समय-समय पर लोहरदगा जिला में विशेष कक्षाएं आयोजित कराएं या वर्चुअल माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम पूरा करने की व्यवस्था दी जाए।

# वोट चोरी के खिलाफ कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी का हस्ताक्षर अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत बुधवार को कैरो प्रखंड के थाना मोड में कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने की। इस अवसर पर प्रखंड प्रभारी संतोष महतो ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयो की मिलीभगत से पूरे देश मे चुनाव आयोग की मिलीभगत से कर वोट चोरी की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रही है। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वहां हजारों वोटरों के नाम बिना कारण डिलीट कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा की लड़ाई है। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और अपने हस्ताक्षर कर आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान सभी पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने पंचायत से कम से कम 500 लोगों के हस्ताक्षर कराकर दो दिनों के भीतर प्रखंड अध्यक्ष या मंडल अध्यक्ष को सौंपें। कार्यक्रम का समापन हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ, जहां उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और मताधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस हस्ताक्षर अभियान में मुख्य मौके पर कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद, कैरो प्रखंड प्रभारी संतोष महतो, सेवा दल के प्रदेश सचिव प्रदीप विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष महताब आलम, मोजाहिर अंसारी, नईम अंसारी, मुस्लिम अंसारी, पंचायत अध्यक्ष गंदरु उरांव, नारायण उरांव, विजय उरांव, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष रशीद अंसारी, फारुख खान, सुनीता उरांव, मंगलेश्वर उरांव, अर्जुन उरांव आदि भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नगर प्रभारी ने चलाया वार्ड नंबर 22 में हस्ताक्षर अभियान

**लोहरदगा।** वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत नगर प्रभारी निशीथ जायसवाल द्वारा वार्ड नंबर 22 में हस्ताक्षर अभियान सह जागरूकता अभियान चलाया गया। मौक़े पर प्रभारी निशीथ जायसवाल ने कहा कि "वोट चोरी एक गंभीर मुद्दा है जो हमारे लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है। हमें अपने वोट के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो।" बीजेपी वोट चोरी कर सत्ता में आई है और वोट चोरी कर सत्ता में बने रहना चाहती है, इसलिए हस्ताक्षर अभियान के द्वारा नगर क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है और हस्ताक्षर अभियान में जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौक़े पर युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, अनिस अहमद, जामिल अंसारी, मोज़ाहिर अंसारी, उदय नायक, प्रतिमा देवी, अनीता देवी, प्रभा देवी, विकास राम, आदि उपस्थित थे।

### छठ व्रतियों के सहुलियत के लिए घाट पर सुरक्षा की होगी पुख्ता इंतजाम : वारिस हुसैन



**सेन्हा/लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देशानुसार सेन्हा थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो कोयल नदी स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर बारिकी से जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी वारिस हुसैन के अनुसार छठ महापर्व पर छठ व्रतियों को सुरक्षा दृष्टिकोण से पूजा करने में हर तरफ की सुविधाएं मुहैया हो इसे लेकर तमाम प्रकार की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में जितने भी छठ घाट है सभी जगहों पर छठ व्रतियों की सहुलियत हेतु सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद इंतजाम किए जाएंगे,इसे लेकर सेन्हा थाना पुलिस पूरी तरह से अभी से ही घाटों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का मुआयना कर हर पहलू पर जानकारी प्राप्त कर पूरे वस्तु स्थिति से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर व्रतियों को पूजा अर्चना करने में किसी तरह की समस्या या बाधा उत्पन्न न हो इसे लेकर हमारी पूरी टीम पूरी तरह से चौकन्ना है। थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने कहा कि सेन्हा थाना पुलिस हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

**कार्यक्रम** 41 वां कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन, प्रांत संघचालक ने कहा-

# समाज व राष्ट्र सर्वोपरि, इसके लिए समर्पण की आवश्यकता

● पद्मश्री अशोक भगत, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने रवाना किया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर के द्वारा 41 वां कार्तिक उरांव साइकिल रेस का आयोजन किया गया। मौके पर विकास भारती बिशनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि युवाओं को देश भक्ति और सामाजिक कर्तव्य से जोड़ने का माध्यम यह साइकिल रेस बना है। झारखंड के महापुरुषों जतरा टाना भगत कार्तिक उरांव के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश एवं समाज के कार्य में युवाओं को योगदान देने की आवश्यकता है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र सर्वोपरि है और इसके लिए समर्पण की आवश्यकता होती है। लगातार 41 वें वर्षों तक कार्तिक उरांव साइकिल रेस समर्पण को दर्शाता है। इस रेस में भाग लेने वाले सभी युवा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि इन कार्यक्रमों से युवाओं में प्रतियोगिता की भावना जागृत होती है और चिंगरी पहुंचकर जतरा टाना भगत के योगदान को हम सभी नमन करते हैं। युवाओं के उत्साह से देश उत्साहित होता है युवा शक्ति का जागरण है।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भिखारी भगत, प्रणव पाठक, देवेंद्र मंडल, संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, कृपा प्रसाद सिंह, मनोज दास, पुष्कर महतो, धनराज महतो, त्रिवेणी दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, तंबू उरांव, कलावती देवी, उमा देवी, रामस्वारथ महतो जनमजय महतो जयराम उरांव कलाकार राजेश भगत, रविंद्र दत्त, नारायण अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण भगत, बाल कृष्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, शिव शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

#### बालक वर्ग में रामविलास तो बालिका वर्ग में नीमा ने बाजी मारी



**लोहरदगा।** कार्तिक उरांव साइकिल रेस विजयी प्रतिभागी बालक वर्ग में प्रथम राम विलास पासवान, द्वितीय तेतरु गोप, तृतीय फगुआ उरांव, चतुर्थ पवन लोहारा, पंचम विमलेश उरांव, षष्ठम राम उरांव, सप्तम चंद्र उरांव, अष्टम उपेंद्र खड़िया, नवम लालदेव उरांव व दशम प्रेमचंद साहू आये। वही बालिका वर्ग में प्रथम नीमा कुमारी, द्वितीय नीलम कुमारी, तृतीय अंजू कुमारी, चतुर्थ सांजो कुमारी, पंचम अनिमा उरांव , षष्ठम उर्मिला कुमारी, सप्तम पुनीता उरांव , अष्टम सुखमणि कुमारी , नवम काजल कुमारी व दशम संतोषी कुमारी आई।

### राजमिस्त्री का शव मिला हत्या की आशंका

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत के बिटपी गांव में एक अधेड़ का शव संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया। मृतक की शिनाख्त बिटपी गांव निवासी इतवारू उरांव उम्र 43 वर्ष पिता स्वर्गीय नथुवा उरांव रूप में की गई है। लोगों का कहना है कि उसकी हत्या हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि रंजन दलबल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर सभी बिन्दुओ से जांच में जुटी है। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। पत्नी के अलावा उसे तीन संतान है। बुधवार की सुबह मृतक के परिजनों को सूचना मिली की इतवारू का शव बिटपी स्कूल के समीप मृतक के घर से कुछ दूर पड़ा हुआ है। परिजनों ने घटना स्थल पहुंचकर पुलिस को सुचना दी। इधर थाना प्रभारी ने बताया की प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है की इतवारू की मौत मिर्गी के दौरा पड़ने से हुई है।

# न्यूज बॉक्स

## 280 राशन कार्डधारियों ने डीएसओ को सौंपा हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र



**सिसई।** कांग्रेस नेता सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में ग्राम भूरसो के ग्रामीण कार्डधारियों की लिखित शिकायत को जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुमला दिलीप भगत को सौंपा गया 280 कार्डधारियों की हस्ताक्षर युक्त इस आवेदन में कहा गया है कि सन 2023 में अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर तीन माह का सभी कार्डधारियों का राशन गबन करने के मामले पर डीलर रंथु सिंह को निलंबित किया गया था परन्तु दो वर्ष गुजरने जाने के बाद भी विभाग द्वारा तीन माह के राशन को कार्डधारियों के बीच भरपाई नहीं किया गया है। वहीं अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सिसई के पत्रांक 548 दिनांक 6 जुलाई 2024 के द्वारा फर्जी जांच रिपोर्ट का हवाला देकर डीलर रंथु सिंह को निलंबन मुक्त किया गया है। ग्राम प्रधान दिनेश उरांव ने कहा कि डीलर रंथु सिंह और अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो के मिलीभगत से बिना ग्राम सभा किये ही फर्जी ग्राम सभा बनाकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को गुमराह किया गया है ऐसे जालसाजी व्यक्ति का लाईसेंस रद्द होना चाहिए। भुरसो पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने कहा कि रंथु सिंह डीलर की निलंबन मुक्त रिपोर्ट फर्जी है। कांग्रेस नेता सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव ने कहा है कि राशन कार्डधारियों का तीन माह का राशन भरपाई हो एवं संबंधित निलंबन मुक्त फर्जी रिपोर्ट की जांच हो। साथ ही डीएसओ से खुद ग्राम स्थल आकर जांच करने का आग्रह किया गया है। इस संदर्भ में डीएसओ दिलीप भगत ने दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को स्वयं ग्राम सभा में आकर जांच करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर भूरसो पंचायत मुखिया रेखा देवी, ग्राम प्रधान दिनेश उरांव ,अर्जुन सिंह , सुकरू उरांव, महाबीर उरांव, बिहारी भगत, शशिकांत साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैनपुर में नक्सली बंद का मिला-जुला असर, बसें ठप, आवश्यक सेवाएं बहाल



**चैनपुर।** नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने के विरोध में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा आज बुलाए गए बंद का चैनपुर में मिला-जुला असर देखने को मिला। बंद के दौरान बस परिचालन पूरी तरह ठप रहा, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहीं।जानकारी के अनुसार, भाकपा माओवादी ने अपने सदस्यों के मुठभेड़ में मारे जाने के विरोध में बंद का आह्वान किया था। इस बंद का असर चैनपुर के सामान्य जनजीवन पर भी पड़ा। सुबह से ही लंबी दूरी की और स्थानीय रूटों पर चलने वाली बसें अपने निर्धारित स्थानों से नहीं खुलीं। इससे काम-काज के सिलसिले में दूसरे शहरों और गांवों की ओर जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग बस स्टैंड पर बसों का इंतजार करते देखे गए, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।हालांकि, बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया था। दवा की दुकानें, दूध के बूथ और फल की दुकानें दिनभर सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरी चीजों के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ी।बाजारों में अधिकांश बड़ी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे, जिससे सड़कों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा कम चहल-पहल दिखी। कुछ छोटी-मोटी दुकानें खुली हुई थीं। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं है। पुलिस और सुरक्षा बल स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रहे हैं।

## घाघरा के जवान की पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, माहौल हुआ गमगीन



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बियार बरटोली में जब एएसआई सुमन तिर्की का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। सुमन का पार्थिव शरीर उनके छोटे भाई एनएसजी कमांडो जॉन आजाद तिर्की और बहनोई ने राजगीर से गांव लाया । गांव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा गॉव मातम में छा गया। क्रिश्चियन धर्म रीति-रिवाज के अनुसार गांव के कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। सुमन कुछ ही दिनों पहले 3 सितंबर को अपने गांव आए थे और 5 सितंबर को हंसी-खुशी ड्यूटी पर लौटे थे। गॉव वाले किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी आखिरी मुलाकात साबित होगी। सुमन के पिता स्व. सुशील तिर्की और मां स्व. प्यारी तिर्की दोनों ही पुलिस विभाग में कार्यरत थे। मां की मौत ड्यूटी के दौरान हुई थी, जिसके बाद अनुकंपा पर 2007 में सुमन की पुलिस विभाग में नियुक्ति हुई थी। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने एएसआई पद तक का सफर तय किया। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उन्होंने पूर्णिया निवासी प्रिया कश्यप से धूमधाम से विवाह किया था। हालांकि उनकी कोई संतान नहीं थी। इधर घटना से पत्नी और परिजन सदमे में हैं और लगातार यही कह रहे हैं कि सुमन इतने शांत स्वभाव और खुशमिजाज व्यक्तित्व के थे आत्महत्या जैसा कदम उठाना उनके स्वभाव से परे है। राजगीर से पुलिस टीम पार्थिव शरीर को लेकर पैतृक गांव आई। गांव के लोगों ने अपने प्रिय सपूत को अश्रुपूर्ण विदाई दी।

## दिवाली-छठ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान पर लगी अस्थायी रोक



**गुमला।** गुमला शहर के मेन रोड में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजीव नीरज से मिला। बैठक में शहर के व्यापारियों की चिंताओं और प्रशासन की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओ राजीव नीरज ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई दुकानदार नाली के बाहर तक तंबू गाड़कर या सामान रखकर बिक्री करते हैं, जिससे आम लोगों के आवागमन में काफी दिक्कत होती है। इस पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि कुछ दुकानदारों द्वारा ऐसा किया गया है, परंतु चेंबर की ओर से सभी को समझाने और नियमों का पालन कराने का प्रयास किया जाएगा। काफी विचार-विमर्श के बाद यह सहमति बनी कि दिवाली और छठ पर्व तक अतिक्रमण हटाओ अभियान को रोका जाए, ताकि त्योहारों के दौरान व्यावसायिक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा न हो। चेंबर अध्यक्ष ने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकान का कोई भी सामान नाली या सड़क पर न रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी ने नियमों का उल्लंघन किया, तो प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एसडीओ राजीव नीरज ने भी दुकानदारों से आग्रह किया कि छठ पर्व के बाद सभी अपने तंबू और सामान को नाली के अंदर समेट लें, ताकि शहर की सड़कों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, दिनेश अग्रवाल, पंकज खंडेलवाल, राहुल केसरी, विकास सिंह, पंकज सोनी सहित कई गणमान्य व्यापारी - मुरली मनोहर प्रसाद, जोगेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सिसई थाना के सामने में चलाया गया वाहन जांच व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

# 125 से अधिक लोगों से वसूला ₹72,000 का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से, जिला व प्रखण्ड प्रशासन अब पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतर आया है। गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देशानुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जयसवाल के नेतृत्व में सिसई थाना के सामने एक व्यापक और सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष पहल के दौरान, यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वाले 125 वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई एवं उनसे कुल 72,000 (बहत्तर हजार रुपए) का बड़ा जुर्माना वसूला गया। डीटीओ ज्ञान शंकर जयसवाल अपनी टीम और पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गों पर तैनात थे। इससे अचानक और सघन घेराबंदी से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट लगाने पर दिया गया वहीं चार पहिया वाहनों पर लगे काला सीसा पर प्रतिबंध लगाना था, जिन वाहनों पर काला सीसा लगा था उस वाहन से काला सीसा उतारा गया और चालान काटा गया। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमों का निरंतर उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ा नियंत्रण आवश्यक है। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को शून्य पर लाना है। अभियान के दौरान पकड़े गए चालकों पर न सिर्फ आर्थिक दंड लगाया गया बल्कि डीटीओ ज्ञान शंकर जयसवाल ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से लापरवाही के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया। उन्होंने सभी चालकों को भविष्य में अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने की हिदायत दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी कठोर दंडात्मक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। यह अभियान जिले में एक सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मौके पर गुमला मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभास कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी सहित पुलिस बल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जोड़ों व मांसपेशियों के दर्द के लिए लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं जिला आयुष समिति के सौजन्य से बुधवार को प्रखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में आयुष होम्योपैथिक विभाग की ओर से डॉ. नाजिया परवीन और डॉ. संदीप कुमार ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। डॉ. नाजिया परवीन ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द एवं मांसपेशियों में दर्द से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष पद्धति से होम्योपैथिक दवाओं के माध्यम से ऐसे रोगों का प्रभावी इलाज संभव है। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई और दवाएं प्राप्त कीं। साथ ही, जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों को योगाभ्यास भी कराया गया, ताकि उन्हें शीघ्र राहत मिल सके। इस अवसर पर अमित यादव, प्रदीप साहू, समरून निशा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीडीसी पहुंचे नवडीहा पंचायत निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

# ग्रामीण अपनी समस्याएं प्रखंड कार्यालय में लगने वाले जन शिकायत कैंप में दर्ज कराएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**घाघरा।** डीडीसी ने घाघरा प्रखंड के नवडीहा पंचायत में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, आयुष्मान कैंप, जन वितरण प्रणाली दुकान और पंचायत सचिवालय का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र में किचन गार्डेन शीघ्र विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही पानी, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों से दीवार पर लिखे दिन व कविता सुनाने को कहा, जिस पर बच्चों ने कविता सुनाकर डीडीसी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्होंने चॉकलेट भी वितरित किया। इसके बाद डीडीसी ने पंचायत सचिवालय में संचालित आयुष्मान भारत कैंप का निरीक्षण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि सभी ग्रामीण अपनी समस्याएं प्रखंड कार्यालय में लगने वाले जन शिकायत कैंप में दर्ज कराएं, जिससे उनका समय पर निराकरण हो सके। डीडीसी ने पंचायत सचिव से वाटर फिल्टर, पुस्तकालय व योजनाओं से जुड़ी जानकारियां लीं। उन्होंने पाया कि पंचायत सचिव के पास एक अन्य पंचायत का भी प्रभार है, जिस पर उन्होंने पंचायत भवन में दीवार लेखन कर ड्यूटी रोस्टर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के अंत में उन्होंने विद्यालय और जन वितरण दुकान का भी जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, बीटीटी बबीता देवी, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) विजय उरांव, प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा, थाना प्रभारी तरुण कुमार और सीएचसी प्रभारी डॉ. पूजा पल्लवी भगत की उपस्थिति में हुई। शिविर में कुल छह यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं में प्रकाश महतो, सुरेश उरांव, सोमा खड़िया, थाना प्रभारी तरुण कुमार, करमपाल महतो और सुरेश उरांव शामिल रहे। इन सभी ने मानवता की सेवा में आगे बढ़कर रक्तदान किया। थाना प्रभारी तरुण कुमार स्वयं रक्तदान कर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है -यह किसी की जिंदगी बचाने का अवसर देता है।" वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव ने कहा कि "रक्तदान महादान है। आज के समय में रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसे केवल हमारे शरीर द्वारा ही बनाया जा सकता है। ब्लड बैंक में रक्त की कमी को हम सब मिलकर ही पूरा कर सकते हैं।" उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9471006062**
**E-mail Id-juidcolimited@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752**

**Notice Inviting Tender**
**3rd Tender Call**
**NIT No.: JUIDCO/ NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/ 668**
**Dated:15.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy services for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharganj." |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Tender Fee and Earnest Money to be submitted online | Tender document fee: Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand)only – Non-Refundable. Bid Security : Rs. 2,00,000/- (Rupees Two lakh only), to be paid online. |
| 4. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 15.10.2025; 17.00hrs |
| 6. | Last Date / Time of Bid Submission | 29.10.2025; 17.00hrs |
| 7. | Date/Time of Bid Opening | 30.10.2025; 17.00hrs |
| 8. | Name and Address of office inviting Tender. | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 9. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

*Note: Only e-tenders will be accepted.*
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http://jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**Project Director (Tech.)**
**JUIDCO Ltd., Ranchi**

**PR 364215 Urban Development and Housing(25-26).D**



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

इच्छा की अभिव्यक्ति **Expression of Interest** (EOI) 23 / 2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत बड़ा तालाब (अम्बेडकर पार्क) में STP (1 MLD) योजना का निर्माण किया जाना है। उक्त योजना का BOQ राशि मो0 3,41,21,134/- रू0 है। PMC को 1% की राशि भुगतेय की जाएगी। जिसमें योजना का कार्य कराने हेतु PMC विशेशज्ञ की जरूरत है। इच्छुक PMC दिनांक 31.10. 2025 को 1:00 बजे अपराह्न तक कोटेशन के साथ सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन (PMC के दर) जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में नगर निगम कार्यालय के procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय तकनीकी विशेषज्ञ के साथ उपस्थित रहेगें। निविदा एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 364178 District (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2025-26/RWD/GARHWA दिनांक – 15.10.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/01 /2025-26 | एन0एच0–343 ओबरा से जरगढ़ तक पथ निर्माण कार्य। (6.75 कि0मी0) | 777.606 | सात करोड़ सतहत्तर लाख साठ हजार छः सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA/02 /2025-26 | एन0एच0–75 से पोटमा तक पथ निर्माण कार्य। (3.85 कि0मी0) | 443.117 | चार करोड़ तेतालीस लाख ग्यारह हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/GARHWA/01 /2025-26 | नामधारी पेस्का पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से कोरवाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (14.300 कि0मी0) | 1497.714 | चौदह करोड़ सन्तानबे लाख एकहत्तर हजार चार सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.11.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.11.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 364163 (Rural Work Department) 25-26 (D)



**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT NAZARAT SECTION)**

**RE-TENDER NOTICE**

**For Digitization and Software Development/Server of Panji 2 (Register 2) Records & other necessary materials in Record Room District Administration, Chatra,Jharkhand**

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 17/10/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 24/10/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals,Presentation and Financial Bids | 24/10/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | DDC CHAMBER, DDC Office, Chatra |

- All the terms and conditions of the tender can be seen on the CHATRA NIC website. Address for communication & submission of documents during the Re-tender period: District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

**PR 364147 District(25-26)#D** **NDC, Chatra**



**जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा चतरा जिला के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादको/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 10, दिनांक 04.07.2025 के आलोक में जलाशयों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने तथा मत्स्य उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जिले में अवस्थित छोटे–बड़े विभिन्न जलाशयों में ग्रास एवं मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं (बीजों) का संचयन किया जाना है। अधोहस्ताक्षरी को मेजर कार्प तथा ग्रास कार्प के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है।

इच्छुक स्थानीय/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु **''इच्छा की अभिव्यक्ति''** के तहत **आवेदन दिनांक 31.10.2025 तक कार्यालय अवधि (10:00AM. To 05:00PM) में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।** आवेदक के पास संचित बीज का अवलोकन क्षेत्र प्रभारी से कराना अपेक्षित है। आवेदन के साथ संचित बीजों का फोटोग्राफ, बैंक खाता, आधार की छायाप्रति एवं सही संख्या में गुणवत्ता वाला बीज आपूर्ति हेतु शपथ प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबंधित शर्ते निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/स्थल तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ्य अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब मे मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण मत्स्य बीज की प्रजातिवार उपलब्धता, संख्या, साईज एवं पूर्ण पता मोबाईल नं0 के साथ कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच कराई जा सके। मत्स्य अंगुलिका की साईज 3–4इंच होनी चाहिए। नर्सरी तालाब का जीयो–टैग फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 3 इंच से छोटी अंगुलिकाओं को संचयन हेतु नहीं लिया जाएगा।
3. फोटोग्राफस एवं वीडियो सी0डी0 कम से कम 3 मिनट का जिसमें तालाब में जाल चलाते हुए मत्स्य बीज के साथ हो।
4. जिन मत्स्य बीज उत्पादको को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अण्ड बीज आपूर्ति की गई है। उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आपूर्तिकर्त्ताओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर 750/– रू0 प्रति हजार मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिका एवं 1500/– प्रति हजार ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिका के दर पर आपूर्ति करना होगा।
6. कार्यादेश के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति नहीं किये जाने की स्थिति में निर्गत कार्यादेश रद् करते हुए अन्य मत्स्य बीज उत्पादकों को आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत की जाएगी एवं इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी सक्षम पदाधिकारी होंगें तथा आवेदक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
7. आपूर्ति के बाद आपूर्तिकर्ता द्वारा अभिश्रव प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त कोषागार द्वारा विपत्र पारित होने के बाद स्वंय के बैंक के खाता में राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।
8. आवेदन का फार्म प्रत्येक कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, चतरा से निःशुल्क प्राप्त किया जाएगा एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **31.10.2025** होगी।
9. मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन कार्यादेश में दिये गये तिथि एवं समय के आलोक में किया जाना अनिवार्य होगा।
10. जलाशय में संचयन हेतु एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार एवं अधिकत्तम 02 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किये जायेगें।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
चतरा

PR 364197 (Fish)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"कमल-बिन्दुओं वाली झीलें आपकी आंखों को प्रसन्न करें, छायादार वृक्ष दोपहर की गर्मी को दूर भगाएं, मृदु पवन कमल-पराग को अपने पास उड़ाए, आपका सारा मार्ग सुखमय और शांतिपूर्ण हो।" - कालिदास

## संपादकीय

# सबसे बड़ी सड़क बड़ी आपदा

सबसे बड़ी सड़क और पहाड़ी मंदिर पर सबसे ऊंचे तिरंगे के लोभ में झारखंड भी आ चुका था जो अब बोझ बन गया है। उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू कश्मीर में आई भीषण आपदा ने हिमालय और उसकी नदियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है, जिसके कारण प्राकृतिक और मानवीय आपदा, दोनों चर्चा के विषय बन गए हैं। उत्तराखंड में धराली, थराली, ऋषि गंगा, छेना गाड़, नंद नगर, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग और कुमाऊं मंडल में 2023 से लगातार आ रही आपदाओं ने भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी दी है। इसके बावजूद हिमालयी नदियों के किनारे और ग्लेशियरों, झीलों के मुहाने पर लोग बड़ी मात्रा में जमा हो रहे हैं। वहां पर बन रही बहुमंजिली इमारतें, पर्यटन, चौड़ी सड़कें और उसके निर्माण के लिए वनों का कटान आदि कभी भी भीषण तबाही के कारण बन सकते हैं। हिमालय क्षेत्र में अधिकांश आपदा का कारण चौड़ी सड़कें हैं। यहां के ऊंचे, सीधे खड़े पहाड़ों से गुजरने वाली सड़क अधिकतम 5.5-6 मीटर से अधिक नहीं हो सकती है। जहां इतनी कम चौड़ाई की सड़कें हैं, वहां भूस्खलन का खतरा न्यूनतम हुआ है। वनों में आग के कारण वनस्पतियां जलने के बाद मिट्टी कमजोर पड़ जाती है और वहां वनों का कटान भी होता है, जिसके कारण हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी मात्रा में नदियों में लकड़ी बहकर आई। यही स्थिति उत्तराखंड की भागीरथी, अलकनंदा और अन्य सहायक नदियों में भी देखी गई है। देहरादून और हरिद्वार जैसे मैदानी क्षेत्र की नदियों में आए जल प्रलय से जो भारी नुकसान हुआ है, वह नदियों के किनारे बड़ी मात्रा में अतिक्रमण व खनन का परिणाम है।इस भीषण आपदा के बाद बीते महीने देहरादून में हिमालयी आपदा : 'गंगा और यमुना का विकास या विनाश' विषय पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें मांग की गई कि आपदा से सबक लेने के बाद यमुनोत्री और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भविष्य में सड़क सुधारीकरण से निकलने वाले मलबे को यमुना और भागीरथी में न डाला जाए। डंपिंग जोन बनाकर मलबा का निस्तारण हो और इसके ऊपर पौधे लगाए जाएं। सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर से अधिकतम छह मीटर तक रखी जाए। गंगोत्री राजमार्ग पर झाला से भैरों घाटी तक देवदार के हरे पेड़ों का कटान रोका जाए। भागीरथी इको सेंसेटिव जोन-2012 की शर्तें लागू हों। नदियों के उद्गम से 150 किलोमीटर आगे तक बड़े निर्माण कार्य इसलिए नहीं होने चाहिए कि यहां पर बाढ़, भूकंप और भूस्खलन की संभावनाएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। अंधाधुंध पर्यटन के नाम पर बहुमंजली इमारतें, निर्माण कार्यों में प्रयोग की गई जेसीबी और पोकलैंड मशीनों ने हिमालय की मिट्टी, जंगल जैसे बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाया है। हिमालय की धरती जो भूकंप से कांप रही है, उसे और अधिक संवेदनशील बनाया है। हिमालय में विकास कार्य के लिए पृथक मॉडल की आवश्यकता है यानी 'एक हिमालय नीति' बननी चाहिए। तीर्थ यात्री व्यक्तिगत वाहन की जगह सरकारी वाहन का उपयोग करें। हवाई उड़ानों को नियंत्रित किया जाए। इससे बढ़ते ब्लैक कार्बन के खतरे को कम किया जा सकता है।

*उत्तराखंड में धराली, थराली, ऋषि गंगा, छेना गाड़, नंद नगर, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग और कुमाऊं मंडल में 2023 से लगातार आ रही आपदाओं ने भविष्य में सचेत रहने की चेतावनी दी है।*

# भारतीय सभ्यता संस्कृति का परिचायक 'नमस्ते'



कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के सर्वश्रेष्ठ उपायों में शामिल- सामजिक दूरी की अतिआवश्यकता के इस काल में लोगों के आपस में मिलने पर की जाने वाली अभिवादन की भारतीय नमस्कार प्रथा अर्थात नमस्ते करने की भारतीय परम्परा की श्रेष्ठता सम्पूर्ण विश्व में सिद्ध हो रही है। पाश्चात्य जगत में भी कोरोना वायरस, स्वाइन फ्लू, बर्ड फ्लू, इबोला, वेस्ट नाइल, सार, निपाह, जीका आदि त्वचा रोगों की स्थिति में भी संक्रामक रोग को एक सीमा तक फैलने से रोकने के लिए भारतीय अभिवादन का ढंग अर्थात तरीका अब वैज्ञानिक व युक्तिसंगत माना जाने लगा है। आपस में मिलने पर गले मिलना, माथा या हाथ चूमना, चरण स्पर्श करना आदि प्रेम व श्रद्धा प्रकट करने आदि प्रक्रियाओं की अपेक्षा सभी परिस्थितियों में हाथ जोड़कर नमस्ते करने की भारतीय मुद्रा सर्वाधिक निरापद व श्रेष्ठ साबित हुआ है। अभिवादन हेतु हाथ जोड़कर नमस्ते करने की परिपाटी भारत में आदि काल से ही प्रचलित है। वैदिक मतानुसार सृष्टि के आरम्भ में 1,97,29,40,125 वर्ष पूर्व तो कुछ विद्वान के अनुसार 1,96,08,53,125 वर्ष पूर्व परमात्मा के श्रीमुख से निकली वेदों के साथ ही ब्राह्मण ग्रन्थ, उपनिषद, आरण्यक, रामायण, महाभारत आदि वैदिक ग्रन्थों एवं पौराणिक ग्रन्थों में नमस्ते शब्द का ही उल्लेख मिलने से स्पष्ट है कि नमस्ते, नमस्कार करने की प्रथा विश्व में सर्वाधिक पुरानी है और सहस्त्राब्दियों पूर्व से भारत में ऋषि-मुनि, मित्र-शत्रु, सज्जन-दुर्जन, स्त्री-पुरुष, बाल-वृद्ध समस्त जन दूसरे के अभिवादन के लिए हाथ जोड़कर नमस्ते, नमस्कार करते रहे हैं। बाद में लोगों के वैदिक ज्ञान से दूर होने पर अनेक पन्थ, मजहब, संप्रदाय आदि चल पड़ने पर चलाने वालों ने अभिवादन के विभिन्न प्रकार गढ़ लिए। भारतीय संस्कृति में मुख्य रूप से तीन शब्द- नमस्ते. नमस्कार और प्रणाम, दूसरों के अभिवादन से जुड़े हुए हैं, परन्तु इन तीनों शब्दों के अर्थ में अंतर भी है। संस्कृत भाषा के शब्द नमस्ते में दो पद- नमः +ते हैं, जिसका अर्थ है- मैं आपका मान (मान्य) करता हूँ अर्थात मैं आपका सत्कार करता हूँ। इस प्रकार स्पष्ट है कि नमस्ते एक शब्द मात्र नहीं वरन यह एक पूर्ण वाक्य है। नमः+ते अर्थात मैं आपका मान्य करता हूँ, नमन करता हूँ, मैं आपके हृदय में विद्यमान दिव्य आत्म तत्त्व के प्रति नतमस्तक हूँ। संस्कृत व्याकरण के नियमानुसार नमः पद अव्यय अर्थात विकार रहित है। इसके रूप में कोई विकार अथवा परिवर्तन नहीं होता, लिंग और विभक्ति का इस पर कुछ प्रभाव नहीं होता। नमस्ते का साधारण अर्थ सत्कार अर्थात मान होता है। भारतीय संस्कृति में आदरसूचक शब्दों में नमस्ते शब्द का प्रयोग ही उचित तथा उत्तम माना गया है, क्योंकि दो व्यक्तियों के मिलने पर उन दोनों का भाव एक-दूसरे का मान करने का होता है। ऐसे अवसर पर मानसूचक शब्द ही उचित है। इसी प्रकार नमस्कार शब्द भी संस्कृत के दो शब्दों नमः व कार के मेल से बना है। नमन अर्थात सत्कार अथवा आदर और कार का अर्थ है- करने वाला। बड़ों का आदर सत्कार करना, घर आए अतिथियों का आदर व अभिवादन करना शिष्टाचार का परिचायक है। इस प्रकार नमस्कार का अर्थ हुआ नमन करने वाला। प्रणाम शब्द प्र व नम शब्द से मिलकर बना है। प्र अर्थात अच्छी प्रकार या अच्छे भाव से आपको नमन करता हूँ। उल्लेखनीय है कि वर्तमान भारत में भी राम-राम, जय गोपाल, जय राम, जय कृष्ण, आदेश, दंडवत, पालागन, गोड़लागी आदि मानयुक्त शब्द प्रचलित हैं, और संसार भर में अनेक सांप्रदायिक शब्द मान-अर्थ में प्रयुक्त किए जाते है, परंतु भावार्थ से विरुद्ध होने के कारण प्रयुक्त किये जाने वाले ये सांप्रदायिक शब्द का प्रयोग ठीक नहीं। सनातन वैदिकों में ॐ, श्रीराम, श्रीकृष्ण, मुस्लिमों में सलाम, वन्दगी, जैनियों में जय जिनेन्द्र. ईसाईयों में गुड मोर्निंग, इवनिंग व नाईट आदि कहकर अभिवादन किये जाने की परम्परा है, परन्तु इन शब्दों में एक-दूसरे के मान भाव है ही नहीं। ये सभी शब्द आदर-सत्कार प्रकरण से विरुद्ध होने से ठीक नहीं और त्याज्य है। नमः शब्द के अनेक शुभ अर्थ है यथा, पालन-पोषण, अन्न, जल, वाणी और दण्ड अर्थों का भी ग्रहण होता है। नमस्ते शब्द वेदोक्त है। वेदादि सत्य शास्त्रों, उपनिषद, आरण्यक, पुराण और रामायण, महाभारत आदि इतिहास ग्रन्थों में सर्वत्र नमस्ते शब्द का ही प्रयोग पाया जाता है। इससे यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल में नमस्ते कहकर ही एक दूसरे का अभिवादन किया जाता था। कालांतर में नमस्ते की भांति ही करबद्ध होकर नमस्कार भी कहा जाने लगा और फिर प्रणाम भी। भारतीय सभ्यता- संस्कृति के परिचायक भारत के राष्ट्रीय अभिवादन नमस्ते की सही मुद्रा है -व्यक्ति के दोनों हाथों का छाती के सामने आकर दूसरे व्यक्ति के लिए जुट जाना और उसी समय व्यक्ति के मस्तक का झुक जाना। नमस्ते की यह मुद्रा करने वाले की शालीनता और विनम्रता को प्रदर्शित करती है, वहीं उसके अहंकारशून्य व्यवहार की भी झलक देती है। व्यक्ति की इस अवस्था का सामने वाले व्यक्ति पर बड़ा सकारात्मक व मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। नमस्ते करने वाले व्यक्ति के झुकने के समान ही नमस्ते लेने वाला भी झुकता है, हाथों को एक साथ छाती के पास लाता है और मस्तक झुकाकर विनम्रता के साथ दूसरे की नमस्ते का उत्तर देता है। इससे उन दोनों के मध्य सभी प्रकार के अहंकार की दीवार का विनाश होता है। ध्यातव्य है कि मानव मस्तिष्क अर्थात मस्तक की भी यह अपनी ही विशेषता है कि वह जिससे राग महसूस करता है, उसे देखते ही मुखरित हो उठता है, और मुखरित हो उठने से अर्थात खिल जाने से चेहरे की भावभंगिमा भी दूसरे को प्रभावित और आकर्षित करने वाली बन जाती है। जबकि जिस व्यक्ति से घृणा होती है, उसे देखते ही मस्तिष्क, मस्तक में बल पड़ने लग जाते हैं, माथे पर सलवटें आ जाती हैं। इसे ही माथा ठनक जाना भी कहा जाता है। इस अवस्था से व्यक्ति के चेहरे की भावभंगिमा बिगड़ जाती है, उस पर घृणा और द्वेष के भाव स्पष्ट दिखायी देने लगते हैं। संसार के हर व्यक्ति का अपना एक आभामंडल है। परन्तु इस आभामंडल को करबद्ध होकर नमस्ते कर अपने मनोनुकूल किया जा सकता है। स्वतः प्रमाण ईश्वरोक्त ग्रन्थ वेद में नमस्ते शब्द का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। जैसे- शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्तेऽअस्तु मा मा हिंसीः । यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के मन्त्र 21, 27, 32 आदि में नमस्ते व नमो शब्द का प्रयोग अनेक बार हुआ है। सोलहवें अध्याय का प्रारम्भ ही परमात्मा रूद्र को नमन के लिए नमस्ते शब्द के साथ हुआ है – नमस्ते रूद्र मन्यवे। -यजुर्वेद 16/1। वेद में परमेश्वर के नमन के लिए भी नमस्ते शब्द का ही प्रयोग हुआ है। अथर्ववेद 2- 2-1 में परमात्मा को नमन करते हुए कहा गया है-

दिव्य देव नमस्ते अस्तु ।- अथर्ववेद 2-2-1 ।

अथर्ववेद में संसार के सृष्टा परमात्मा के नमन के लिए नमस्ते का प्रयोग अनेकशः स्थानों पर किया गया है-

विश्वकर्मन नमस्ते पाह्यस्मान ।। – अथर्ववेद 2/35/4।

तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः । – अथर्ववेद 10/7/32 ।

यजुर्वेद में भी भगवान के नमन के लिए नमस्ते शब्द ही प्रयुक्त हुआ है । यजुर्वेद 36/21 में ऐश्वर्यसम्पन्न ईश्वर को नमस्ते किया गया है- नमस्ते भगवन्नस्तु।

वेदों में राष्ट्राध्यक्षों, बड़ों के लिए भी नमस्ते शब्द प्रयुक्त हुआ है। अथर्ववेद 1/10/2 में राष्ट्रपते के लिए नमस्ते शब्द प्रयोग किया गया है- नमस्ते राजन। इसी प्रकार अथर्ववेद में नमस्ते शब्द का प्रयोग दण्डदाता न्यायाधीश के लिए -तस्मै यमाय नमो अस्तु मृत्यवे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**अशोक "प्रवृद्ध"**

## वर्तमान समय में सनातन धर्म पर बढ़ते राजनीतिक वैचारिक व सांस्कृतिक आक्रमण

भारत की आत्मा, इसकी संस्कृति और सभ्यता का मूल स्रोत "सनातन धर्म" है। योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि सनातन धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, विज्ञान, और सर्वकल्याण की भावना भी है। परंतु वर्तमान समय में कुछ राजनीतिक, सामाजिक और वैचारिक शक्तियाँ इस सनातन परंपरा को बार-बार नीचा दिखाने का प्रयास कर रही हैं। कभी इसे "पिछड़ा" कहा जाता है, कभी "भेदभावपूर्ण", तो कभी "समाप्त होने योग्य" बताया जाता है। वास्तव में यह एक सुनियोजित वैचारिक आक्रमण है, जिसका उद्देश्य है, भारत की जड़ों को कमजोर करना। सनातन धर्म सिर्फ धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता की आत्मा है। यह धर्म समरसता,आत्मज्ञान, समानता, और धर्मशील आचरण की शिक्षा देता है। लेकिन कुछ समय से राजनीतिक विमर्श में इस सनातन दृष्टिकोण को लेकर तीखी आलोचनाएँ हो रही हैं। कई नेताओं ने सार्वजनिक मंचों पर सनातन धर्म को "पिछड़ा", "भेदभावपूर्ण" या"विभाजनकारी" बताया है। जिसमे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के संरक्षण में त्रिची जिले मैं एथम तमिल संगम नाम के संगठन द्वारा भगवान श्री राम का घोर अपमान किया गया बही कुछ समय पहले स्वामी प्रसाद मौर्य (समाजवादी पार्टी) ने कहा "हिंदू धर्म एक धोखा है (हिंदू धर्म एक धोखा है)", "कोई धर्म नहीं है जिसका नाम हिंदू हो" उन्होंने कहा कि ब्राह्मणवाद (Brahminism) और समाज के ऊंच-नीच की जड़ें हैं। कई नेताओं ने इस टिप्पणी की निंदा की और बीजेपी समेत कई दलों ने पूछा कि ऐसी बातें क्यों होती हैं। बही उदयनीधि स्तालिन (डीएमके नेता, तमिलनाडु) उन्होंने सनातन धर्म की तुलना "मलेरिया" और "डेंगू" जैसी बीमारियों से की, और कहा कि सामाजिक न्याय के लिए इसे समाप्त किया जाना चाहिए। ए. राजा (डीएमके लोकसभा सदस्य) राजा ने कहा कि सनातन धर्म "HIV और कोढ़" (leprosy) जैसी सामाजिक कलंक है। उन्होंने ये टिप्पणी सामाजिक न्याय के नाम पर की। राहुल गांधी (कांग्रेस नेता) विदेश यात्रा के दौरान एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि "मैंने गीता,अनेक उपनिषद और हिंदू ग्रंथ पढ़े हैं, लेकिन जो काम बीजेपी करती है,उसमें कुछ भी हिंदू नहीं है। जो वे कर रहे हैं वह हिंदुत्व नहीं है।" इस तरह का कुछ राजनीतिक नेताओं में सनातन धर्म के प्रति वैचारिक प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, बही दूसरी ओर बॉलीवुड सिनेमा की कई फिल्मों में सनातन धर्म को नीचा दिखाने का काम किया गया है यह अशोभनीय और चिंतन योग्य विषय है, सनातन धर्म केवल एक "धर्म" नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**योगाचार्य महेश पाल**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तो इतिहास भक्षक है!



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना जन्मशताब्दी वर्ष मना रहा है। यह एक ऐसी जन्मशताब्दी है जब भारतवर्ष का साक्षात्कार "परदेशी" कम्युनिस्ट विचारधारा के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से हुआ तो भूसांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बुनियाद पर "स्वदेशी" विचारधारा के पोषक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अस्तित्व भी सामने आया। साल 1925 से शुरू होने वाले इन दोनों संगठनों में से आज बिना किसी सदस्यता पर्ची के विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनैतिक सामाजिक संगठन है तो दूसरा अंतर्राष्ट्रीय संगठन होते हुए देश में केरल जैसे एक छोटे से राज्य में सिमट कर रह गया है। वामपंथ के आलोक में ऐसा तब है जबकि भारतीय सनातनी व्यवस्था में वैचारिक विविधता को लेकर अनादिकाल से उदारता के संदर्भ विद्यमान रहे हैं। वस्तुतः यह एक ऐसी संस्कृति रही है जो अपने सबसे पुराने ग्रंथ ऋग्वेद के काल खंड से "मित्रस्य मां चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षताम्। मित्रस्याहम् चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।।" अर्थातयह "मुझे सभी प्राणी मित्र की दृष्टि से देखें और मैं सभी प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखूं।" की बातें करता है। इतना ही यह एक ऐसी संस्कृति रही है जहाँ इस्लाम आने के साथ इसने न केवल मजहबी विचारधारा भी को स्वीकार किया बल्कि ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ आये ईसाइयत भी मजे से पोषित किया। स्वीकार्यता के इस हकीकत के बावजूद धर्म को अफीम कहने वाला वाम समूह सदैव संघ की विचारधारा और उसके अस्तित्व को नकारने में लगा रहा। इसका परिणाम यह आया कि वामपंथ के असफल वर्ग को राष्ट्रवाद में असहिष्णुता के साथ झूठ और फरेब दिखने लगा और अब वह भारतीय संस्कृति से खुद को दूर रख कर अपना भविष्य तलाशने में लगा रहा। भारतीय समाज में विद्यमान विभिन्नता के कारण शायद उन्हें यही समझ में आया कि "भारत" एक नहीं बल्कि कई राष्ट्र है और हिंसा व वामपंथी विचारधारा के बल पर इसे एक किया जा सकता है। यह एक बड़ी चूक थी और इस एक कारण से संघ पर झूठ, कट्टरपंथ व अंधविश्वास के पोषण का आरोप लगाने वाले कालांतर में खुद अपने विचारों के प्रति अंधविश्वासी, मार्क्सवाद के प्रति कट्टरपंथी और वाम-साम्राज्यवादी हिंसा को लेकर उदार नजर आते रहे। साथ साथ जन्म लेने वाले वामपंथ के विपरित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश की आवाज को आत्मसात करने की नीति अपनाई और विविधता में एकता से अभिप्रेरित "एक जन, एक राष्ट्र, एक संस्कृति" के पारंपरिक विचारों को अपनाते हुए इसने सभी दिशाओं से आए विचारों के प्रति खुद को हमेशा उदार बनाए रखा। संघ की इस सांस्कृतिक सोच का नतीजा सामने है जबकि इन सौ वर्षों में वामपंथ का उच्छृंखल प्रदर्शन निरंतर अपनी प्रासांगिकता खोता रहा तो राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का शपथ लेने वाला व राष्ट्रवादी संगठन के तौर पर निरंतर वंदे मातरम् को आत्मसात करते संघ की सोच का परचम शिखर पर लहराता गया। बहुत संक्षेप में इसे लें तो इतना भर समझना काफी है किवर्ष 1925 में एक साथ जन्म लेने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी में से एक है जो विगत एक शताब्दी के दौरान सिर्फ "वंदे मातरम" के अखंड पाठ से शिखर पर है तो दूसरा अपने "लाल सलाम" के हिंसक आह्वान के परिणाम स्वरूप आज भारतीय भूभाग में अंतिम सांसें गिन रहा है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को साल 1947 में चार दिनों के लिए, महात्मा गांधी की हत्या के बाद 1948 में, वर्ष 1975 से 1977 तक आपातकाल के दौरान और फिर 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद प्रतिबंधित कर दिया गया। इन प्रतिबंधों के बावजूद जब संघ अपना जन्मशताब्दी वर्ष मना रहा है तब यह भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक, सांस्कृतिक व स्वैच्छिक संगठन बन चुका है। इतना ही नहीं, देशी परंपरा को समर्पित इस संगठन ने अपनी कार्यशैली में जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग, भाषा आदि विभाजक तत्वों की परवाह किए बगैर आज राष्ट्र प्रथम का पर्याय बन चुका है। इसी तरह यही वह संगठन है जिसने महज सौ वर्षों में दैनिक शाखा, सदा वत्सले मातृभूमि के समवेत स्वर और अनुकरणीय अनुशासन के बल पर शारीरिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास से संबंधित गतिविधियों व कार्यक्रमों को गति देते हुए सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की क्रांति को हकीकत में बदलने का कारनामा कर दिखाया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ऊपर चांदी की परत, भीतर निरा 'गिलेट'।
परत उतरती दिख रही, अपनी 'चमक' सिमेट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भूख की आंच में झुलसती मानवता : क्या यही प्रगति है?

16 अक्टूबर : विश्व खाद्य दिवस

जब एक भूखे बच्चे की आंखों में रोटी का सपना धुंधला पड़ता है, तो मानवता की सारी चमक एक पल को थम सी जाती है। न चांद की उड़ानें, न टेक्नोलॉजी की चकाचौंध, न ही गगनचुंबी इमारतें उस एक निवाले का मोल रखती हैं, जो किसी की भूख मिटा दे। हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस यह कसक जगाता है-यह महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक आह्वान है: एक ऐसी दुनिया बनाने का, जहाँ हर थाली में पौष्टिक भोजन हो और हर भविष्य सुरक्षित। 2025 की थीम, "बेहतर भोजन, बेहतर भविष्य के लिए एकजुटता," हमें भोजन की उपलब्धता, गुणवत्ता और टिकाऊपन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देती है। यह वह सपना है, जहाँ भूख सिर्फ एक भूली-बिसरी कहानी बन जाए। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना ने विश्व खाद्य दिवस की नींव रखी, जिसका लक्ष्य था हर इंसान तक भोजन को गरिमा के साथ पहुँचाना। मगर 80 साल बाद भी यह मिशन अधूरा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के मुताबिक, 82.8 करोड़ लोग आज भी भूख की चपेट में हैं-यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन माँओं की चुप्पी है, जो अपने बच्चों को भूखा सुलाती हैं; उन किसानों की पीड़ा है, जो दुनिया को खिलाते हुए खुद भूख से जूझते हैं। सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद होता है-इतना कि यह पूरे उप-सहारा अफ्रीका को एक साल तक खिला सकता है। एक ओर खाली थालियाँ बेचैन हैं, तो दूसरी ओर डस्टबिन भोजन से अटे पड़े हैं। यह विडंबना हमसे सवाल करती है: क्या हमारी प्रगति अधूरी नहीं? भारत में यह संकट और गहरा है। विश्व का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश होने के बावजूद, ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 में भारत 127 देशों में से 105वें पायदान पर है। यहाँ 19.4 करोड़ लोग भूखे हैं, और 43% बच्चे कुपोषण की मार झेल रहे हैं। "अन्नदाता" कहलाने वाला किसान कर्ज, बेमौसम बारिश और बाजार की अनिश्चितताओं में फंसकर अपने परिवार को दो जून की रोटी नहीं दे पाता। फिर भी, भारत की मिट्टी में वह शक्ति है, जो न सिर्फ देश, बल्कि पूरी दुनिया को खिला सकती है। 2025 की थीम हमें यही सिखाती है कि सरकार, किसान, वैज्ञानिक और समाज की एकजुटता ही वह पुल है, जो खेतों से थालियों तक भोजन पहुंचाएगा। हाथ में हाथ मिलाकर भूख को इतिहास बना दें। भोजन का संकट केवल मात्रा का नहीं, बल्कि पहुंच, गुणवत्ता और समानता का है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि 2020 के बाद से खाद्य कीमतों में 20% की उछाल ने गरीब देशों में भोजन को और दुर्लभ बना दिया। भारत में राशन प्रणाली और सब्सिडी जैसी योजनाएँ हैं, मगर भ्रष्टाचार और अक्षमता के कारण लाखों जरूरतमंद भूखे रह जाते हैं। इससे भी गंभीर है "छिपी भूख" की मार-लाखों लोग भोजन तो खाते हैं, लेकिन पोषण की कमी के कारण बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग जैसे रोग बढ़ रहे हैं। 2025 की थीम "बेहतर भोजन" यही माँग करती है कि हम केवल पेट भरने नहीं, बल्कि हर व्यक्ति तक पौष्टिक, संतुलित आहार पहुंचाने पर ध्यान दें, जो उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत को संवारे। 2025 की थीम पर्यावरण और भोजन के अटूट रिश्ते को भी उजागर करती है। जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की घटती उर्वरता, और जल संसाधनों का दोहन हमारी खाद्य प्रणाली को कमजोर कर रहे हैं। एफएओ के मुताबिक, विश्व का 70% जल कृषि में खर्च होता है, जिसका बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सतत कृषि, जैविक खेती, ड्रिप इरिगेशन, और वर्षा जल संचय अब जरूरत बन चुके हैं। हमें स्थानीय, मौसमी भोजन को बढ़ावा देना होगा, ताकि आयात कम हो और किसानों को लाभ मिले। साथ ही, भंडारण और परिवहन में होने वाली बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना होगा। यह थीम हमें सिखाती है कि बेहतर भविष्य तभी संभव है, जब हम प्रकृति के साथ कदम मिलाएं। भारत में भोजन केवल भौतिक जरूरत नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का प्रतीक है। "अन्नपूर्णा" का रूप लिए भोजन गांवों में मेहमानों को खिलाने का गर्व और एकता का संदेश देता है। मगर आधुनिक उपभोक्तावाद ने हमें फास्ट फूड और पैकेज्ड भोजन की चमक में उलझा दिया, जबकि हम अपनी जड़ों बाजरा, ज्वार, रागी जैसे पौष्टिक और टिकाऊ अनाजों को भूलते जा रहे हैं। "बेहतर भोजन" हमें अपनी परंपराओं की ओर लौटने और स्थानीय, पर्यावरण-अनुकूल भोजन को अपनाने का आह्वान करता है, जो न केवल सेहत दे, बल्कि धरती को भी बचाए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अमित शाह से मुलाकात के बाद बोले उपेंद्र कुशवाहा, बनेगी एनडीए सरकार

**एजेंसी। पटना**



- बिहार चुनाव से पहले एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद गहराए
- महुआ सीट पर बेटे दीपक प्रकाश कुशवाहा को उतारने की इच्छा जताई
- अब बातचीत के बाद सब कुछ ठीक होने की उम्मीद

बिहार चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को एनडीए अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कुशवाहा ने कहा कि पटना में हुई बातचीत के दौरान गठबंधन में कुछ मुद्दे और अनिश्चितताएँ थीं, लेकिन अब मुलाकात हो चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने अमित शाह के साथ विचार-विमर्श किया और उम्मीद है कि आगे कोई मुश्किल नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि महुआ सीट पर भी चर्चा हुई, जहाँ से वह अपने बेटे को चुनाव लड़ाना चाहते हैं।

महुआ सीट के बारे में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि इसकी घोषणा के लिए अलग से प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। इससे पहले, भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ उनकी बैठक में मतभेदों को दूर करने में विफल रहने के बाद, कुशवाहा ने एनडीए में "सब कुछ ठीक नहीं" कहकर गठबंधन की आंतरिक गतिशीलता पर चिंता व्यक्त की थी। इसके बाद, अमित शाह ने उन्हें मौजूदा मुद्दों पर चर्चा के लिए दिल्ली आमंत्रित किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मैं दिल्ली जा रहा हूँ। एनडीए में लिए जा रहे फैसलों पर कुछ विचार-विमर्श करने की ज़रूरत है। मैं उसी पर बातचीत करने के लिए दिल्ली जा रहा हूँ। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।"

यह टकराव सीटों के बंटवारे, खासकर महुआ विधानसभा क्षेत्र को लेकर, पर मतभेद से उपजा है। मूल रूप से यह सीट कुशवाहा के लिए निर्धारित बताई गई थी। हालाँकि, नई रिपोर्टों से पता चलता है कि यह चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को आवंटित की जा सकती है, जिससे असंतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सूत्रों से पता चलता है कि उपेंद्र कुशवाहा अपने बेटे दीपक प्रकाश कुशवाहा को महुआ से चुनाव लड़ाने पर अड़े हैं और उन्होंने अपने समर्थकों के साथ बातचीत भी शुरू कर दी है।

## बीजेपी की दूसरी लिस्ट में मैथिली ठाकुर का नाम



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी। इनमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर का नाम भी शामिल है, जो अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने बक्सर से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को भी टिकट दिया है। इससे पहले सोमवार को, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महत्वपूर्ण बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल हैं। अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी (बेतिया) और तारकिशोर प्रसाद (कटिहार), मंगल पांडे (सीवान), नीतीश मिश्रा (झंझारपुर), नीरज कुमार सिंह बब्लू (छातापुर), विजय कुमार मंडल (सिकटी), संजय सरावगी (दरभंगा), राणा रणधीर सिंह (मधुबन), सुनील कुमार पिंटू (सीतामढ़ी), राम नारायण मंडल (बांका), कृष्ण कुमार ऋषि (बनमनखी), नितिन नबीन (बांकीपुर), डॉ. प्रेम कुमार (गया) शामिल हैं। टाउन) और सिद्धार्थ सौरव (बिक्रम)। पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, जो 2024 में पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव हार गए थे, को पार्टी ने दानापुर से मैदान में उतारा है। बीजेपी ने रेनू देवी के अलावा 8 अन्य महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, जिनमें श्रेयसी सिंह (जमुई), अरुणा देवी (वारसलीगंज), रमा निषाद (औराई), निशा सिंह (प्राणपुर), कविता देवी (कोरहा), स्वीटी सिंह (किशनगंज), देवंती यादव (नरपतगंज) और गायत्री देवी (परिहार) शामिल हैं।

# जुबीन गर्ग हत्या के आरोपियों पर हमला

**एजेंसी। असम**



असम के बक्सा ज़िले में बुधवार को तनाव व्याप्त हो गया जब प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ़्तार किए गए पाँच आरोपियों के ज़िला जेल पहुँचने के बाद ज़िला जेल के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यह अशांति तब शुरू हुई जब जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रशंसकों ने गायक की मौत के मामले में गिरफ़्तार किए गए पाँच लोगों को ले जा रहे वाहन पर हमला कर दिया। आरोपियों कार्यक्रम आयोजक श्यामकानु महंत, गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, चचेरे भाई और निलंबित एपीएस अधिकारी संदीपन गर्ग और नंदेश्वर बोरा सहित दो पीएसओ को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिन में ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जैसे ही आरोपियों को ले जा रही पुलिस की गाड़ियाँ जेल परिसर में पहुँचीं, जुबीन गर्ग के लिए न्याय की मांग कर रही एक बड़ी भीड़ जमा हो गई और काफिले पर पथराव शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में एक पुलिस वैन समेत कई गाड़ियाँ क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थिति को शांत करने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए, पुलिस ने हवा में गोलियाँ चलाईं और हिंसक हो चुकी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आँसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान एक पुलिस वाहन में भी आग लगा दी गई। अशांति के बाद, अधिकारियों ने आगे तनाव बढ़ने से रोकने के लिए जेल और आस-पास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। लोकप्रिय असमिया गायक जुबीन गर्ग की मौत से पूरे राज्य में व्यापक आक्रोश फैल गया है और उनके समर्थक मामले की गहन और पारदर्शी जाँच की माँग कर रहे हैं। असमिया गायक जुबीन गर्ग, जिन्होंने अपने सुपरहिट गीत "या अली" से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की, का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्री यात्रा के दौरान निधन हो गया। 52 वर्षीय गर्ग अगले दिन नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में प्रस्तुति देने वाले थे। सूत्रों के अनुसार, 52 वर्षीय गर्ग जब समुद्री यात्रा पर थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया।

## 1.86 करोड़ महिलाओं को मिलेंगे उज्ज्वला के दो मुफ्त सिलेंडर : सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की महिला लाभार्थियों को दो मुफ़्त एलपीजी रिफिल प्रदान करने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोक भवन में इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे, जिससे राज्य भर के 1.86 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। वही 2016 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों में पारंपरिक रसोई ईंधन के स्थान पर एलपीजी उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश इस योजना के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी है, जहाँ 1.86 करोड़ से ज़्यादा कनेक्शन पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। इस नई पहल के तहत, दो चरणों में मुफ़्त रिफिल प्रदान किए जाएंगे। सरकार ने इस योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें से 346.34 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि तेल कंपनियों को सुचारू वितरण के लिए पहले ही दे दी गई है। पहले चरण में 1.23 करोड़ आधार-सत्यापित महिलाओं को लाभ मिलेगा। लाभार्थी मौजूदा बाजार मूल्य पर एलपीजी सिलेंडर खरीदेंगे और सब्सिडी उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में 3 से 4 दिनों के भीतर जमा कर दी जाएगी।

# ग्रीन पटाखों पर फैसले का सीएम रेखा गुप्ता किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देने के फैसले का स्वागत किया, जिससे दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति मिल गई। आभार व्यक्त करते हुए, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने इस फैसले को पर्यावरण संरक्षण और त्योहार की भावना के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण बताया। X पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि हम दिल्ली सरकार के विशेष अनुरोध पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह फैसला दिवाली जैसे पवित्र त्योहारों के दौरान जनता की भावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक "स्वच्छ और हरित" दिल्ली सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, स्वच्छ और हरित दिल्ली के संकल्प के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों की रौनक बरकरार रहे और साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी हो। इस दिवाली, आइए हम सब मिलकर हरित पटाखे जलाएँ, उत्सव और पर्यावरण संरक्षण में सामंजस्य स्थापित करें और 'हरित एवं समृद्ध दिल्ली' के संकल्प को साकार करने की दिशा में काम करें। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में 18-20 अक्टूबर तक तीनों दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे और रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकेंगे। डिप्टी कमिश्नर निर्धारित स्थानों पर ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति देंगे। ग्रीन पटाखे ई-कॉमर्स चैनलों के माध्यम से नहीं बेचे जा सकेंगे। लाइसेंस प्राप्त पटाखा निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि दिल्ली-एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखे ही बेचे जाएं। अगर कोई सामान्य पटाखे बेचते पकड़ा गया तो उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। सीपीसीबी, राज्य प्रदूषण बोर्ड के साथ मिलकर प्रदूषण और एक्यूआई रीडिंग की निगरानी करेगा।

# बिहार में 34 करोड़ नकद, शराब और मादक पदार्थ जब्त



**बिहार।** प्रवर्तन एजेंसियों ने राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन दिए जाने से रोकने के प्रयासों के तहत बिहार से 33.97 करोड़ रुपये की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मुफ्त में बांटी जाने वाली वस्तुएं जब्त की हैं।बिहार में दो चरण में छह और 11 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि छह अक्टूबर को चुनावों की घोषणा के बाद से विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने कुल 33.97 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और मुफ्त में बांटी जाने वाली वस्तुएं जब्त की हैं।उसने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा किए गए चुनाव खर्चों की निगरानी के लिए व्यय पर्यवेक्षक पहले ही तैनात किए जा चुके हैं और दोनों चरणों के लिए अधिसूचना जारी होने के दिन ही वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। वे व्यय निगरानी में लगी सभी टीम से मुलाकात करेंगे।आयोग ने कहा कि उड़न दस्ते, निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन बल या अन्य प्रलोभनों की किसी भी संदिग्ध घटना पर नजर रखने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। आयोग ने चुनाव अवधि के दौरान निगरानी टीमों और प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई जब्ती की तत्काल जानकारी देने के लिए चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) नामक ऑनलाइन व्यवस्था भी शुरू की है। आयोग ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रवर्तन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन निर्देशों के कार्यान्वयन के लिए जांच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को असुविधा न हो या उन्हें परेशान न किया जाए।

## तीसरी मंजिल से कूदने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में बुधवार को 61 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने अदालत की इमारत की तीसरी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाद में उसकी जेब से एक नोट मिला और प्राथमिक जांच से पता चला कि किसी घरेलू मुद्दे से परेशान होने के कारण व्यक्ति ने यह कदम उठाया। यह घटना शिवाजीनगर स्थित जिला न्यायालय के नए भवन में पूर्वाह्न करीब 11.45 बजे घटी।

## आज का राशिफल

**मेष :** छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। आज आपका अपने प्रियजनों के साथ बहुत ही बेहतरीन समय बीतेगा। घरेलू कामों में रुचि बनी रहेगी तथा रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनाएं भी बन सकती हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। व्यवस्थित दिनचर्या तथा खान-पान आपका स्वास्थ्य ठीक रखेगा और आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप अपने दम पर हर काम करने की क्षमता रखेंगे। व्यवसायिक उतार-चढ़ाव और आर्थिक स्थिति के चलते परिवार के सदस्यों के खर्चों में कटौती करनी पड़ सकती है।

**मिथुन :** आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे और आपके कामों में मदद भी करेंगे। आज स्वभाव में वहम और गुस्से की स्थिति देखने को मिल सकती है, जिससे परिवार के लोग परेशान रहेंगे।

**कर्क :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। लवमेट के लिये आज का दिन शानदार रहेगा। मीडिया तथा कम्युनिकेशन से संबंधित व्यवसाय में उपलब्धियों के योग हैं। इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करें। व्यवसायिक पार्टियों के साथ संबंध मधुर बनाएंगे। पारिवारिक मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप ना करें।

**सिंह :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान-प्रदान रहेगा। बच्चों के साथ क्रियाकलापों में रुचि लेना उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। अपने ध्यान को केंद्रित कर काम पूरा करें। आज जो भी चीज़ आपके लिए रुकावट बने।

**कन्या :** आज का दिन सामान्य रहेगा। घर से जुड़ी किसी समस्या का समाधान मिलेगा। वरिष्ठ सदस्य की सलाह से कार्य करें। तनाव मुक्त होकर अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान देंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित काम हो सकते हैं। बिजनेस में अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन फेवरेबल रहेगा। बढ़ते खर्चों में फिलहाल कटौती संभव नहीं है, लेकिन संयम से काम लें। गुस्से के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान करें। दोपहर बाद परिस्थितियां आपके पक्ष में होंगी। योग्यता और कार्य क्षमता से कोई बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन लाभदायक रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी। दूसरों की बातों को समझने की कोशिश करें, इससे लाभ मिलेगा। अपनों की मदद करेंगे। व्यक्तिगत कारणों से व्यवसाय पर ध्यान कम रहेगा, लेकिन कर्मचारियों का सहयोग तनाव दूर करेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और किसी मंदिर में समय बिताएंगे।

**धनु :** आज का दिन उत्तम रहेगा। मौजूदा बिजनेस में नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। ऑफिशियल यात्रा और प्रमोशन के योग हैं। दांपत्य जीवन में सम्मान और प्यार रहेगा। भावुकता में निर्णय न लें। आय के साथ खर्च भी बढ़ेंगे। अपनी उपलब्धियों का बखान न करें।

**मकर :** आज का दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। ऑफिस के काम में व्यस्त रहेंगे और थोड़ी थकान महसूस होगी। अनुभवी लोगों की सलाह से बिजनेस को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के साथ मूवी जाने का योग है। रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ :** प आज का दिन शानदार रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दें। पुरानी परेशानियों से राहत मिलेगी। कहीं से सहयोग और सलाह मिलेगी। विदेश से शुभ सूचना मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी न करें। निवेश से पहले बड़ों की राय लें।

**मीन :** आज योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बनाएं। इससे कार्य सफल होंगे। परिवार के साथ मनोरंजक कार्यक्रम बनेगा। व्यवसाय में गंभीरता से काम करें और किसी का मार्गदर्शन अवश्य लें। ऑफिस में अपनों की मदद लें, काम सफल होगा। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा।

# नवी मुंबई, नोएडा समेत नए एयरपोर्ट्स से 2025 में उड़ान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत विमानन अवसंरचना और हवाई संपर्क में एक परिवर्तनकारी उछाल देख रहा है, जहाँ 2025 में कई नए हवाई अड्डों का उद्घाटन और दर्जनों नए उड़ान मार्ग शुरू किए जाएँगे। सरकार क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और टियर-2 व टियर-3 शहरों को प्रमुख महानगरों से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 19,650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया, जिसका वाणिज्यिक संचालन दिसंबर 2025 तक शुरू हो जाएगा। यह अत्याधुनिक हवाई अड्डा मुंबई हवाई अड्डे पर दबाव को काफी कम करेगा और एक प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

इस बीच, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होने वाला है, जहाँ से 45 दिनों के भीतर घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएँगी। अपने पहले चरण में यह लगभग 10 भारतीय शहरों को जोड़ेगा और जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू होंगी।

2025 तक, कई क्षेत्रीय हवाई अड्डों का संचालन या विस्तार किया जा चुका है, जिससे सीधी उड़ानें शुरू होंगी और पूरे भारत में व्यापार, पर्यटन और संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। बिहार का पूर्णिया अब इंडिगो और स्टार एयर द्वारा कोलकाता और अहमदाबाद से सीधे जुड़ गया है। इस मार्ग पर परिचालन 15 सितंबर से शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित हिंडन हवाई अड्डे को नौ शहरों मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, गोवा, वाराणसी, पटना, इंदौर और अहमदाबाद से जोड़ दिया गया है। इंडिगो ने जुलाई में इन मार्गों पर वाणिज्यिक उड़ान सेवाएँ शुरू की थीं। ओडिशा के बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 1 जनवरी से देहरादून, इंदौर और कोच्चि के लिए नई उड़ानें शुरू कीं। ओडिशा के झारसुगुड़ा स्थित वीर सुरेंद्र साईं हवाई अड्डे ( VSSA ) ने हैदराबाद, लखनऊ और रायपुर के लिए उड़ानें शुरू कीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्टार एयर ने इन मार्गों पर उड़ान संचालन के लिए राज्य सरकार के साथ साझेदारी की है। यह सेवा जनवरी में शुरू हुई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने लिट्टे मामले में सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जो तमिल ईलम की एक अंतरराष्ट्रीय सरकार का 'प्रधानमंत्री' होने का दावा करता है, तथा उसने लिट्टे को गैरकानूनी घोषित करने से संबंधित मामले में सुनवाई की मांग की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा दिखाने के बाद, याचिकाकर्ता विसुवनाथन रुद्रकुमारन के वकील ने याचिका वापस ले ली। रुद्रकुमारन श्रीलंका में जन्मे थे और अब अमेरिका के निवासी हैं। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2024 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें गैरकानूनी गतिविधि न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही में पक्षकार बनने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। लिट्टे को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के मामले में न्यायाधिकरण का गठन जून 2024 में गैरकानूनी गतिविधियाँ अधिनियम, 1967 के तहत किया गया था। रुद्रकुमारन ने उच्च न्यायालय में न्यायाधिकरण के 11 सितंबर, 2024 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें लिट्टे से संबंधित कार्यवाही में सुनवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था।

## इलाज के नाम पर नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी धर्मगुरु गिरफ्तार

**तेलंगाना।** तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में एक स्वयंभू धर्मगुरु को एक नाबालिग लड़की की बीमारी ठीक करने के लिए अनुष्ठान करने के बहाने कथित तौर पर उसका यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने लड़की के परिवार को विश्वास दिलाया था कि वह उसे ठीक कर सकता है। नौ अक्टूबर को उसने निर्मल जिले में एक नदी के किनारे कुछ अनुष्ठान किया।दो दिन बाद (11 अक्टूबर की रात) वह आदिलाबाद शहर में परिवार के घर पर रुका और दावा किया कि लड़की के पूरी तरह ठीक होने के लिए उसके साथ अकेले में कुछ और अनुष्ठान करने की जरूरत है।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id-pdt.juidco@gmail.com,juidcolimited@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

**NIT No** – JUIDCO Ltd/NIT/DPR-PMC/SWM/HC/25/657
**Tender ID** – 2025_UDD_102016_1
**PR No.** – 354878

**Project Title** - "Request for Proposal (RFP) for selection of Consultant for providing Consultancy service for Preparation of DPR of Solid Waste Management (SWM) Project and Project Monitoring Consultancy (PMC) at Chattarpur and Hariharhganj"
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech)
JUIDCO Ltd.

PR 364183 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
(डी0एम0एफ0टी0 मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/27/2025-26(2ND CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के नगर पंचायत अन्तर्गत स्वच्छता/SLRM कार्य हेतु बुनियादी विद्यालय, लातेहार परिसर में अवस्थित पुराना भवन का जीर्णोद्धार एवं बहुउद्देशीय भवन के समीप चाहरदीवारी निर्माण। | 2485500 | 50000 | 5000 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.10.2025 से दिनांक 22.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 364191 (Rural Development) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।**
**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/WSS-24/2025-26 (1st Call) दिनांक 14.10.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 21.10.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 24.10.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 24.10.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction fo Water Supply in Palamau Dak Bangla Neterhat of Mahuwadanr Block for F.Y 2025-26 | 01 | 01 | 403412.00 | 8500.00 | 750 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR 364190 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

### पाकिस्तान का सरेंडर...

# अफगान सेना के हमले से घबराई पाक फौज सीजफायर के लिए गिड़गिड़ाई

एजेंसी । नई दिल्ली

पाकिस्तान-अफगानस्तिान के बीच सीजफायर हो गया है। अफगानस्तिानन से मिली करारी हार के बाद पाकिस्तानी फौज गड़िगड़िाती नजर आई। पहले खुद ही 48 घंटे के सीजफायर का ऐलान कर दयिा। बाद में तालबिान प्रशासन की ओर से भी बयान आया। तालबिान ने कहा, पाकिस्तानी पक्ष के अनुरोध पर, दोनों देशों के बीच आज शाम 5:30 बजे के बाद युद्धविराम लागू हो जाएगा। इस्लामिक अमीरात अफगानस्तिान ने भी अपने सभी बलों को शाम 5:30 बजे के बाद युद्धविराम का पालन करने का निर्देश दिया है, बशर्ते कि दूसरे पक्ष द्वारा कोई उल्लंघन न किया जाए।

इससे पहले पाकस्तिान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानस्तिानन तालबिान से हमारी बातचीत हुई है। दोनों ने 48 घंटे के सीजफायर पर सहमति जताई है। सीजफायर बुधवार शाम 6 बजे से लागू होगा। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों ही बातचीत के ज़रिए इस जटिल लेकिन सुलझने योग्य मुद्दे का सकारात्मक समाधान निकालने के लिए गंभीर प्रयास करेंगे। हालांकि, अफगान सेना के पाकिस्तान पर हमले जारी हैं।

**तालिबान का पलटवार :** तनाव बढ़ने का मुख्य कारण पाकिस्तान के सीमाई क्षेत्र में हुई झड़प रही। तालिबान प्रवक्ता मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने स्पिन बोल्डक पर हमला किया, जिसमें 12 नागरिक मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इसके जवाब में तालिबान ने बड़ी सैन्य कार्रवाई का दावा किया। मुजाहिद ने बताया कि अफगान सेना ने कई पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, उनकी चौकियों और सैन्य केंद्रों पर कब्जा किया, टैंकों और हथियारों को अपने कब्जे में लिया, और अधिकांश सैन्य प्रतिष्ठान नष्ट कर दिए। अफगानिस्तान की तरफ से यह दावा दोनों देशों के बीच मौजूदा गतिरोध को एक सैन्य संघर्ष में बदलता दिख रहा है। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इस दावे की कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन नहीं हुआ है।

## काबुल में बमबारी या ईंधन टैंक हादसा?

इससे चंद घंटे पहले पाकिस्तानी एयरफोर्स ने एक बार फिर अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर एयर स्ट्राइक का दावा किया। कुछ वीडियो भी जारी किए, जिनमें बीच काबुल शहर में धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आया। हालांक, तालबिान ने पाकिस्तानन के दावे को खारजि कर दिया है। वह एक ऑयल टैंकर में आग लगने की वजह से उठा था। ने बताया कि तैमानी इलाके में पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने कथित तौर बमबारी की। एएमयू ने बताया कि शहर में दूसरे विस्फोट की आवाज भी सुनी गई, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि पाकिस्तान ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया। इस प्रकार, काबुल में हुए धमाके को लेकर दोनों पक्षों के दावे पूरी तरह अलग हैं।



**मलबे में दबे कई लोग :** स्पिन बोल्दक जिले के सूचना अधिकारी अली मोहम्मद हकमल ने टोलू न्यूज़ को बताया कि पाकिस्तान की सेना ने आज दोपहर के बाद कंधार के स्पिन बोल्दक जिले के कंडक इलाके में नागरिकों के घरों को निशाना बनाया और आम लोगों को हताहत किया। उनके अनुसार, कुछ लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं।

## पहले सेना का पोस्ट उड़ाया, फिर पाक का टैंक ले उड़े तालिबानी

**संघर्ष के पीछे टीटीपी जैसे सशस्त्र समूह और पाकिस्तान-तालिबान का संबंध प्रमुख कारण**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झगड़े की नई तस्वीरों ने दुनिया को हिला कर रख दिया है। जहां पर पाकिस्तानी सैनिकों के खिलाफ अफगान प्रशासन के तालिबानी लड़ाके हावी होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार के प्रवक्ता जबीबुल्लाह मुजाहिद ने दो वीडियो जारी किए हैं। इन दो वीडियो में भीषण गोलीबारी और एक वीडियो में पाकिस्तानी टैंक पर तालिबानी लड़ाके सवार होकर उसे चलाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के पीछे से आवाज आ रही है कि देखो ये तालिबानी लड़ाके पाकिस्तान टैंक चला रहे हैं। इस पूरे मामले में जबीउल्लाह मुजाहिद ने सबसे नई जानकारी दी है, उसमें कहा है कि एक बार फिर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 15 अक्टूबर की सुबह पाकिस्तान के जवानों ने अफगानिस्तान पर लाइट और हेवी वेपन्स के साथ कंधार रेंज के स्पिन बोल्डक जिले में हमला किया। इस हमले के कारण 12 आम नागरिक की मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। इसके बाद अफगानी सेना ने भी इसका पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। जबीबुल्लाह मुजाहिद का दावा है कि इस ताकतवर बदले की कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी सैनिक में मारे गए। इसके अलावा मुजाहिद ने कहा कि उनके पोस्ट और सेंटर्स पर तालिबानी लड़ाकों का कब्जा हो चुका है। इसके अलावा उनके हथियार और टैंक को भी तालिबान के लोगों ने सीज कर लिया है। उन्होंने कहा है कि वहां मौजूद जितनी भी पाकिस्तान की सेना का इंफ्रास्ट्रक्चर था उसे भी पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे झगड़े के कुछ ही देर बाद इस पूरे मामले पर काबू कर लिया गया। लेकिन जबीबुल्लाह मुजाहिद ने ये भी दावा किया है कि अफगानिस्तान डिफेंस फोर्स के मुजाहिद्दीन इस वक्त पूरी तरह से अपनी जमीन की सुरक्षा करने के लिए तैयार हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों को किया 20 नवंबर को किया तलब

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर 20 नवंबर 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह कदम अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) के लिए एक समान मानकों को लागू करने में देरी और लापरवाही के कारण उठाया गया है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने साफ शब्दों में कहा, "कोई बहाना स्वीकार नहीं होगा।" अधिकारियों को कारण बताओ हलफनामा दाखिल करना होगा कि कोर्ट के निर्देशों का पालन क्यों नहीं हुआ।यह मामला 2016 में शुरू हुआ, जब निजी अस्पतालों में चिकित्सा लापरवाही और आईसीयू/सीसीयू के लिए मानकों की कमी की शिकायत सामने आई थी। 2024 में मूल याचिका खारिज होने के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में क्रिटिकल केयर सुविधाओं के मानकीकरण की निगरानी जारी रखने का फैसला किया। कोर्ट ने 5 अगस्त 2025 को राज्यों को कॉर्पोरेट अस्पतालों सहित सभी हितधारकों



आईसीयू व सीसीयू में एक समान मानकों के अभाव, रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक से जुड़ा है मामला

के साथ बैठक कर भर्ती, उपचार, स्टाफिंग, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के लिए मसौदा मानदंड तैयार करने का निर्देश दिया। प्रत्येक राज्य के शीर्ष स्वास्थ्य सचिव को इन प्रस्तावों पर हस्ताक्षर कर व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने को कहा गया। 19 अगस्त 2025 को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि कई राज्य निर्देशों का पालन करने में विफल रहे। 30 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा को कुछ राज्यों के अनुरोध पर बढ़ाया गया, लेकिन 13 अक्टूबर तक 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने या तो रिपोर्ट जमा नहीं की या देरी से जमा की। नाराज कोर्ट ने इसे "लापरवाह रवैया" करार देते हुए कहा, "हमारी उदारता का गलत फायदा उठाया गया।" नोटिस प्राप्त करने वाले राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, लद्दाख, अंडमान-निकोबार, और दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव शामिल हैं। कोर्ट ने मानकों को अंतिम रूप देने के लिए एक तीन सदस्यीय समिति गठित की, जिसमें अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी, एमिकस क्यूरी करण भरिहोक और एम्स (नई दिल्ली) के कार्डियोलॉजी प्रोफेसर डॉ. नितीश नाइक शामिल हैं। समिति को उपलब्ध सामग्री के आधार पर मसौदा रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। कोर्ट ने राज्यों को चेतावनी दी कि आगे अनुपालन न करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह कदम देशभर में क्रिटिकल केयर सुविधाओं की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि रोगी सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। 20 नवंबर की सुनवाई में सभी स्वास्थ्य सचिवों की उपस्थिति और उनके जवाब इस मामले में अगले कदम तय करेंगे।

### रूस ने जेएफके हत्याकांड की फाइल अमेरिकी सांसद को सौंपी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस सदस्य अन्ना पॉलिना लूना ने कहा है कि वाशिंगटन स्थित रूसी दूतावास के राजदूत ने उन्हें 1963 में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी की हत्या पर सोवियत काल की एक रिपोर्ट सौंपी है। लूना ने एक्स पर लिखा, "मुझे रूस के राजदूत से जेएफके की हत्या पर रिपोर्ट की एक हार्ड कॉपी मिली है। विशेषज्ञों की एक टीम इन दस्तावेजों का अनुवाद और समीक्षा शुरू करेगी।

## दिवाली से पहले ही दिल्ली की हवा हुई जहरीली

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ल्ली की हवा अभी से जहरीली हो चली है, जबकि दिवाली के पटाखे तो फूटे भी नहीं! सर्दी की दस्तक के साथ प्रदूषण बढ़ रहा है। मंगलवार सुबह 5:30 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 हो गया, जो 'खराब' श्रेणी में है। इससे पहले सोमवार शाम 4 बजे यह 189 था। आनंद विहार जैसे इलाकों में तो हालत और बुरी – वायु गुणवत्ता सूचकांक 374 तक पहुंचा, जो 'बहुत खराब' है। ठंड बढ़ने से प्रदूषक हवा में लटक जाते हैं, और सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार ऊपर चढ़ रहा। शनिवार सुबह 191, रविवार 167, सोमवार 185, और मंगलवार 200। नोएडा में भी 209 के आसपास 'खराब' रहने की आशंका। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, 14 अक्टूबर तक यह 'खराब' श्रेणी में रहेगा।इससे हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर और सीओपीडी क्रॉनिक फेफड़ों



की बीमारी हो सकती हैं। पंजाब-हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण बढ़ाता है, लेकिन इस साल अभी इसका असर कम (0.6%) है। फिर भी, वाहन, निर्माण और धूल से हवा खराब हो रही।दिवाली नजदीक है, लेकिन हवा को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी। यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 पार कर गया, तो हालात और बिगड़ेंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भविष्यवाणी है कि 16 अक्टूबर तक 'बहुत खराब' हो सकता है।इसलिए सतर्क रहें, स्वस्थ रहने की हर संभव कोशिश करें।

## द इंडियन एक्सप्रेस के साक्षात्कार के बाद भारतीय मूल के प्रसिद्ध विदेश नीति विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस वर्जीनिया में गिरफ्तार

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने बदले की भावना से कई तरह के उपक्रम शुरू कर दिए हैं । भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक व विश्व प्रसिद्ध विदेश नीति विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस को 11 अक्टूबर, 2025 को वियना, वर्जीनिया में वर्गीकृत राष्ट्रीय रक्षा जानकारी को अवैध रूप से रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।अमेरिकी न्याय विभाग ने 14 अक्टूबर, 2025 को उनकी गिरफ्तारी की घोषणा की। उनके घर की तलाशी में एफबीआई एजेंटों को ये दस्तावेज़ बंद अलमारियों, उनकी मेज और



उनके तहखाने में कूड़ेदानों में रखे हुए मिले।अदालती दस्तावेजों से पता चलता है कि वीडियो निगरानी ने टेलिस को सरकारी प्रतिष्ठानों में वर्गीकृत दस्तावेजों की छपाई करते और उन्हें एक ब्रीफकेस या बैग में छिपाते हुए कैद कर लिया। हलफनामे में यह भी उल्लेख किया गया है कि टेलिस ने हाल के वर्षों में चीनी सरकारी अधिकारियों के साथ कई बैठकें की, जिसमें एक मामला कथित तौर पर एक लिफाफे का आदान-प्रदान करने का भी है। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या कोई गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान हुआ था। चर्चा है कि एशले जे. टेलिस ने द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में , जो 25 सितम्बर को छपा है , ऐसी कुछ सच्ची बातें कही हैं जिसको लेकर ट्रंप उनकी कोटरी उखड़ गई है। उसी के बाद से उनको अमेरिका में गिरफ्तार किया गया।और उन पर चीन से संबंध बढ़ाने , उसके लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा था कि ट्रंप की वापसी ने दुनिया की राजनीति को हिला दिया है। खासकर भारत के लिए, जहां अमेरिका अब सिर्फ दोस्त नहीं, बल्कि व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी भी लगने लगा है। इस बदलाव को समझाने के लिए 'इंडियन एक्सप्रेस' की पत्रकार रितिका चोपड़ा ने हाल ही में एश्ले जे. टेलिस से बात की। ये कदम ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा है, जहां विदेशी निवेश और नौकरियां अमेरिकी हितों के अधीन हैं। इस नजरिए में भारत की जगह बदल गई है। पहले, अमेरिका भारत को चीन के खिलाफ भू-राजनीतिक साझेदार मानता था— क्वाड गठबंधन इसका उदाहरण है, जहां भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया मिलकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को मजबूत करते हैं। लेकिन अब, ट्रंप के आर्थिक फोकस में भारत भी 'राइवल' कैटेगरी में आ गया।

### हमास ने कर दिया धोखा, लौटाए गए 4 शवों में से एक बॉडी इजरायली बंधक की नहीं

**नई दिल्ली ।** गाजा पीसा प्लान के तहत हमास ने इजरायल को 4 मृत बंधकों के शव लौटाए थे। हमास ने इस दौरान इजरायल के साथ धोखा किया था जिसका अब खुलासा हो गया है। हमास ने मृत बंधकों के जो शव लौटाए थे उनमें से एक शव इजरायली बंधक का नहीं है। इजरायली बंधक बताकर जो शव भेजा गया है वो गाजा के किसी शख्स का है। हमास की इस हरकत के बाद इजरायल के तेवर सख्त नजर आ रहे हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि मंगलवार को हमास की ओर से सौंपे गए 4 शवों में से एक बंधक का नहीं है। इजरायली सेना के इस बयान के बाद सीजफायर को लेकर हमास की मंशा पर सवाल खड़े होने लगे हैं।इजरायली अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि हमास युद्धविराम समझौते के तहत किए गए अपने वादों का उल्लंघन कर रहा है और उसे मृत बंधकों के शव तुरंत लौटाने होंगे।

### बांग्लादेश में 35 साल बाद केंद्रीय छात्र संघ की राजनीति एक्टिव

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के चटगांव में करीब 35 सालों के बाद छात्र



संघ एक बार फिर से एक्टिव हो चुका है। 35 साल बाद चटगांव विश्वविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ (सीयूसीएसयू) और हॉल यूनियनों के चुनाव बुधवार को हो रहे हैं। सीयूसीएसयू के सातवें चुनाव के लिए मतदान सुबह 9 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चलेगा। इसके साथ ही वोटिंग खत्म होने के तुरंत बाद ही काउंटिंग भी शुरू हो जाएगी। वोटिंग के बीच पूरे परिसर में चौदह एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन पर काउंटिंग के लाइव अपडेट दिखाए जाएंगे। विश्वविद्यालय अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय संघ के परिणाम व्यवसाय प्रशासन संकाय से घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही हॉल यूनियन के परिणाम संबंधित केंद्रों से घोषित किए जाएंगे। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, यूनिवर्सिटी के कुल 27,518 छात्र वोटिंग करेंगे, जिनमें से 16,189 पुरुष और 11,329 महिलाएं हैं।

### सुशीला कार्की ने बिपिन जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**काठमांडू ।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बुधवार



को नेपाली नागरिक बिपिन जोशी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। 2023 से हमास के कब्जे में रहे जोशी का शव हमास ने इजरायल को सौंप दिया था। कार्की ने एक्स को लिखा, "दो साल की अटूट आशा और प्रार्थनाओं के बीच बिपिन जोशी के दुखद निधन की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं। इस हृदय विदारक समाचार ने हमें गहरा दुःख पहुंचाया है।

इस कठिन समय में, मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और शोकाकुल परिवार व रिश्तेदारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, 23 वर्षीय जोशी, 7 अक्टूबर के हमलों से ठीक 25 दिन पहले, सितंबर 2023 में 'लर्न एंड अर्न' कार्यक्रम के तहत इजरायल पहुंचे थे, जहां वे किबुत्ज अलुमिम में अध्ययन और कार्य कर रहे थे।

## अलविदा 'कर्ण'

### महाभारत के दिग्गज अभिनेता पंकज धीर का कैंसर से निधन, टीवी इंडस्ट्री को गहरा झटका

बीआर चोपड़ा की 1988 की टीवी श्रृंखला महाभारत में कर्ण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता पंकज धीर का बुधवार को निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि पंकज धीर कैंसर से जूझ रहे थे। धीर के मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने 'पीटीआई- भाषा' को बताया, आज सुबह कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। पंकज धीर के खाते में चंद्रकांता, बढ़ो बहू, ज़ी हॉरर शो, कानून और हाल ही में ससुराल सिमर का जैसे टीवी धारावाहिकों के साथ-साथ सोल्जर, अंदाज़, बादशाह और तुमको ना भूल पाएंगे जैसी फिल्में भी शामिल हैं। उनके बेटे निकितिन धीर भी एक अभिनेता हैं।

**महाभारत में कर्ण की भूमिका के लिए अभिनेता ने कैसे की तैयारी**



एक पुराने साक्षात्कार में, पंकज धीर ने एक बार खुलासा किया था कि महाभारत में कर्ण की भूमिका की तैयारी के लिए उनके पास कोई ठोस संसाधन नहीं थे। बीआर चोपड़ा द्वारा टीवी सीरीज़ बनाने से पहले, इस महाकाव्य पर आधारित दो घंटे की एक फ़िल्म बन चुकी थी, लेकिन उसमें कर्ण का ज़्यादा ज़िक्र नहीं किया गया था। इसने पंकज धीर को इस प्रतिष्ठित भूमिका को निभाने से नहीं रोका; बल्कि उन्होंने एक अभिनेता के रूप में अपनी संवेदनशीलता का इस्तेमाल करके इस किरदार को जीवंत कर दिया। पंकज धीर बताते हैं कि उनके ज़्यादातर दृश्य दुर्योधन और शकुनि के साथ थे, जो नाटकीय किरदार थे। उनके बीच अपनी उपस्थिति बनाए रखना काफ़ी मुश्किल था। हालाँकि, महाभारत के कर्ण, पंकज धीर इस बात से खुश हैं कि वे दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे, इतना कि कर्ण पर आधारित कई किताबों में उनकी तस्वीर एक वीर योद्धा के रूप में प्रकाशित होती है।




# रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे ट्रैफिक जाम पर हाइकोर्ट सख्त, कार्रवाई का आदेश

- जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने का निर्देश
- अगली सुनवाई 13 नवंबर को होगी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने नवनिर्मित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे ऑटो-सिटी बसों के अवैध ठहराव से हो रही परेशानी को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पक्ष सुनने के बाद कहा कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे टेंपो-छोटी बसों के लगे रहने से होनेवाली सड़क जाम से निबटा जाए। किसी भी परिस्थिति में सड़क पर जाम नहीं लगना चाहिए। राज्य सरकार व रांची नगर निगम को सड़क जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने मामले में सरकार व रांची नगर निगम को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 13 नवंबर की तिथि निर्धारित की। इससे पूर्व सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश व रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता वंदना सिंह ने पैरवी की। उनकी ओर से बताया गया कि रातू रोड में सड़क जाम को लेकर ट्रैफिक डीएसपी व रांची नगर निगम की बैठक हुई थी। नागा बाबा खटाल के पास अवस्थित वेजिटेबल मार्केट के बेसमेंट तथा जाकिर हुसैन पार्क के पुराने स्टैंड को पार्किंग स्थल के रूप में बनाने का सुझाव आया था। बाद में ट्रैफिक डीएसपी ने इन स्थलों का भौतिक सत्यापन किया तथा पाया कि दोनों जगहों पर पार्किंग स्थल बनाने में कई समस्याएं हैं। वेजिटेबल मार्केट के बेसमेंट में दीवारों से पानी रिसता है, लाइट की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। वहीं जाकिर हुसैन पार्क स्थल पर जमीन समतल नहीं है तथा लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं है। वहां कुछ गड्ढा में पानी का जमाव भी है। ट्रैफिक डीएसपी ने उक्त स्थलों को दुरुस्त करने का निर्देश रांची नगर निगम को दिया है। उल्लेखनीय है कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर व रातू रोड में ऑटो के बेतरतीब परिचालन व सड़क पर खड़ा करने से यातायात बाधित रहने को लेकर प्रभात खबर में समाचार प्रकाशित हुआ था। इस पर झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। ऑटो व छोटी यात्री बस वालों ने रातू रोड को ही स्टैंड बना दिया है।

# ई-आक्शन में लागू हों पुराने प्रावधान : चंद्र प्रकाश चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड के सात कोयला प्रभावित जिलों में अंशकालिक अधिकरण (पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल) की तत्काल स्थापना एवं आगे चलकर पूर्णकालिक अधिकरण (फुल टाइम ट्रिब्यूनल) गठित करने को लेकर भारत सरकार के कोयला सचिव विक्रम देवदत्त से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने कोयला सचिव को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड के कोयला परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापितों और हितग्राहियों के हक की रक्षा के लिए 15 मार्च 2024 को एक प्रशासकीय आदेश जारी किया गया था, जिसके अनुसार सात जिलों में अधिकरण स्थापित किया जाना था। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2024 को इस विषय पर एक पत्र पहले भी भेजा गया था, किंतु अब तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई है। सांसद ने कहा कि यह अधिकरण विस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा, पर्यावरणीय प्रभाव तथा सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## हाईकोर्ट ने झारखंड सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर रोक बरकरार रखी

**रांची।** हाईकोर्ट ने झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के परिणाम के प्रकाशन पर लगाई गई अंतरिम रोक को बरकरार रखा है। परीक्षा में कथित पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की बेंच में करीब दो घंटे तक सुनवाई चली। इस दौरान राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन और जेएसएससी के अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने कहा कि अब तक की जांच में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। सीआईडी की ओर से मामले की जांच की जा रही है, लेकिन ऐसा कोई प्रमाण नहीं सामने आया है, जिसके आधार पर इसकी जांच सीबीआई को सौंपी जाए। जेएसएससी के अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने कहा कि यह पूरा विवाद कोचिंग माफिया द्वारा प्रायोजित किया गया है ताकि भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। अदालत ने इस मामले में याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों का पक्ष सुनने के लिए अगली सुनवाई की तारीख 29 अक्टूबर निर्धारित की है।

## झारखंड में वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने की रणनीति तैयार

# दिसंबर तक ट्रेनिंग पूरी करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की अभियान निदेशक आराधना पटनायक की अध्यक्षता में बुधवार को आरसीएच सभागार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राधना पटनायक ने झारखंड राज्य में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार और फाइलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की वर्तमान स्थिति पर गहन चर्चा की गई एवं समय रहते प्नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में राज्य में संचालित वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की प्रगति, चुनौतियां एवं आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। आराधना पटनायक ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलों के उपायुक्त एवं सभागार में उपस्थित सिविल सर्जन से कहा कि डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार एवं चिकनगुनिया वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए समय पर सर्वेक्षण जन जागरूकता स्वच्छता सामुदायिक भागीदारी एवं प्रभावी निगरानी की आवश्यकता है और गुणवत्ता का ध्यान देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मियों,सहिया एवं सुपरवाइज़रों के लिए निरंतर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं, ताकि वे नवीनतम तकनीकों, रोग पहचान, और नियंत्रण के उपायों में दक्ष हो सकें। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की ट्रेनिंग दिसंबर तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। सिकल सेल एनीमिया कार्ड का वितरण प्रखंड स्तर तक ज्यादा से ज्यादा करने की बातें कही। झारखंड में 31 दिसंबर तक सभी कमजोर आबादी का टीबी से संबंधित एक्स-रे एवं स्क्रीनिंग करने का निदेश सभी सिविल सर्जन को दिया गया। बैठक के दौरान, एनसीवीबीडीसी निदेशक डा. तनु जैन ने कहा की झारखंड ने वर्ष 2023 में कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बालू मखखी से फैलने वाली बीमारी कालाजार पर नियंत्रण के लिए घरों में कीटनाशक का छिड़काव एवं मरीज की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि ये फिर से ना बढ़ सके। समय- समय पर सर्विलांस, मॉनिटरिंग एवं क्वालिटी आईआरएस (घर के अंदर की दीवारों पर कीटनाशक का छिड़काव) के साथ क्षेत्रीय भाषा में आईसी का उपयोग करके हम कालाजार पर पूर्ण रूप से नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं। डॉ छवि पंत जोशी ने हाथी पांव रोग को लेकर सभी जिलों की समीक्षा की एवं इसकी जागरूकता एवं बचाव हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में डॉ छवि पंत जोशी, डॉ संबित प्रधान, डॉ सिद्धार्थ सान्याल, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं सभी जिले के उपायुक्त एवं सिविल सर्जन, राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी एवं परामर्शी, एवं अन्य सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# रांची में जिला प्रशासन के तय स्थानों पर पटाखा दुकानें लगनी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची में जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित स्थान पर पटाखा दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन ने रांची में मोरहाबादी मैदान, जयपाल सिंह स्टेडियम, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, शास्त्री मैदान चुटिया, सेठ सीताराम मैदान डोरंडा और एससी आवासीय विद्यालय बुंडू को क्लस्टर बनाया गया है। इन्हीं क्लस्टर में पटाखों की बिक्री होगी। इसके अलावा अन्य स्थानों पर पटाखा की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इन स्थानों पर विक्रेताओं को प्रशासन की ओर से लाइसेंस दिया गया है। बिना लाइसेंस के पटाखे की बिक्री नहीं की जा सकती। अधिकारियों के अनुसार, इस साल व्यापारियों की तरफ से ज्यादा दिलचस्पी दिखाई गई है।

पिछले साल 461 अस्थायी लाइसेंस दिए गए थे, लेकिन इस बार 1,319 आवेदन आए हैं। लेकिन, कुल लाइसेंस की संख्या 700 तक ही सीमित रहेगी। खास मौकों पर इसमें 10-15% की बढ़ोतरी की जा सकती है। पटाखों की बिक्री के लिए गाइडलाइन जारी प्रशासन ने निर्धारित जोन में पटाखे बेचने वाले दुकानदारों के लिए गाइडलाइन जारी की है। एक-दूसरे दुकान के बीच कुछ दूरी रखनी होगी। दुकान से 50 फीट के अंदर आतिशबाजी पर रोक रहेगी। दुकानदारों को अपनी दुकानों में दो-दो फायर एक्सटिंग्विशर, बालू से भरी बाल्टी, पानी से भरा टैंक रखना होगा। साथ ही बिजली का कनेक्शन सुरक्षित तरीके से करना होगा। बिजली के तार कोटेड होंगे और स्विच बोर्ड सुरक्षा मानक के अनुरूप लगाने होंगे। अस्थाई दुकानों के पास फायर टेंडर को भी तैनात किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके। लक्ष्य- सुरक्षित और व्यवस्थित त्योहार का माहौल बने अधिकारियों के अनुसार, प्रशासन सुरक्षा और विभागों के बीच तालमेल को सबसे ज़्यादा अहमियत दे रहा है, ताकि भीड़भाड़ और खतरे से बचा जा सके। सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनी गई जगहों के पास आग से सुरक्षा के इंतजाम, ट्रैफिक को कंट्रोल करने और कूड़ा-कचरा ठीक से निपटाने का ध्यान रखें। प्रशासन का लक्ष्य सभी के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित त्योहार का माहौल बनाना है।

# राज्य में अपराधियों का तांडव पुलिस बनी है मूकदर्शक : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में लगातार बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजधानी रांची के कटहल मोड़ पर दिनदहाड़े सीमेंट कारोबारी राधेश्याम साहू पर हुई गोलीबारी ने यह साबित कर दिया है कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं बची है। अपराधी खुलेआम तांडव मचा रहे हैं, जानलेवा हमले और गोलीबारी कर व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं लेकिन हमारा पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। श्री मरांडी ने कहा कि लगातार कारोबारियों पर हो रहे हमलों से व्यावसायिक समुदाय में भय और असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है। हालात इतने वीभत्स हो गए हैं कि झारखंड में अब कारोबार करना खतरे से खाली नहीं रहा। जब राजधानी ही असुरक्षित है, तो प्रदेश के बाकी हिस्सों की स्थिति का अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। कहा कि धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, जमशेदपुर जैसे शहरों में अपराधी भयादोहन करने लिए फायरिंग कर आतंक पैदा किए हुए हैं। व्यवसायी से लेकर डॉक्टर तक भयादोहन के शिकार बनाए जा रहे हैं। ऐसा लगता है इस धंधें का हिस्सेदार भी पुलिस और सत्ता में बैठे लोग हैं। कहा कि कानून व्यवस्था संभालने के बजाय पुलिस वसूली में व्यस्त है। अपराधियों को कांड करने की खुली छूट मिली हुई है, जिससे आम जनता और व्यापारी वर्ग भयभीत हैं। उन्होंने तत्काल अपराधियों की गिरफ्तारी और प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की राज्य सरकार से मांग की।

## अवैध खनन का खेल जोरों पर : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अवैध खनन, मजदूरों की मौत पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा कि मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को धनबाद जिले में चल रहे अवैध कोयला खनन ने एक बार फिर आठ निर्दोष मजदूरों की जान ले ली, जबकि 8-10 मजदूर अब भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाले हैं, और अब खनन माफियाओं के दलाल उनके परिजनों को पैसे देकर चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। कहा कि इस गोरखधंधे के हिस्सेदार पुलिस, स्थानीय और प्रशासनिक अधिकारी अपने कर्तव्य निभाने, यानी केस दर्ज करने, दोषियों पर कार्रवाई करने और लापता मजदूरों को बचाने के बजाय लाशें गायब कराने और पीड़ित परिवारों को चुप कराने की मुहिम में शामिल बताए जा रहे हैं।

# राज्य में चल रहा धर्मांतरण का खेल : प्रतुल शाहदेव

- ग्राम सभा के विरोध के बावजूद सभाओं पर रोकथाम नहीं
- महाअभिषेक शब्द को चर्च के साथ जोड़कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य में निरंतर धर्मांतरण का खेल जारी है। प्रतुल ने कहा कि सरकार के प्रोजेक्ट भवन मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर चांद गांव में गैर कानूनी तरीके से चंगाई सभा लंबे समय से चल रहा है। चंगाई सभा में बड़े-बड़े चमत्कार का दावा किया जाता है और अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जाता है। इस आड़ में धर्मांतरण किया जाता है। प्रतुल ने कहा की हरदाग पंचायत के अंतर्गत चांद ग्राम के अखड़ा में ग्राम सभा ने बैठक कर इस मुद्दे पर लिखित विरोध जाहिर किया था और अविलंब चंगाई सभा को बंद करने की मांग की थी। लेकिन राज्य सरकार और पुलिस पर कोई असर नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा कि जब आदिवासी ऐसी सभाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं तो फिर सरकार सिर्फ तुष्टीकरण के कारण आंख मूंद कर बैठी है।

प्रतुल ने कहा की आजकल झारखंड में एक नए चर्च की चर्चा है जिसके नाम के साथ महाअभिषेक शब्द जुड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस चर्च पर भी नशा मुक्ति की आड़ में धर्मांतरण के खेल खेलने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा यह बड़े आश्चर्य की बात है कि इस चर्च का नाम में महाअभिषेक जुड़ा है जिसका अर्थ होता है पवित्र जल या दूध से देवता या किसी मूर्ति का स्नान कराना। लेकिन ईसाई धर्म के कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों जगह पर मूर्ति पूजन सख्त मना है। फिर यह नाम लोगों को दिगभ्रमित करने के लिए रखा गया है। कुछ समय पहले एक छोटे से चर्च ने माता मरियम को लाल पाड़ वाली साड़ी पहनाकर यहां के स्थानीय आदिवासियों को बरगलाने की कोशिश की थी।

प्रतुल ने कहा कि अविलंब पूरे झारखंड में गैर कानूनी रूप से आयोजित हो रहीचंगाई सभा पर रोक लगे जिसमें चमत्कार का दावा किया जाता है और धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जाता है। प्रेस वार्ता में प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

# हजारीबाग भूमि घोटाले में एसीबी की रडार पर स्निग्धा सिंह

## कोर्ट में लगाई अग्रिम बेल की गुहार

**रांची।** हजारीबाग डीसी रहते विनय चौबे के द्वारा कथित रूप से वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियमविरुद्ध म्यूटेशन के मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कर रहा है। इस केस में एसीबी ने विनय चौबे के करीबी नेक्स्जेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह को भी आरोपी बनाया है। जिसके बाद स्निग्धा सिंह अब एसीबी की रडार पर हैं। एसीबी उन्हें नोटिस देकर पूछताछ के लिए भी बुलाया था, लेकिन वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। इस बीच स्निग्धा सिंह ने अपनी अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए हजारीबाग एसीबी कोर्ट से गुहार लगाई है। उनकी जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। स्निग्धा सिंह एसीबी की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं। एसीबी सूत्रों के अनुसार जिस भूमि को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है वह विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है।

# उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करने का नया, तरीका बना स्मार्ट मीटर : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करने का नया तरीका शुरू कर दिया है। राजधानी रांची के हर क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली बिल के लिए विभागीय दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें ना तो सही बिल मिल पा रहा है, ना ही अधिकारियों से कोई संतोषजनक जवाब। अजय राय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा, हर डिवीजन और सबडिवीजन में उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लगती हैं। घंटों इंतजार के बाद जब लोग अधिकारी से पूछते हैं कि बिल कहां है, तो जवाब मिलता है- 'सिस्टम अपडेट हो रहा है।' आखिर कब तक सिस्टम अपडेट होता रहेगा? उन्होंने आगे कहा, जब तक विभाग का पूरा सिस्टम अपडेट नहीं होता, तब तक उपभोक्ताओं का लाइन नहीं कटना चाहिए। या, विभाग सुनिश्चित करे कि उपभोक्ता को बिल समय पर और सही रूप में मिले। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य पारदर्शिता और सटीक बिलिंग था, लेकिन हकीकत यह है कि सिस्टम फेल है और उपभोक्ता बेहाल हैं। कई जगहों पर उपभोक्ताओं से बिना बिल दिए ही भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर, रांची के टाटीसिलवे, लालपुर, कोकर, हरमू, बरियातू, हिनू, धुर्वा, रातू रोड और कांके डिवीजन में उपभोक्ता तीन-तीन महीने से बिल का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, कुछ जगहों पर बिल का मीटर रीडिंग से कोई तालमेल नहीं है, जिससे उपभोक्ता दोगुना-तीन गुना बिल देखकर हैरान हैं। अजय राय ने कहा, यह विडंबना है कि उपभोक्ताओं को ज्ञान बांटने वाले बिजली अधिकारी खुद बिल उपलब्ध कराने में नाकाम हैं। जो विभाग अपने उपभोक्ताओं को समय पर बिल नहीं दे सकता, उसे स्मार्ट नहीं, 'फेल' विभाग कहना अधिक उचित है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल किया कि क्या उपभोक्ताओं की आवाज अब आपकी सरकार तक नहीं पहुंचती? अजय राय ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ व्यापक रूप से जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा, जिसमें उपभोक्ताओं के साथ मिलकर चरणबद्ध विरोध किया जाएगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**थॉमस 1400 बार असफल हुए...**

चौहान ने बच्चों से कहा कि छात्र अंक के कारण ही तनाव में आ जाते हैं। जबकि अंक आपके व्यक्तित्व, प्रतिभा की पहचान ही नहीं है। अंक एक सूचक मात्र है, वो बतलाता है कि अभी आप कहां खड़े हैं। अंक को चुनौती के रुप में जरुर लें, पर डर या तनाव के रूप में कभी भी नहीं। मौके पर चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करता एक कहानी भी सुनाई। अमित अच्छा फुटबॉल खेलता था। वो स्टेट की टीम में शामिल होना चाहता था। इसके लिए खूब मेहनत करता, फिर भी सलेक्ट नहीं हो पाता था। थककर अमित ने प्रैक्टिस छोड़ दिया। 3 सप्ताह तक जब अमित अभ्यास के लिए नहीं आया तब, उसका कोच घर आया और उससे अभ्यास छोड़ने का कारण पूछा। अमित निराश भाव से कहा, यह मुझसे नहीं हो पाएगा। कोच अमित को एक लोहार के दुकान में ले गया और कहा, सिर्फ ध्यान से देखो कि लोहार करता क्या है। अमित ने देखा, लोहार एक लोहे के टुकड़े को बड़े हथोड़े से पिटता है। लेकिन लोहा में कोई फर्क नहीं पड़ता। अब लोहार लोहे को आग की भट्टी में डाल देता है। जब लोहा तप कर लाल हो जाता है, तब बाहर निकाल कर उसे फिर हथोड़े से पिटता है। इस बार लोहा कुछ आकार लेता है। लोहार लोहे को फिर गर्म करता है, पिटता है। ऐसा वो कई बार करता है। आखिरकार लोहार उस लोहे को सुंदर कलश का रूप दे देता है। अब कोच अमित से कहता है, लोहार जब लोहे को कूट रहा था, तब शुरुआती दौर में लोहे पर कुछ भी असर नहीं हो रहा था। यानी लोहार का हर प्रहार असफल हो रहा था। ऐसे में लोहार अपनी असफलता पर वहीं रुक क्यों नहीं गया ? अमित कहता है, यह असफलता थोड़े ही थी, कलश बनाने की शुरुआती प्रक्रिया थी। अगर लोहार रुक जाता तो इतना सुंदर कलश कैसे बनता। कोच मुस्कुरा कर बोला, फिर तुम अपनी शुरुआती प्रक्रिया को कैसे रोक दिये ? अमित को झटका लगा, वो तुरंत कोच का हाथ पकड़ा और अभ्यास के लिए मैदान में पहुंच गया। सब कुछ भूलकर नए सिरे से अभ्यास शुरू कर दिया। परिणाम यह, अगले सीजन में स्टेट टीम के लिए चुन लिया गया।

**घाटशिला उपचुनाव का सज गया रण सोमेश...**

बनाए रखना है। बाबूलाल सोरेन वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट से चुनाव लड़े थे और मुकाबला रामदास सोरेन से था। वैसे, वे चुनाव हार गए थे। पिछले चुनाव में विजयी रामदास सोरेन को 98,356 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के बाबूलाल सोरेन को 75,910 वोट हासिल हुए थे।

**भाजपा ने चंपाई सोरेन के...**

ने बाबूलाल सोरेन को मैदान में उतारा था। हालांकि, वे चुनाव हार गए थे। वर्ष 2024 में इस सीट पर विजयी हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रामदास सोरेन का तीन माह पहले निधन हो गया। इस वजह से यहां उपचुनाव कराया जा रहा है।

**घाटशिला विस क्षेत्र में पुरुषों से...**

में है और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के अनुसार, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उपचुनाव की अधिसूचना 13 अक्टूबर 2025 को जारी कर दी गई है। प्रत्याशी के नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 है। 24 अक्टूबर 2025 तक नाम वापस लिया जा सकेगा। घाटशिला विस सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में 11 नवंबर 20025 को मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर 2025 को कराई जाएगी।

**प्रोत्साहन** उद्यमिता विकास पर 'एक दिवसीय संवाद' कार्यक्रम का आयोजन

# सफल उद्यमियों ने साझा की अपनी सफलता की कहानियां

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राज्य सरकार की उद्यमिता को बढ़ावा देने की नीति के तहत बुधवार को नगर निगम सभागार में "उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा स्वरोज़गार एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है। जिला प्रशासन एवं पलाश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रांची के विभिन्न प्रखंडों से आए स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में जीएमडीआईसी द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इन योजनाओं से लाभार्थी वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपने उद्यमों का विस्तार कर सकते हैं।

इस अवसर पर 6 सफल उद्यमियों गॉडविन लकड़ा, ओहामंती मिन्ज, मिथिलानी, पुनीत मिंज, विमाया और पुनम दीदी ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं, जिन्होंने अन्य प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के लिए कुल 215 उद्यमियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से स्क्रूटनी के बाद 100 उद्यमियों का चयन किया गया। समिति ने विभिन्न मानकों के आधार पर इन उद्यमियों का चयन किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान कर उनका पोषण करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें उद्यम निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के दिशा-निर्देश में यह कार्यक्रम युवाओं, महिलाओं एवं कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों को विशेष रूप से सशक्त करेगा।

मौके पर उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने सभी लाभार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं जेएसएलपीएस द्वारा चयनित 100 उद्यमियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "उद्यमिता आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त माध्यम है, और प्रशासन का लक्ष्य स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर रांची का निर्माण करना है। कार्यक्रम में जीएमडीआईसी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला समन्वयक, एलडीएम अजय अजीत कुमार, आरसेटी निदेशक, रूडसेटी निदेशक, प्रिया श्रुति, सृष्टि शंकर (नीति आयोग) तथा डीपीएम, रांची निशिकांत नीरज उपस्थित थे।

# यशस्वी ने लगाई लंबी छलांग



## टॉप 10 में दो खिलाड़ियों को रैंकिंग में नुकसान...

सीरीज खत्म होते ही टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया रवाना

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज समाप्त

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई दो टेस्ट मैचों की सीरीज खत्म हो गई है। सीरीज समाप्त होते ही उसके अगले ही दिन जहां एक ओर टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई है, वहीं आईसीसी ने नई रैंकिंग भी जारी कर दी है। वैसे तो इस बार टॉप 10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में ज्यादा कुछ बदलाव नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन भारत के यशस्वी जायसवाल ने जरूर लंबी छलांग मारी है। आईसीसी की ओर से जारी टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट अभी भी पहले नंबर के बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग इस वक्त 908 की चल रही है। इसके बाद दूसरे नंबर पर भी इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक का कब्जा है। उनकी रेटिंग अभी 868 चल रही है। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन की बात की जाए तो वे इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं और उनकी रेटिंग 950 की है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 816 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। यहां तक किसी भी खिलाड़ी की रेटिंग में कोई भी बदलाव देखने के लिए नहीं मिल रहा है।

### टेम्बा बावुमा और कामेंदु मेंडिस को नुकसान

यशस्वी जायसवाल के आगे जाने से साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा और श्रीलंका के कामेंदु मेंडिस को एक एक स्थान नीचे आना पड़ा है। टेम्बा बावुमा अब 790 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर चले गए हैं, वहीं कामेंदु मेंडिस भी एक स्थान नीचे आ गए हैं और वे इस वक्त 781 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत पहले की ही तरह नंबर आठ पर हैं। न्यूज़ीलैंड के डेरिल मिचेल 9 और इंग्लैंड के बेन डकेट दसवें नंबर पर काबिज हैं।

वहीं, इस बीच भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लंबी छलांग मारी है। अब दो स्थानों की छलांग के साथ यशस्वी जायसवाल नंबर 5 पर पहुचं गए हैं। यशस्वी जायसवाल की रेटिंग इस वक्त 791 की हो गई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में जायसवाल ने शतक लगाने का काम किया था। इसके बाद उनकी रेटिंग में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हालांकि दूसरी पारी में उनका बल्ला नहीं चल सका। आईसीसी ने इस बार जो रेटिंग जारी की है, वो 12 अक्टूबर तक अपडेट की गई है।

# कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा से पहली बार मिले शुभमन, कोहली ने ऐसा किया वेलकम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय टीम घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम करने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना हो गई है।

टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है, जिसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी। वहीं इस सीरीज के साथ ही वनडे में शुभमन गिल टीम इंडिया के कप्तान के तौर पर अपने करियर का आगाज करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब वनडे सीरीज के लिए स्क्वाड का ऐलान किया गया था तो उसमें रोहित शर्मा को जगह तो मिली लेकिन कप्तान के तौर पर शुभमन गिल को जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसके पीछे मुख्य चयनकर्ता ने साल 2027 के वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य कारण बताया। वहीं अब गिल और रोहित की ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले मुलाकात का वीडियो भी सामने आया है।



### कोहली से हुई गिल की टीम बस में मुलाकात

शुभमन गिल की विराट कोहली के साथ हुई मुलाकात का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों की मुलाकात ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए एयरपोर्ट रवाना होने के लिए टीम बस में हुई। गिल जब बस में चढ़े तो उस समय कोहली सबसे आगे ही बैठे हुए थे, इस दौरान गिल ने कोहली से हाथ मिलाया, जिसमें कोहली ने उन्हें शाबाशी भी दी। विराट कोहली को मैदान पर खेलते हुए देखने के लिए फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने भी अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मैच के तौर पर खेला था।

# हॉकी इंडिया की 100वीं वर्षगांठ पर झारखंड के 24 जिलों में महिला-पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 7 नवंबर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हॉकी इंडिया की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में जश्न की तैयारी जोरों पर है। इसी कड़ी में झारखंड के सभी 24 जिलों में 7 नवंबर 2025 को महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। हॉकी झारखंड से मान्यता प्राप्त सभी जिला इकाइयों के अध्यक्षों और सचिवों को इस संबंध में सूचना जारी की गई है। कार्यक्रम के तहत 7 नवंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रत्येक जिले में एक-एक महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए हॉकी इंडिया की ओर से सभी जिला इकाइयों को पांच-पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। आयोजन के पश्चात प्रत्येक जिला इकाई को प्रतियोगिता के फोटोग्राफ, बैनर और पोस्टर सहित संपूर्ण विवरण हॉकी झारखंड को भेजना होगा। साथ ही, सभी जिलों को अपने आयोजन स्थल, प्रतिभागी टीमों और खिलाड़ियों की सूची 19 अक्तूबर 2025 तक हॉकी झारखंड के ईमेल पर उपलब्ध करानी होगी। बताया गया है कि यह आयोजन न केवल हॉकी इंडिया की गौरवशाली विरासत को सम्मान देने का अवसर होगा, बल्कि राज्यभर में हॉकी खेल के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम बनेगा।

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास, 200 रनों से चटाई धूल, तोड़ा साउथ अफ्रीका का बहुत बड़ा रिकॉर्ड



**एजेंसी । नई दिल्ली**

### अबू धाबी में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत

- **अफगानिस्तान:** 200 रन बनाम बांग्लादेश (2025)
- **साउथ अफ्रीका:** 174 रन बनाम आयरलैंड (2024)
- **स्कॉटलैंड:** 150 रन बनाम अफगानिस्तान (2015)

अफगानिस्तान ने एक बार फिर वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश का तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। इसके साथ ही अफगान टीम ने लगातार 5वीं वनडे सीरीज जीतने का बड़ा कारनामा कर दिया। इससे पहले टीम ने आयरलैंड, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज अपने नाम की थी। हश्मतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में टीम ने 14 अक्टूबर को खेले गए तीसरे और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को 200 रन से हराकर इतिहास रच दिया। अफगानिस्तान की वनडे क्रिकेट में यह अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। साथ ही, यह अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत भी बन गई है।

इस तरह अफगान टीम ने साउथ अफ्रीका का रिकॉर्ड चकनाचूर कर दिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2024 में आयरलैंड को 174 रन से हराया था। इस मैदान पर अब तक 56 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 200 रनों से रौंदते हुए नया रिकॉर्ड बना दिया है।अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और मुश्किल पिच पर 293 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए इब्राहिम जादरान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 111 गेंदों में 95 रन बनाए।

### राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के तीन मसौदों पर खेल मंत्रालय ने जनता से मांगी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली ।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने मसौदा नियम के तीन सेट तैयार किए हैं, जिनके लिए जनता से प्रतिक्रिया मांगी है। इन तीन मसौदों के नाम हैं- राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियम और राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण) नियम। यह नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 को 11 अगस्त को लोकसभा में पारित किया गया था, जिसके बाद 12 अगस्त को राज्यसभा ने भी इसे पारित कर दिया था। 18 अगस्त को इसे राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 का उद्देश्य खेल निकायों के प्रशासन में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का समाधान करने के साथ भारत में खेलों के प्रशासन और संवर्धन के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करना है।

# हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने तमिलनाडु सरकार संग मिलकर विश्व कप तैयारियों का लिया जायजा



**एजेंसी । चेन्नई**

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने आज तमिलनाडु के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन से मुलाकात की और आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप तमिलनाडु 2025 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में तमिलनाडु सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अतुल्य मिश्रा, आईएएस, एसडीएटी के सदस्य सचिव एवं सीईओ श्री जे. मेघनाथ रेड्डी, आईएएस, और हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष थिरु शेखर जे. मनोहरन भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री भोला नाथ सिंह और थिरु शेखर जे. मनोहरन ने हॉकी इंडिया और एसडीएटी अधिकारियों के साथ एग्मोर स्थित मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और टूर्नामेंट से पूर्व की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान की स्थिति, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं और दर्शकों के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

महासचिव ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन में तमिलनाडु मेज़बानी के उच्चतम मानकों को स्थापित करे और खिलाड़ियों व दर्शकों दोनों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान किया जा सके।

### एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की तैयारियों का हॉकी इंडिया महासचिव ने लिया जायजा



**चेन्नई।** हॉकी इंडिया के महासचिव थिरु. भोलानाथ सिंह ने आज एग्मोर स्थित मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम का दौरा कर बहुप्रतीक्षित एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष थिरु. शेखर जे. मनोहरन तथा एसडीएटी के कार्यकारी अभियंता थिरु. पुष्पलिंगम मौजूद थे। महासचिव ने खेल मैदान, खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और दर्शकों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के लिए सभी तैयारियों को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# अमेरिकी टैरिफ बेअसर, ग्लोबल एजेंसियां बढ़ा रही भारत का जीडीपी वृद्धि दर अनुमान

**नई दिल्ली**




अप्रैल-जून तिमाही में निजी खपत के दम पर जीडीपी वृद्धि 7.8% दर्ज

वैश्विक अस्थिरता और यूएस टैरिफ के बावजूद भी दुनिया की बड़ी एजेंसियां भारत के जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ा रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती स्थिति को दिखाता है। भारत के जीडीपी अनुमान में ताजा बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से की गई। ग्लोबल एजेंसी द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की अर्थव्यवस्था वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 6.4 प्रतिशत था। आईएमएफ ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि वृद्धि दर में इजाफा पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन के कारण किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में, भारत कम से कम एक वर्ष में सबसे तेज गति से बढ़ा, मजबूत निजी खपत के दम पर जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई थी। सरकार द्वारा व्यापक जीएसटी सुधारों को लागू करने और उपभोक्ता वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर दरों में कमी के साथ, घरेलू मांग में और तेजी आने की उम्मीद है। इससे अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के कारण भारतीय वस्तुओं की बाहरी मांग पर पड़े नकारात्मक प्रभाव की भरपाई होने की उम्मीद है। बीते महीने अमेरिकी रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 26 के लिए अपने पूर्वानुमान को जून के 6.5 प्रतिशत से संशोधित कर 6.9 प्रतिशत कर दिया था। फिच ने रिपोर्ट में कहा कि भारत भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है और अगले तीन वर्षों में देश 6 प्रतिशत से ऊपर की विकास दर बनाए रखने में सक्षम है। एसएंडपी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग, जीएसटी सुधार और आयकर में बदलाव के कारण भारत की जीडीपी ग्रोथ इस वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद है। आरबीआई ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय गवर्नर ने कहा कि पहली तिमाही में जीडीपी में देखी गई तेजी बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी की विकास दर 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.2 प्रतिशत रह सकती है।

### भारत में कारों की बिक्री सितंबर में 4.4 प्रतिशत बढ़कर 3.72 लाख यूनिट्स से अधिक रही

**नई दिल्ली।** इस वर्ष सितंबर में मैन्युफैक्चरर्स से डीलरों तक कारों और एसयूवी सहित यात्री वाहनों की शिपमेंट 4.4 प्रतिशत बढ़कर 3,72,458 यूनिट्स रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 3,56,752 यूनिट्स था। इस महीने के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 7 प्रतिशत बढ़कर 21,60,889 यूनिट्स हो गई है, जबकि सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 20,25,993 यूनिट्स था। सितंबर में तिपहिया वाहनों की शिपमेंट 5.5 प्रतिशत बढ़कर 84,077 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 79,683 यूनिट्स थी। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने मीडिया को बताया, "22 सितंबर से महीने के केवल 9 दिनों के लिए नई जीएसटी दरें लागू होने के बावजूद, यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने सितंबर में अपनी अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की है।

### हुंडई मोटर इंडिया ने 2030 तक 45,000 करोड़ का निवेश बढ़ाने की योजना बनाई

**नई दिल्ली ।** हुंडई मोटर ने बुधवार को ऐलान किया है कि वह भारत में अपने लंबी अवधि के रोडमैप के तहत वित्त वर्ष 30 तक 45,000 करोड़ रुपए निवेश करेगी। कंपनी ने आधिकारिक बयान में कहा, उसका लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा बाजार बनाना है। अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान, हुंडई मोटर कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ जोस मुनोज ने कहा कि यह निवेश नए प्रोडक्ट लॉन्च, क्षमता विस्तार और अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) को सपोर्ट करेगा। मुनोज ने हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) के पहले इन्वेस्टर डे को संबोधित करते हुए कहा, "पिछले साल हमारे ऐतिहासिक आईपीओ और भारत में 30 वर्षों की सफलता के बाद, अब एचएमआईएल ने अगले चरण के विकास के लिए वित्त वर्ष 2030 तक 45,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है।

# भारतीय शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ बंद, रियल्टी स्टॉक्स में हुई खरीदारी

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,605.43 और निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,323.55 पर बंद हुआ।



बाजार में तेजी का नेतृत्व रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.67 प्रतिशत, निफ्टी आईटी 0.53 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.91 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 1.00 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी 0.99 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल (जोमैटो), अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, बीईएल, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक गेनर्स थे। टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप ने मजबूत प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 645.60 अंक या 1.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,970 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 147.90 अंक या 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,088.05 पर था। बाजार के जानकारों ने कहा कि दो दिनों की बिकवाली के बाद भारतीय शेयर बाजार में थोड़ी तेजी आई। इसकी वजह फेड चेयरमैन द्वारा ब्याज दरों पर नरम रुख अपनाना और मात्रात्मक सख्ती समाप्त करने पर विचार करने का जिक्र करना था। अमेरिका में 10 वर्षीय बॉन्ड की यील्ड में गिरावट आई, जबकि रुपए में वृद्धि हुई, जो एफआईआई के भारत जैसे उभरते बाजारों की ओर रुझान को दर्शाता है, जो छोटे अवधि से लेकर मध्यम अवधि में घरेलू बाजार की दिशा तय कर सकता है।

# रेलवे ने वंदे भारत स्लीपर की अपर बर्थ तक आसान पहुंच के लिए सीढ़ी बदली

**एजेंसी । नई दिल्ली**



नई वंदे भारत स्लीपर में अपर बर्थ काफी आरामदायक होगा और सभी आयु वर्ग के लोग आसानी से इस तक पहुंच पाएंगे। यह जानकारी काइनेट में वंदे भारत प्रोजेक्ट के निदेशक निशुंक गर्ग ने बुधवार को दी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए निशुंक गर्ग ने बताया कि आमतौर यात्रियों के मन में धारणा होती है कि अपर बर्थ आरामदायक नहीं होता है और इस तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी चीज को ध्यान में रखते हुए, हमने नई वंदे भारत स्लीपर को डिजाइन किया है। उन्होंने आगे बताया कि इसमें अपर बर्थ तक पहुंचने वाली सीढ़ी को इस तरीके से डिजाइन किया गया है कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए यह आरामदायक हो। गर्ग ने बताया कि पहली ही ट्रेन से ही यह फीचर सभी यात्रियों को देखने को मिलेगा और हमारा लक्ष्य अगले साल पहली ट्रेन डिलीवर करना है, जिस पर हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। काइनेट में वंदे भारत प्रोजेक्ट के चीफ डिजाइनर एवगेनी मास्लोव ने कहा कि हमारे डिजाइन का लक्ष्य एक नेक्स्ट लेवल की आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। हमारा मानना है कि वंदे भारत वास्तव में देश के लिए एक काफी महत्वपूर्व प्रोजेक्ट है और हमने यहां पर वंदे भारत को लेकर अपना विजन दिखाया है और बताया कि वंदे भारत भविष्य में कैसी दिखेगी। काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस, रूस की सबसे बड़ी रोलिंग स्टॉक निर्माता कंपनी सीजेएससी ट्रांसमाशहोल्डिंग और भारत की सरकारी कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के बीच एक ज्वाइंट वेंचर है।

# भारत का नेशनल एआई इकोसिस्टम फाइनेंस सेक्टर में प्रवेश की बाधाओं को कम करने में सहायक : रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नेशनल एआई इकोसिस्टम बनाने के केंद्र सरकार के प्रयासों से वित्तीय सेवाओं में बड़े प्लेयर्स के



अलावा छोटे प्लेयर्स के लिए भी एआई रिसोर्सेज सुलभ हो जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। बिजनेस कंसल्टेंसी फर्म ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बदलाव का मतलब होगा कि कंपनियों को अपने सिस्टम को इन प्लेटफॉर्म के साथ सक्रिय रूप से जोड़ना होगा और उन्हें डेटासेट के साथ-साथ मॉडल भी प्रदान करने होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडियाएआई मिशन, एआई कोष, डीपीडीपी एक्ट और सीईआरटी-इन के साइबर सुरक्षा अधिदेश कंप्यूट, डेटासेट, डेटा प्रोटेक्शन और डिजिटल रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं, जिस पर अब वित्तीय संस्थान सवार हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय संस्थानों को चार संरचनात्मक चुनौतियों डेटा की गुणवत्ता, इंफ्रास्ट्रक्चर गैप्स, प्रतिभा की कमी और नियामक अस्पष्टता का सामना करना पड़ता है।